वर्ष- 11 अंक-306
लखनऊ, बुधवार 26 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यूपी के पांचों डिफेंस कॉरिडोर को पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी 03

कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर राजनीति के इतिहास पर लगाया कलंक : नड्डा 12


### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कहा

# पेपर लीक किया तो होगा आजीवन कारावास

**सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने एक और अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई है।

इस अध्यादेश के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सजा के कड़े प्राविधान सम्मिलित किए गए हैं, जिनमें 2 साल से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है और अब इस अध्यादेश को इसी क्रम में एक और बड़ा कदम माना जा रहा है।



कैबिनेट की बैठक में 43 प्रस्तावों को मंजूरी

लोकभवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने मंजूर किए गए प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। वित्त मंत्री ने बताया कि पेपर लीक के संबंध में मंत्रिपरिषद के द्वारा अध्यादेश के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है, जिसमें यदि कोई संस्था या उससे जुड़े लोग पकड़े जाएंगे तो उन्हें 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्राविधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था भी इसमें सम्मिलित हैं। यह अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमितीकरण या पदोन्नती करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके अंतर्गत फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना इत्यादि दंडनीय अपराध बनाए गए हैं। अधिनियम के प्राविधानों के उल्लंघन पर अध्यादेश के अंतर्गत दोषियों को 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा, जबकि एक करोड़ रुपए के जुर्माने का प्राविधान किया गया है।

**सॉल्वर गिरोह से होगी नुकसान की भरपाई**

यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार को सॉल्वर गिरोह से वसूलने तथा परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली संस्था तथा सेवा प्रदाताओं को सदैव के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्राविधान किया गया है। अधिनियम में अपराध की दशा में संपत्ति की कुर्की भी प्राविधानित की गई है। इसके तहत समस्त अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के संबंध में भी कठोर प्राविधान किए गए हैं। वर्तमान में विधानसभा का सत्र न होने के कारण बिल के स्थान पर अध्यादेश का प्रस्ताव किया गया है। मंत्रिपरिषद के द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद अध्यादेश की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा और इसके बाद इसे लागू किया जाएगा।

**तीन विकास प्राधिकरणों का किया गया सीमा विस्तार**

योगी सरकार ने वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद विकासा प्राधिकरणों के विस्तार के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत इन विकास प्राधिकरणों में कई राजस्व गांवों को सम्मिलित किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि तीन प्राधिकरणों के सीमा विस्तार का भी निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण में 215 राजस्व गांव सम्मिलित किए गए हैं। वहीं बरेली विकास प्राधिकरण में भी 35 राजस्व गांव शामिल किए गए हैं। इसी तरह मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में 71 राजस्व गांवों को सम्मिलित किया गया है।

**अयोध्या में टाटा संस बनाएगा भारतीय मंदिर संग्रहालय**

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इसके माध्यम से टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपए खर्च करेगा। यह संग्रहाल विश्वस्तरीय होगा। उन्होंने बताया कि टाटा संस द्वारा एक प्रस्ताव भारत सरकार के माध्यम से प्राप्त हुआ था,जिसमें सीएसआर फंड से 650 करोड़ की लागत से वो एक विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहलाय बनाने का कार्य करेंगे। 650 करोड़ के साथ-साथ साइड के डेवलपमेंट में 100 करोड़ रुपए खर्च करेंगे। कुल मिलाकर 750 करोड़ रुपए से भारतीय मंदिर संग्रहालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इस मंदिर संग्रहालय के निर्माण का कार्य टाटा संस करेगा जबकि जमीन पर्यटन विभाग द्वारा एक रुपए की लीज पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह लीज 90+90 वर्ष के लिए होगी।

## भाजपा के बिरला व कांग्रेस से के. सुरेश ने दाखिल किया नामांकन पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अट्ठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ओम बिरला और कांग्रेस के के. सुरेश ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इंडिया समूह ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले इंडिया समूह को लोकसभा उपाध्यक्ष पद देने का वादा कर सबके सहयोग से सरकार चलाने की बात की थी लेकिन अब वह उपाध्यक्ष पद भी विपक्षी गठबंधन को देने को तैयार नहीं है। इसलिए विपक्षी गठबंधन ने लोकसभा अध्यक्ष के लिए अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्री मोदी पर आरोप लगाया है कि वह सबके साथ चलकर सहमति की बात करते हैं लेकिन उनके काम इसके ठीक विपरीत होते हैं। उन्होंने कहा देश भविष्य की ओर देख रहा है, आप अपनी कमियां छिपाने के लिए अतीत को ही कुरेदते रहते हैं। पिछले 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों को आपने जो अघोषित आपातकाल का आभास करवाया उसने लोकतंत्र और संविधान को गहरा आघात पहुँचाया है।



**लोकसभा की कार्यवाही स्थगित आज होगा अध्यक्ष का चुनाव**

**नई दिल्ली।** लोक सभा की कार्यवाही मंगलवार शाम नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के बाद बुधवार 11 सुबह बजे तक के लिए स्थगित हो गई। कल के बाद से राज्यवार सदस्यों ने शपथ ली। शपथ के बाद प्रोटेम स्पीकर की ओर से कार्यवाही को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में बुधवार को नए अध्यक्ष पद का चुनाव होगा। इसी बीच राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी पार्टी सदस्यों को व्हिप जारी करने शुरू कर दिए हैं। लोक सभा में बुधवार को अध्यक्ष के चुने जाने के बाद गुरुवार को राष्ट्रपति का दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण होगा। इसके बाद शुक्रवार से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी।

## संक्षिप्त समाचार

**ईडी ने जमीन कारोबारी कमलेश को भेजा समन**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को मंगलवार को समन भेजा है। रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में 28 जून को उपस्थित होने को कहा है। जमीन करोबारी शेखर कुशवाहा की निशानदेही पर ईडी ने 21 जून को कमलेश के कांके रोड स्थित एस्ट्रो ग्रीन फ्लैट पर छापेमारी की थी। छापेमारी में एक करोड़ नकदी और 100 कारतूस बरामद किये थे। शेखर ने पूछताछ के दौरान ईडी के अधिकारियों के सामने स्वीकार किया था कि उसने रांची के ही एक अन्य जमीन कारोबारी कमलेश के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज की मदद से कांके रोड स्थित कई प्लॉट की खरीद-बिक्री की थी।

**एयर इंडिया फ्लाइट में बम होने की मिली धमकी**

**कोच्चि।** महाराष्ट्र के मुंबई स्थित एयर इंडिया के कॉल सेंटर को सोमवार मध्यरात्रि के बाद कोचीन (सीओके) से लंदन गैटविक (एलजीडब्ल्यू) के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान संख्या एआई 149 में बम रखे होने की धमकी मिली। कोचीन में एयर इंडिया और कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) को रात 1.22 बजे अलर्ट के बारे में सूचित किया गया। हवाईअड्डा सुरक्षा समूह (एएसजी-सीआईएसएफ), एयरलाइन सुरक्षा कर्मियों और इन-लाइन बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम द्वारा गहन सुरक्षा जांच की गई। उस शख्स की पहचान करने का प्रयास किया गया, जिसने मुंबई कॉल सेंटर को कॉल करके बम रखे होने की सूचना दी थी। जांच से पता चला कि कॉल कोंडोट्टी मलप्पुरम के मूल निवासी सुहैब (29) ने की थी, जो एआई 149 में लंदन की यात्रा करने वाला था।

**तीन सहायक अभियंताओं को तीन-तीन साल की सजा**

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के विशिष्ट न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण मामलात ने चौबीस वर्ष पूर्व जलदाय विभाग में समान की खरीद-फरोख्त में लाखों का घोटाला करने मामले में तीन सहायक अभियन्ताओं एवं दो ठेकेदारों को तीन-तीन वर्षों की सजा सुनायी है। विशिष्ट लोक अभियोजक शारदा गोयल ने बताया कि वर्ष 2000 में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग में समान की खरीद में लाखों रुपये के घोटाले से जुड़े एक मामले का निस्तारण करते हुये मंगलवार को विद्वान न्यायाधीश अरूण कुमार बेरीवाल ने सहायक अभियन्ता शिवनारायण पोटर, हरलाल सिंह विकास नगर मथुरा गेट, भरतपुर, गिर्राज प्रसाद तथा ठेकेदार अभिषेक शर्मा और अतुल प्रसाद राजेन्द्र नगर दिल्ली को भ्रष्टाचार की धारा 13, 1 डी 1 में तीन साल की सजा एवं 20,000 रुपये जुर्माना, धारा 120बी में तीन साल की सजा एवं 10,000 रुपये के दण्ड से दण्डित किया गया है, जबकि स्टोर कीपर सतीश अग्रवाल को दोषी नहीं पाये जाने पर बरी कर दिया गया है।

### अगले हफ्ते होगी नीट-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-पीजी परीक्षा की तारीख की घोषणा अगले हफ्ते की जा सकती है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज के अध्यक्ष अभिजात सेठ ने मंगलवार को बताया कि परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार जल्द से जल्द एसओपी और प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रही है। आने वाले हफ्ते में परीक्षा की नई तारीख की घोषणा की जाएगी। एनबीईएमएस के अध्यक्ष अभिजात ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले सात वर्षों से हमने अब तक सफलतापूर्वक नीट पीजी परीक्षा आयोजित की है। हाल की घटनाओं के कारण ऐसा हुआ है कि छात्रों में परीक्षाओं को लेकर बहुत सारी चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं।

## कई जिलों के जिलाधिकारी समेत आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को देर शाम कई जिलों के जिलाधिकारी और आठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। तबादले के क्रम में अनुज कुमार सिंह को जिलाधिकारी मुरादाबाद, अभिषेक आनंद जिलाधिकारी सीतापुर, मेधा रूपम कासगंज, मनीष बंसल सहारनपुर और राजेन्द्र पैसिया संभल के नए जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

अजय द्वीवेदी को श्रावस्ती का जिलाधिकारी बनाया गया है। रवीश गुप्ता बस्ती और नागेन्द्र सिंह बांदा के जिलाधिकारी बनाए गए हैं। इसके साथ ही मानवेन्द्र सिंह को विशेष सचिव आयुष और आंद्रा वामसी को विशेष सचिव स्टाम्प एवं पंजीयन के पद पर नयी तैनाती दी गयी है। इसी तरह आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं।

इनमे सतपाल को मुरादाबाद का एसएसपी, अनुराग आर्या को बरेली का एसएसपी, विपिन टाडा को मेरठ का एसएसपी, रोहित सिंह साजवान को सहारनपुर का नया एसएसपी बनाया गया है। वही, आदित्य लाँगेह को चंदौली, हेमराज मीना को आज़मगढ़ और अनिल कुमार को प्रतापगढ़ का नया पुलिस कप्तान बनाया है। बरेली के एसएसपी रहे सुशील चंद्र भान को एसटीएफ की जिम्मेदारी मिली है।

### केजरीवाल को हाईकोर्ट ने नहीं दी जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विशेष अदालत से मिली 20 जून को मिली जमानत निलंबित करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, ईडी की ओर से दायर आवेदन को स्वीकार किया जाता है, आदेश (विशेष अदालत के जमानत आदेश) पर रोक लगाई जाती है। एकल पीठ ने कहा कि अवकाशकालीन (विशेष अदालत) न्यायाधीश ने शराब नीति कथित घोटाला मामले में रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर उचित रूप से विचार नहीं किया।

## बच्चों की आंखों की होगी जांच, मिलेंगे चश्में

**प्रदेश भर के प्राइमरी स्कूलों में एक जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्राइमरी स्कूलों में कमजोर नजर वाले बच्चों की आंखों की जांच कराकर उन्हें चश्में दिये जायेंगे। जो अन्य दिव्यांगों को उनके प्रमाण पत्र के साथ सहायक उपकरण दिए जाएंगे। प्रदेश भर के प्राइमरी स्कूलों में पहली जुलाई से इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान आगामी 31 अगस्त तक लगातार चलेगा।

बेसिक शिक्षा विभाग यह कार्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कराएगा। इसके तहत अलग-अलग तिथियों व दिनों में स्कूलों में चिकित्सा कैम्प लगाये जायेंगे जिनमें विशेषज्ञ चिकित्सक बच्चों के स्वास्थ्य एवं दिव्यांगता की जांचें करेंगे।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने प्रदेश के बीएसए के नाम सर्कुलर जारी कर दिया है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में 12 मार्च 2024 को किये गये संशोधन के अनुसार जो निर्देश जारी किये गये हैं उसे लागू करने के लिए तय तिथि से पहले अपने जिलों में इसकी तैयारी कर लें। अभियान के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जो स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

**प्राइमरी स्कूलों में फिर होंगी सत्र परीक्षाएं**

**लखनऊ।** नए शैक्षिक सत्र से प्राइमरी स्कूलों में फिर से सत्रीय परीक्षाएं शुरू होंगी। ये सत्रीय परीक्षाएं अगस्त व दिसंबर में होंगी। वहीं अक्टूबर में अर्द्धवार्षिक और मार्च में वार्षिक परीक्षाएं होंगी। तीन वर्ष पूर्व कोरोना महामारी के कारण सत्रीय परीक्षाओं पर रोक लगा दी गई थी। ऐसे में सिर्फ दो बार ही मूल्यांकन हो पा रहा था। बेसिक शिक्षा विभाग अब फिर से दोनों सत्रीय परीक्षाएं शुरू कराने जा रहा है। अब परिषदीय स्कूलों के छात्रों का साल भर में चार बार मूल्यांकन होगा। वर्ष 2024-25 के शैक्षिक कैलेण्डर में दोनों सत्रीय परीक्षाओं को फिर से शामिल कर लिया गया है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी कर कर दिए हैं।

## देश में आपातकाल लगाने वाले संविधान के प्रति न जताएं प्रेम : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नीत इंडिया समूह के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ देश के संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाये जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में कांग्रेस पर 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाये गये आपातकाल के



लिए हमला बोला। आपातकाल को 'काले दिन' के रूप में याद करते हुए उन्होंने कहा, यह दिन हमें याद दिलाएगा कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को रौंद दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। उन्होंने कहा, जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब देश आज 25 जून को आपातकाल लागू होने की 49 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। कांग्रेस से असहमत होने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रताड़ित और परेशान किया जाता था।

### बांग्लादेशी आतंकी मॉड्यूल का एक और आतंकी हावड़ा स्टेशन से गिरफ्तार

**कोलकाता।** बांग्लादेश के प्रतिबंधित आतंकी संगठन शहादत मॉड्यूल के एक और सदस्य को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। वह बंगाल छोड़कर भागने की फिराक में है, लेकिन एसटीएफ की टीम ने लोकल थाने की मदद से उसे हावड़ा स्टेशन के पास घेरकर धर दबोचा। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी का नाम हारिज शेख है, जो नदिया जिले के मायापुर का रहने वाला है। शनिवार को पश्चिम बर्दवान के कांकसा इलाके से मोहम्मद हबीबुल्लाह नाम के एक आतंकवादी को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था।

## उत्तर प्रदेश में एमएलसी सीट के लिए नामांकन शुरू, 12 को होगी वोटिंग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में विधान परिषद सदस्य की एक रिक्त सीट पर आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। दो जुलाई तक नामांकन पत्र भरे जायेंगे। तीन जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि पांच जुलाई तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। वोटिंग 12 जुलाई को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगी। वोटों की गिनती शाम पांच बजे से होगी।

गौरतलब है कि विधान परिषद की ये सीट स्वामी प्रसाद मौर्य के समाजवादी पार्टी और एमएलसी पद से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई थी। इस चुनाव में उत्तर प्रदेश के विधानसभा

**इस सीट पर भाजपा की जीत के आसार काफी प्रबल**

सदस्य ही मतदान कर सकते हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार इस सीट पर भाजपा की जीत के आसार काफी प्रबल हैं। यूपी विधानसभा में बीजेपी के अकेले 249 विधायक हैं, जबकि सपा के 103 विधायक हैं। वहीं भाजपा की सहयोगी अपना दल सोनेलाल के 13, रालोद के 8, निषाद पार्टी के 5 और सुभासपा के 7 सदस्य हैं। जबकि समाजवादी पार्टी की सहयोगी कांग्रेस के मात्र 2 विधायक हैं। ऐसे में इस उपचुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित दिखाई दे रही है।

### पीएचईडी के 826 करोड़ के 350 ठेके रद्द

**पटना।** बिहार की वर्तमान राजग नीत नीतीश सरकार ने लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में 826 करोड़ के 350 ठेकों को रद्द कर दिया है, जो राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति के लिए पिछली राजद के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार के दौरान दिए गए थे। विभागीय जांच में पता चला कि 826 करोड़ रुपये के 350 ठेके देने में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। ये ग्रामीण जल आपूर्ति से संबंधित थे, जिसमें हैंडपंप और मिनी जल आपूर्ति प्रणालियों की स्थापना शामिल थी। राज्य सरकार में पीएचईडी मंत्री नीरज सिंह ने कहा कि विभाग ने गहन जांच के लिए प्रारंभिक जांच रिपोर्ट राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी को सौंप दी है।

## यूपी पुलिस को मिले 148 आरक्षी विभिन्न जिलों में होंगे नियुक्त

समृद्धि न्यूज

**गाजियाबाद।** 41वीं वाहिनी पीएसी में भव्य दीक्षांत परेड समारोह मंगलवार को सम्पन्न हुआ। इसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की 148 आरक्षी (सिविल) मिल गए। इनकी नियुक्ति विभिन्न जिलों में होगी। जिलाधिकारी इन्द्रविक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। समारोह में जिलाधिकारी ने रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गरिमा की शपथ दिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह 41वीं वाहिनी पीएसी की सेनानायक शालिनी के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने परेड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परेड कमाण्डरों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर किया




सम्मानित किया। शालिनी ने बताया कि उप्र नागरिक पुलिस जवानों का प्रशिक्षण माह- दिसंबर 2023 से इस वाहिनी में चल रहा था। छहः माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर उप्र नागरिक पुलिस को 148 जवान मिले जो उप्र की विभिन्न जिलों में नियुक्त होंगे। आन्तरिक, बाह्य एवं परेड कमांडरों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोहित को सर्वांग सर्वोत्तम, बादल को आंतरिक विषय, अजीत सिंह को बाह्य विषय में प्रथम खिताब प्राप्त किया।

**सफलता** — सिविल अस्पताल ने फिर मनवाया अपनी उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं का लोहा

## डॉक्टर्स ने गंभीर ट्यूमर को ऑपरेट कर बुजुर्ग को दिया जीवन

**आठ वर्षों से दाहिने हाथ में गंभीर ट्यूमर से ग्रसित थे सीतापुर के अशोक**

विकास तिवारी

**लखनऊ।** राजधानी की हृदयस्थली हजरतगंज में स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अस्पताल के प्रमुख सर्जनों में से एक डॉ. आनन्द मिश्रा ने 65 वर्षीय अशोक दीक्षित के जीवन को एक नई दिशा दी है। वह पिछले आठ वर्षों से अपने दाहिने हाथ में एक गंभीर ट्यूमर के साथ जीवन जी रहे थे। यह ट्यूमर



किसी नासूर से कम नहीं था जिसने उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को बेहाल बना दिया था। सीतापुर जिले के 65 वर्षीय अशोक दीक्षित का ट्यूमर खून की नलियों से चिपक गया था, जिसके कारण उनके हाथ की हरकत में भी समस्या होने लगी थी। यह ट्यूमर करीब डेढ़ किलो वजन का हो चुका था। खून की नलियां दबने के कारण हाथ में न सिर्फ असहनीय दर्द हो रहा था बल्कि हांथ कमजोर भी हो गया था। सिविल अस्पताल के सर्जन डॉ. आनन्द ने बताया कि यह ऑपरेशन न केवल चिकित्सा के दृष्टिकोण से बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण था।

एमआरआई समेत कई जांचों में सामने आया कि ट्यूमर खून की नलियों को डैमेज कर रहा है। ऐसे में इसे जल्द से जल्द ऑपरेट करना जितना जरूरी था उतना ही जरूरी था मरीज के हांथ को नुकसान न पहुंचे, क्योंकि इसे निकालने के दौरान जरा सी भी लापरवाही हाथ को पूरी तरह से खराब कर सकती थी। ऑपरेशन के दौरान सबसे बड़ी चुनौती खून की नलियों को नुकसान पहुंचाए बिना ट्यूमर को निकालना था। थोड़ी सी भी गलती नस कटने का कारण बन सकती थी, जिससे पूरा हाथ खराब हो सकता था। लेकिन डॉक्टर आनंद मिश्रा और उनकी टीम ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। सर्जरी के पश्चात, अशोक दीक्षित का हाथ पूरी तरह स्वस्थ है। वह न सिर्फ काम कर रहा है बल्कि डॉक्टरों के मुताबिक जल्द ही उनकी रोजमर्रा की जिंदगी भी सामान्य हो जायेगी। ऑपरेशन की सफलता की खबर से अशोक दीक्षित और उनके परिजनों के चेहरे खिल उठे। इतने सालों की पीड़ा और दर्द के बाद, अब वे सामान्य जीवन जी सकेंगे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल और डॉक्टर आनंद मिश्रा की टीम के प्रति परिजनों ने आभार व्यक्त किया।

**डॉ आंनद व उनकी टीम पहले भी कर चुके हैं सफल ऑपरेशन**

श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के सर्जन लगातार ऐसे ऑपरेशन कर मरीजों को नया जीवन दे रहे हैं। इससे पहले भी आनन्द मिश्रा और उनकी टीम ने एक महिला ऊषा के पेट से 8 किलो के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया था। महिला के पेट में 2 साल से 8 किलो का ट्यूमर था जिससे उसका हीमोग्लोबिन घटकर सिर्फ तीन बचा था।

# बरसात में न हो जलभराव, नपा अध्यक्ष ने कराई नालों की सफाई

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



गोला गोकर्णनाथ में नगर पालिका परिषद द्वारा बरसात में जल भराव की समस्या को लेकर वृहद स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। बता दें नगर में विकास को लेकर तो कई कार्य किए, गए लेकिन अब जल निकासी की समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने कमर कस ली है। बरसात के महीने में जल भराव की स्थिति विकराल रूप ले लेती थी और चंद मिनट की बरसात में ही नगर की सड़क तालाब का रूप ले लेती थी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के द्वारा वर्षा के कारण होने वाली समस्या को संज्ञान में लिया गया और नगर की प्रमुख सड़के जिसमें मोहम्मदी रोड, खुटार रोड, अलीगंज रोड, लखीमपुर रोड समेत अन्य लिंक मार्गो के किनारे बने नालों की साफ सफाई शुरू करवा दी गई है। साफ सफाई के समय नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने स्वयं मौका मुआयना कर कर्मचारियों को संबंधित दिशा निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि बरसात के समय जल भराव नगर की बहुत बड़ी समस्या है,नगर वासियों को बरसात के मौसम में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा नालों की तली झाड़ सफाई कराई जा रही है। नगर के मोहम्मदी रोड पर नालों की सफाई विधिवत रूप से हो रही है। इस कार्य का परीक्षण भी मेरी निगरानी में किया जा रहा है।

## बरसात शुरू होते ही बनने लगी जलभराव की स्थिति



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड की ग्राम पंचायत परसेहरा में बरसात होने के पूर्व ही रास्तों पर जल भराव जैसी स्थिति बनी हुई है। ग्राम प्रधान हनीफा खातून पत्नी बिलाल अली द्वारा अभी तक उस रास्ते की ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया है। उक्त रास्ते पर अंजनी कुमार मिश्रा तथा शिवसागर गुप्ता व प्रेम कुमार के घरो का खुला पानी संचालित हो रहा हैं। जिससे राहगीरों निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचारी रोग अभियान 1 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है किंतु ग्राम पंचायत परसेहरा में रास्ते पर बज बजती नालियां संचारी रोग को बढ़ावा दे रही हैं। इस रास्ते के निर्माण के लिए बृजेंद्र कुमार दीक्षित द्वारा कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया था ,निवर्तमान खंड विकास अधिकारी चंदन देव पांडे के साथ उपजिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय एवं ग्रामपंचायत अधिकारी धीरेंद्र वर्मा द्वारा उक्त रास्ते का निरीक्षण भी किया गया था। रास्ते के निर्माण तथा नाली निर्माण के निर्देश भी जारी किए गए थे ,किंतु प्रधान की हठ धर्मिता के कारण आज तक रास्ते का निर्माण नहीं हो पाया है जिससे ग्रामीणों में रोष है।



## दुधवा टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र समाप्त

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति दिनांक 15.11.2023 को दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, किशनपुर वन्य जीव विहार एवं कर्तनियांघाट वन्य जीव विहार में पर्यटन सत्र का शुभारम्भ हुआ था।

उच्च स्तर से दुधवा टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र हेतु समयावधि विस्तार करते हुए 15 जून के स्थान पर 25 जून को बन्द करने का निर्णय लिया गया, जिसके क्रम में दिनांक 25.06.2024 को दुधवा टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिये बन्द कर दिया गया। दुधवा टाइगर रिजर्व में पिछले पर्यटन सत्र में कुल 41815 भारतीय पर्यटक एवं 137 विदेशी पर्यटक कुल 41952 पर्यटक आये, वहीं इस पर्यटन सत्र में 64401 भारतीय पर्यटक एवं 352 विदेशी पर्यटक कुल 64753 पर्यटक आये। इस पर्यटन सत्र में पर्यटकों को अन्य वन्य जीवों के साथ-साथ बाघ की बहुत अच्छी साइटिंग हुयी। पर्यटकों द्वारा पर्यटन परिसर में कराये गये कार्यों एवं उपलब्ध सुविधाओ की भी सराहना की गयी।

# पुलिस-एसएसबी ने की इंडो-नेपाल बॉर्डर पर आउटपोस्ट बनाने की पहल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा एसएसबी, नेपाल पुलिस व वन विभाग के साथ इण्डो-नेपाल बॉर्डर स्थित केमा बैरियर ब्रिज पर किया गया? भ्रमण व एकीकृत कवच आउटपोस्ट बनाने की पहल की गई। इण्डो-नेपाल बॉर्डर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम के लिए निरंतर बॉर्डर की निगरानी की जा रही है। इण्डो-नेपाल बॉर्डर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट, वन विभाग की टीम तथा नेपाल की एपीएफ फोर्स , क्षेत्राधिकारी पलिया व थाना प्रभारी सम्पूर्णानगर निराला तिवारी तथा पुलिस बल के साथ नेपाल राष्ट्र के मार्ग पर स्थित के केमा बैरियर आजाद नगर घोला का भ्रमण किया गया तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि व नेपाली वासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा केमा बैरियर भारत-नेपाल बॉर्डर के मार्गों पर स्थापित बैरियर व नाका पर सघन चेकिंग अभियान निरंतर चलाकर भारत नेपाल राष्ट्र की सीमा को जोड़ने वाले अन्य मार्गों पगडंडी, कच्चे व पक्के रास्तों पर अवैध रूप से तस्करी करने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जनपद लखीमपुर में भारत-नेपाल की सीमा 120 किलोमीटर के परिक्षेत्र में है जिसके अंतर्गत जनपद के चार थाने गौरीफंटा ,चंदन चौकी, तिकुनियां व संपूर्णानगर आते हैं ,बॉर्डर की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक खीरी ने कवच सेल का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत सीमा सुरक्षा के लिए अतिरिक्त 16 कवच आउटपोस्ट बनाए गए हैं जिन पर उप निरीक्षक रैंक के पुलिस अधिकारी को कवच आउट पोस्ट के प्रभारी के रूप में नियुक्त की गई है साथ ही साथ सिपाहियों की पोस्टिंग भी की गई है जिनके द्वारा लगातार सीमा पर निगरानी करते हुए अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाई जा रही है इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा केमा बैरियर ब्रिज पर एकीकृत कवच आउटपोस्ट बनाए जाने के लिए वन विभाग, नेपाल पुलिस, एसएसबी से समन्वय स्थापित करते हुए पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक के भ्रमण के दौरान एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट खेमराज 39 बटालियन पलिया, क्षेत्राधिकारी पलिया यादवेंद्र यादव, वन दरोगा गरीबन लाल व नेपाल राष्ट्र की पुलिस, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला सदस्य चोरी में गिरफ्तार

- जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा हरजीओ सिंह ने कही निष्कासित की बात
- आए दिन क्षेत्रीय विधायक व अन्य बड़े भाजपा पदाधिकारियों के साथ की आजम खां की फोटो होती है वायरल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के मोहम्मदी निवासी जिला सदस्य आजम खां को शाहजहांपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बता दे नोटों की गड्डियां सहित लाखों रुपए और आर्टिफिशियल पीली धातु के सिक्के सहित कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के ग्राम रसूलपुर निवासी आजम पुत्र महबूब को शाहजहांपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आजम खान भारतीय जनता पार्टी के गोला विधानसभा उपचुनाव हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सदस्य बनाए गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आजम खा अपने आप को भाजपा के शीर्ष नेताओं का करीबी बताता है। आए दिन क्षेत्रीय विधायक व अन्य बड़े भाजपा पदाधिकारियो के साथ की आजम खां की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होती है आसाअश्र रहती हैं। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हर जीओ सिंह धारीवाल ने बताया कि निष्क्रिय होने के कारण आजम खां को लोकसभा चुनाव से पूर्व निष्कासित कर दिया गया था।

## बाथरूम मे लटकता मिला युवक का शव हड़कंप

**गोला गोकर्णनाथ खीरी , समृद्धि न्यूज।** थाना गोला के नानक चौकी क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदी रोड स्थित जामा मस्जिद के सामने एक युवक का शब्द लटकता हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदी रोड स्थित जामा मस्जिद के सामने मानवेंद्र सिंह उर्फ़ शेरू पुत्र स्वः सुशील सिंह उम्र 40 रहने वाले चट्टीया ग्राम का कमरे मे बने बाथरूम के दरवाजे मे गमछा से लटकता हुआ मिला। परिवारजनों मे एक छोटा भाई शिवेंद्र सिंह संग पत्नी व एक बच्चा रहते है। ऊपर मृतक के चाचा देवनारायण सिंह अपनी फैमिली के साथ रहते है। पुलिस के पहुँचने से पहले ही मृतक के भाई व पत्नी ने गमछा को काट कर नीचे उतार दिया था। मृतक की अभी तक शादी नहीं हुई थी, परिवार मे अकेला रहता था। माता पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। सूत्रों की जानकरी के अनुसार जगह जमीन को लेकर भी विवाद बताया जा रहा है। मृतक ने जिस जगह फंदा लगाया था उस जगह से ऊचाई महज चार फिट ही रही होंगी। कई सवालो के जवाब को लेकर थाना गोला के नानक चौकी इंचार्ज योगेश कुमार ने पूँछ तांछ शुरू कर दी फिलहाल मृतक के चाचा ने तहरीर दी है। शव को पुलिस ने कब्जे मे लेकर जिला मुख्यालय पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## खबरें एक नजर में

### ओडीओपी में प्रशिक्षण लेने के लिए करें आवेदन सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही होंगे मान्य



**लखीमपुर खीरी।** एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम के तहत दक्षता, कौशल विकास, उद्यमिता विकास प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना संचालित है। योजनान्तर्गत गुड उत्पाद एवं जनजातीय शिल्प (थारू कपट) से सम्बन्धित 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन बेबसाइट पर यथा ट्रेड-गुड उत्पाद एवं जनजातीय शिल्प (थारू काफ्ट) से सम्बन्धित कारीगरों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 05 जुलाई तक निर्धारित हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आवेदन ऑनलाईन ही मान्य होगा। आफलाईन आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, लखीमपुर-खीरी से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### पिकअप से स्टेपनी चोरी

**जंगबहादुरगंज खीरी।** कस्बा की सरकारी बाजार में मकान के आगे खड़ी पिकअप से एक व्यापारी की स्टेपनी अज्ञात चोर खोल ले गए है । चोरी की सूचना पीड़ित ने जंगबहादुरगंज चौकी पुलिस को दे दी है । कस्बा व्यापारी रोहित गुप्ता ने बताया कि हाइवे के किनारे ही उसका पुराना मकान है , जहां परिवार के लोग रहते भी है। वही मकान के सामने रोजाना की भांति पिकअप खड़ी करके रात 10 बजे घर चला गया । वही महज 50 मीटर दूर पर चौराहे पर पुलिस पिकेट भी है। लगातार चोरियां होने से लोगो मे भय का माहौल बनता जा रहा है। पास के गाँव बददापुर मे हाल ही में तीन चोरियां हो चुकी है। अब जंगबहादुरगंज कस्बे में भी चोर ने पुलिस गश्त पर प्रश्नचिन्ह लगाना शुरू कर दिया है।

### ट्रक व कार की भिड़ंत में कार सवार घायल

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** सजेती थाना क्षेत्र के आनूपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक व कार की आमने-सामने जोरदार भिडंत हो गई। घटना में कार में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी घाटमपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा घायल का उपचार कर घायल को जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया है। बाराबंकी जिला के दयानंद नगर निवासी मुदित कृष्णा अपनी कार से किसी काम के चलते हमीरपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह आनूपुर मोड़ के पास पहुंचा ही था, तभी सामने से आ रहे ट्रक से आमने-सामने जोरदार भिडंत हो गई। घटना में कार में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची हाईवे एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी घाटमपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा घायल का उपचार कर घायल को जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया है।

# कोटरा में गन्दी नालियों की गंदगी से गांव में फैल रही बीमारियां

- गन्दगी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल रही डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियां

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पसगवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोटरा के नगरा गांव व हन्नखुदा में फैली गन्दगी इन दिनों सैकड़ों लोगो को बीमार कर रही है। गन्दगी में पनप रहे सैकड़ो मक्खी व मच्छर डेंगू व मलेरिया जैसी भयानक बीमारियों को दावत दी रहे है पर अफसोस अधिकारी व कर्मचारी इस पर मौन बने हुए है जिस पर ग्राम प्रधान की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणो में रोष व्याप्त है। लोग आए दिन बुखार से बीमार पड़े हैं। गांव में फैली गंदगी बीमारी को बढ़ा रही है इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गांव की नालियों में व्याप्त गन्दगी ग्रामीणों व उनके बच्चो को बीमार कर रही है। ग्रामीणों के घरों के आसपास नालियों में गंदगी फैली हुई है। यही कारण है कि गांव में बीमारी फैल रही है। यह बात मंगलवार को नगरा व हन्नखुदा व कोटरा के ग्रामीणों ने मीडिया को कही। घरों के आसपास फैली गंदगी से होने वाली बीमारियों की को लेकर ग्रामीण बेहद चिंतित है। गांव में फैली गंदगी बीमारियों को आमंत्रण देने का काम कर रही हैं।

गांव की नलियों में व्याप्त गन्दगी से फेल रही बीमारियां, पर इस ओर नही नही है ग्राम प्रधान व सफाई कर्मचारी का कोई ध्यान। नालियों में गंदगी के साथ घास भी जम आई है यही नही इन्ही कारणों से कई नालियां चोंक होकर गन्दगी का अम्बार का माध्यम बन गई है। गंदी नालियों से अनेक प्रकार की बीमारियां फेल रही है। ग्राम प्रधान रामौतार जो कोटरा के रहने वाले है। जो जेबीगंज में रहकर राजाओ की तरह प्रधानी कर रहे है, उनके पास न तो गांव की समस्या के लिए उसे सुनने का टाइम है और न ही गांव आने का, जेबीगंज में हवेली की तरह बने मकान में बैठकर राजाओ की तरह प्रधानी कर रहे है। वही सुरक्षा कर्मी का नाम लाल बहादुर है, जिन्होंने की अब अपना यहां से ट्रांसफर करवा लिया है। अब साफ सफाई की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान रामौतार को दी गई है।

कम से कम सात आठ महीनों से नही साफ हुई है। नालिया जिस की वजह से नालियों में घास भी बड़ी बड़ी जम गई है, गंदी नालियों से परेशान ग्रामीण की सुनवाई प्रधान नही कर रहे। गंदी नालियों से आ रही बदबू व फेल रही अनेको प्रकार की बीमारियां वही परेशान ग्रामीण की समस्या उन्ही के गांव के मुखिया नही कर रहे है।

# मोदी सरकार बनने की खुशी में दीपोत्सव का किया शुभारंभ

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड मितौली में रतहरी ग्राम में कठिना नदी पर स्थित पौराणिक बाबा कष्ट हरण धाम मंदिर प्रांगण में कस्बा रतहरी निवासी सुरेश राठौर ने नरेंद्र दास मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने की खुशी में 551 दीपक जलाने का संकल्प लिया था भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने दीप जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया

देश में नरेंद्र दास मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने की खुशी में सुरेश राठौर निवासी रतहरी नें अपने परिवार के साथ कस्ट हरण धाम मंदिर पर 551 दीपो का स्टैड भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने दीप जलाकर शुभारंभ किया सुरेश राठौर ने अपने परिवार व गांव क्षेत्रवासियों के सहयोग से दीपोत्सव मनाकर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर प्रधान मितौली नीरज कस्यप, मास्टर दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह तोमर, ठाकुर प्रताप सिंह, सुल्तान निषाद, जसवंत निसाद, सत्यराम, विकृम राज, राकेश पचं, बृजेश शुक्ल, रिकूं आदि लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# लीगल एंड डिफेंस काउन्सिल ने कराई जेल में बंद दो बंदियों की जमानत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध दो बंदी की जमानत लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल सिस्टम के द्वारा कराई गई। डिफेंस काउन्सिल के चीफ आनंद कुमार सक्सेना एडवोकेट ने बताया कि जेल में निरुद्ध बंदी देव सिंह उर्फ़ कल्लू लोधी निवासी ग्राम नदना थाना राठ जनपद हमीरपुर पर तथाकथित आरोप के अनुसार उसके दादा के लड़के एलेंद्र लोधी ने उसके विरुद्ध रिपोर्ट की अभियुक्त द्वारा मेरे पिता परमेश्वरी दयाल ग्राम के बाहर बने हुए ट्यूबेल में रह रहे थे दिनाक 24 अक्टूबर 2020 को रात में लगभग 10 बजे मैं अपने पिता को ख़ाना देकर वापस आ रहा था तो देखा की कल्लू लोधी ने एक पत्थर उठाकर मेरे पिता के ऊपर पटक दिया जिससे उनकी जान चली गई थी संबंधित थाना पुलिस द्वारा मुकदमे की विवेचना कर आरोप को सत्यपाते हुए देव सिंह उर्फ कल्लू लोधी के विरुद्ध आरोपपत्र प्रस्तुत किया गया जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया जिसका जमानत प्रथनापत्र ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव / अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गर्ग के निर्देशानुशार लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल सिस्टम के चीफ लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल के चीफ आनंद कुमार सक्सेना व डिप्टी चीफ लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल हरिनाम सिंह और असिस्टेंट लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउन्सिल फिरोज़ आलम व सत्यम के द्वारा तैयार कर ज़िला एव सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के समझ बहस की गई जिस पर न्यायालय द्वारा उसकी जमानत स्वीकृत की गई।

# एक दिन रहूं या एक साल, सच का दूंगा साथ : कोतवाल

**गोला गोकर्णनाथ/लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बीते रविवार को लखीमपुर खीरी में कई निरीक्षक व उप निरीक्षक का स्थानांतरण हुआ जिसमें लखीमपुर की गोला कोतवाली के तत्कालीन निरीक्षक इंद्रजीत सिंह का तबादला थाना भीरा को किया गया और निरीक्षक रमेश चंद्र पांडे को पीआरओ पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक थाना गोला का पद भार दिया गया।

गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों की संख्या में बिना खुलासे हुई चोरियां, आने वाले फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार और कई मामलों को लेकर गोला नगर की आम जनमानस में गोला पुलिस पर विश्वास उठ चुका है। सिर्फ गोला नगर ही नहीं गोला कोतवाली अंतर्गत आने वाली अलीगंज चौकी समेत अन्य क्षेत्र में भी फरियादियों को न्याय नहीं मिला। न्याय के लिए कोतवाली गए फरियादियों के अनुसार गोला पुलिस द्वारा कभी भी न्यायोचित कार्रवाई नहीं की बल्कि जिस पक्ष के द्वारा घूस मिल गई उस पक्ष को लेकर कार्रवाई कर दी जाती थी। न्याय के लिए हफ्तों चक्कर काटने के बाद भी गोला पुलिस के द्वारा तहरीर नहीं ली जाती थी। वही गोला कोतवाली परिसर में सुबह शाम छुटभय्यो का जमावड़ा बना रहता था।

**ये मामले रहे सुर्खियों में-** 3 महीने चक्कर काटने के बाद भटपुरवा कॉलोनी निवासिनी 90 वर्षीय विधवा बुजुर्ग आहत होकर न्याय न मिलने पर गोला थाना परिसर स्थित मंदिर के पास करीब 8-10 घंटे बैठी रही जिसके चलते बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ गई और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। कुम्हारन टोला निवासी युवक अपनी पत्नी के साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर कई चक्कर काटने के बाद जहर खाने पर विवश हो गया, जहर खाने के बाद स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। हालांकि मामला सुर्खियों में आने के बाद कार्यवाही हुई लेकिन तब तक गोला पुलिस की काफी किरकिरी हो चुकी थी।

गोला तहसील परिसर में न्याय के लिए कई सप्ताह तक बैठने वाले अधिवक्ता की तहरीर पर कई दिनों तक गोला पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई जिसके बाद अधिवक्ता को धरना प्रदर्शन करना पड़ा जिसके बाद उच्च अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया। कुश्मी कॉलोनी निवासी दलित नाबालिक 12वीं का छात्र स्वयं पर शराबियों द्वारा मारपीट की तहरीर को लेकर कई हफ़्ते चक्कर काटता रहा लेकिन गोला कोतवाली में उसकी तहरीर नहीं ली गई। सी ओ के आश्वासन के बाद भी नहीं हो पाई कार्यवाही। इन मामलों के अलावा भी कई दर्जनों की संख्या में मामले ऐसे रहे जिनमें पीड़ितों की तहरीर तक नहीं ली गई और कई दर्जनों की संख्या में हुई चोरियों की ना तो रिपोर्ट दर्ज की गई और जिनकी रिपोर्ट दर्ज भी की गई उनमें अधिकतर का खुलासा भी नहीं किया गया। आम जनता के मुताबिक अगर नगर में किसी व्यक्ति की जान पहचान या लेनदेन की क्षमता नहीं है तो उसकी गोला पुलिस में सुनवाई होना असंभव है। इन सब के बाद नवागत गोला कोतवाली प्रभारी रमेश चंद्र पांडे को आम जनमानस में विश्वास बना पाना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।

**इनका भी हुआ तबादला**

निरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह को प्रभारी सर्विलांस सेल से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, निरीक्षक महेश पाठक को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा से निरीक्षक अपराध थाना मैंगलगंज और उपनिरीक्षक पंकज त्रिपाठी को थाना अध्यक्ष भीरा से प्रभारी सर्विलांस सेल पर नियुक्त किया गया।

### 24 घंटे दिन-रात जनता की सेवा में तत्पर रहूंगा : रमेश चंद्र पांडे, गोला कोतवाल



संवाददाता से बातचीत में नवागत कोतवाल रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि पब्लिक को किसी भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा, जो सत्यता है उसी के साथ रहूंगा और उसी के आधार पर निराकरण कराऊंगा। जो गलत है तो वह अपने निराकरण के लिए कोर्ट जाए, कचहरी जाए लेकिन यहां सही कार्य को निस्तारित किया जाएगा। जनता की किसी से जान पहचान हो या ना हो मैं यहां सभी के लिए आया हूं किसी एक से व्यवहार बनाने नहीं आया हूं इसके लिए भले ही मुझे चाहे एक दिन रहना पड़े या 1 साल रहूं मुझे कोई परवाह नहीं। जनता को समझने में कुछ समय लगेगा जल्द ही अव्यवस्थाओं को समझ कर उन पर कार्य करना शुरू कर दूंगा किसी का दबाव मुझ पर काम नहीं करेगा। थाना जनता का है 24 घंटे दिन रात जनता की सेवा में तत्पर रहूंगा। किसी भी समय जो अपनी समस्या लेकर आएगा उसकी सुनी जाएगी।

**-रमेश चंद्र पांडे प्रभारी निरीक्षक, गोला कोतवाली**

# काला दिवस के रूप में कार्यकर्ताओं ने आयोजित किए कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



25 जून 1975 को देश पर इमरजेंसी ठोक कर कांग्रेस ने संविधान का मखौल उड़ाया था तथा जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर दमन चक्र चलाया था। भाजपा इसे लोकतंत्र का काला धब्बा मानते हुए कालादिवस के रूप में पूरे देश में मना रही है।

उक्त विचार प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित काला दिवस के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान का सबसे ज्यादा दुरूपयोग कांग्रेस की सरकारों ने किया है। आज दुख का विषय है कि कांग्रेस एवम इंडी गठबंधन संविधान बचाने का स्वांग कर रही है जबकि कांग्रेस ने कई चुनी हुई सरकारों को मनमाने ढंग से बर्खास्त कर दियाथा भाजपा संविधान का पूरा सम्मान करती है तथा संविधान के बताए हुए रास्ते पर चलकर देश एवं प्रदेश का विकास कर रही है इस अवसर पर उन्होंने आपातकाल में बंद लोकतंत्र सेनानियों को माला पहनकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राक्कलन समिति के सभापति एवं मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की संविधान बढ़ाने का नाटक करने वाले लोग जनता जान रही है कि इन्होंने ही देश में इमरजेंसी लगाकर मौलिक अधिकार निरस्त कर लोगों का दमन चक्र किया आज वही लोग संविधान बढ़ाने का भाजपा ने हमेशा संविधान का पालन करते हुए विकास के साथ-साथ आम जनता को लाभ पहुंचाने का काम किया है और प्रधानमंत्री मोदी संविधान का पूरा सम्मान कर रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि काला दिवस का उद्देश्य है जनता को अतीत में कांग्रेस द्वारा किए गए संविधान विरोधिकृतियों को उजागर करना। आपातकाल के दौरान लोगों पर निर्माण अत्याचार किए गए थे कई निर्दोषों को जेल भेजा गया था। जिला अध्यक्ष सुनील सिंह सुनील सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान चले दमन चक्र को कौन भूल सकता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को, निस्तारित होंगे कई मामले

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लक्ष्मीकान्त शुक्ल के निर्देश पर 13 जुलाई द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय और तहसील स्तर पर किया जाएगा। नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव योगेश कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि के सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले धारा-138 परकाम्य लिखित अधिनियम के वाद विद्युत एवं जल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद ) राजस्व वाद, पारिवारिक वाद,व्यवहारिक वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य वाद/प्रकरण अधिकाधिक संख्या में निस्तारित किये जायेंगे, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाये। इसके अतिरिक्त समस्त वादकारियों से अपील की गई कि 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन के विकल्प को सराहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट ने शिक्षक-कर्मचारियों की पेंशन बहाली की मांग का विकल्प देने का फैसला किया है। मंगलवार को कैबिनेट में पुरानी पेंशन के विकल्प को प्रस्ताव में शामिल कर लिया गया। सरकार के इस फैसले का प्रदेश भर के शिक्षक-और कर्मचारियों ने स्वागत किया है।

माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर आरपी मिश्रा और महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने पुरानी पेंशन का विकल्प दिये जाने का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षक संघ लंबे समय से इसकी मांग करता रहा है। डा. आरपी मिश्रा ने बताया कि हाल ही में 22 जून को आयोजित प्रदेश स्तरीय संगोष्ठी में भी राज्य परिषद ने पुरानी पेंशन के लिए प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा था। इसके पूर्व भी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने विधान परिषद सदस्य रहते हुए इस मामले को नियम 105 के अन्तर्गत उठाया था। माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट से विधान परिषद सदस्य और नेता सदन ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने योगी पेंशन बहाली का विकल्प दिये जाने का स्वागत किया है।

# यूपी के पांचों डिफेंस कॉरिडोर को पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी

समृद्धि न्यूज



- सेना को और सशक्त बनाएंगे चित्रकूट-अलीगढ़ के हथियार
- लखनऊ और कानपुर में 571 करोड़ से होगा विकास
- 2.70 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पांचों डिफेंस कॉरिडोर में रक्षा इकाइयां तेजी से लगेंगी। लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट के डिफेंस कॉरिडोर को पर्यावरण मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। इसके बाद इन पांचों डिफेंस कॉरिडोर के औद्योगिक विकास का रास्ता साफ हो गया है। पहले चरण में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश तेजी से होगा।

एनओसी मिलने के साथ ही न्यूनतम 2.70 लाख नए रोजगार के रास्ते भी खुल गए हैं। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 21 जून को पांचों डिफेंस कॉरिडोर के लिए पर्यावरण एनओसी की जानकारी दी। 18 जनवरी को पर्यावरण मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दे दी थी और 21 जून को अनुमति प्राप्त हो गई। अब इन पांचों नोड में विस्फोटक सामग्री, हथियार, टैंक, तोप, गोला-बारूद, मोटर इंजन, हेलीकाप्टर, एयरक्राफ्ट की बॉडी, मिसाइल, रोबोटिक्स, फायरिंग रेंज, टेस्टिंग रेंज, मिसाइल उपकरण, ड्रोन और इलेक्ट्रानिक वारफेयर उपकरण का निर्माण होगा। पांचों डिफेंस नोड को जल सप्लाई संयंत्र, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, कॉमन इफ्यूलिएंट ट्रीटमेंट प्लांट, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, एयर क्वालिटी मानीटरिंग सिस्टम और शोर मानीटरिंग सिस्टम जैसी सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

लखनऊ की सरोजनी नगर तहसील के भटगांव और हरौनी तहसील की 165 हेक्टेयर जमीन का विकास होगा। 33 फीसदी जमीन को पेड़ों से आच्छादित किया जाएगा। 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। कानपुर डिफेंस कारीडोर के तहत साढ़ तहसील की 385 हेक्टेयर जमीन को भी ग्रीन क्लीयरेंस मिल गई है। यूपीडा यहां 23,485 पेड़ लगाएगा। इंजीनियरिंग और सेकेंडरी धातुकर्म से जुड़ी रक्षा इकाइयों को प्राथमिकता दी जाएगी। ये नोड 37,440 रोजगार देगा। चित्रकूट की कर्वी तहसील के अंतर्गत खुटैरा व बुक्काबुजुर्ग की 102 हेक्टेयर जमीन को भी हरी झंडी मिल गई है। इस पर 60 करोड़ खर्च होंगे और 18 हजार से ज्यादा रोजगार मिलेंगे। अलीगढ़ के डिफेंस कॉरिडोर के तहत अंडाला खैर और कोइल तहसील के गांव हैबतपुर, करसुआ, कीरतपुर निमाना की 500 हेक्टेयर जमीन में इलेक्ट्रानिक युद्ध उपकरण, ड्रोन, टेलीस्कोप और छोटे हथियार बनेंगे। इंजीनियरिंग और सेकेंडरी धातुकर्म से जुड़ी रक्षा इकाइयों को जमीन दी जाएगी। इनकी उत्पादन क्षमता 30 हजार टन सालाना से ज्यादा होगी।झांसी में गरौठा तहसील में 500 हेक्टेयर जमीन का करीब 475 करोड़ रुपये से विकास किया जाएगा। झांसी नोड में 1,076 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया रहा है। यूपीडा के मुताबिक झांसी डिफेंस कॉरिडोर 1,67,200 रोजगार देगा।

## खबरें एक नजर में

### इमरजेंसी की वर्षगांठ पर मनाया गया काला दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 25 जून 1975 को कांग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान को निलंबित करके इमरजेंसी लगाई गई थी। उसकी 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस द्वारा संविधान को निलंबित करने के खिलाफ पूर्व सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने दुबग्गा लखनऊ आवास पर कार्यकर्ताओं एवं जनमानस के साथ सेमिनार का आयोजन करके काला दिवस मनाया जिसमें कांग्रेस की सरकार द्वारा 25 जून 1975 को संविधान को निलंबित करने व लोकतंत्र की हत्या करने की निंदा की। संविधान है और रहेगा इस विषय पर आगामी 7 जुलाई को लखनऊ के गांधी भवन सभागार में पारख महासंघ द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व में किया जाएगा। कौशल किशोर ने बताया कि प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करने वाली समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सरकार का और कांग्रेस की आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया जाएगा।

### इन्दिरा नगर में सड़क निर्माण में धांधली, शिकायत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के इंदिरानगर में सड़क की साइड सोलिंग न होने से लोगों में आक्रोश है। इस समस्या से परेशान लोगों ने कई बार जिम्मेदारों से शिकायत की है पर किसी ने अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। थक हारकर लोगों ने अब नगर आयुक्त से शिकायत की है। इंदिरा नगर जनसमस्या निराकरण समिति के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने नगर आयुक्त को सौंपे शिकायती पत्र में कहा है कि जोन सात अंतर्गत सेक्टर 11 से शंकरपुरी कॉलोनी की रोड अभी हाल में ही बनी थी। सड़क के दोनों ओर नाली और साइड सोलिंग का काम होना था जो आज तक नहीं हुआ। तीन माह बीत जाने के बाद भी संबंधित ठेकेदार द्वारा इसे पूरा नहीं कराया गया। उन्होंने कहा है कि स्थानीय लोगों के प्रयास से बनी यह सड़क साइड सोलिंग न होने से औचित्यहीन हो रही है। नाली न होने से बारिश का पानी सड़क पर जमा होगा जिससे काफी नुकसान होगा। अध्यक्ष शशि मिश्रा ने कहा कि ठेकेदार द्वारा बरती गई काम में लापरवाही की जबाबदेही तय होनी चाहिए।

### बीकेटी में आपातकाल की वर्षगांठ पर कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बीकेटी इलाके में भाजपा ने आपातकाल की वर्षगांठ पर कालादिवस मनाया। एक निजी लॉन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की शिक्षामंत्री गुलाब देवी, विधायक योगेश शुक्ला के साथ बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। विधायक ने कहा, भाजपा के लिए संविधान ही सबकुछ है। वहीं उन्होंने कहा कि (25 जून 1975) भारतीय इतिहास का काला दिन है। जब देशभर के लोगों पर जुल्म किए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान बदलने का सदैव काम किया है । वहीं लोकतंत्र की हत्या राहुल गांधी ने संविधान की प्रति फाड़कर की। भाजपा लोकतंत्र की पोषक है वह संविधान को बचाने का कार्य करती है। 1991 में बीजेपी ने ही दबाव बनाया था तब बी आर अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया था । मोदी सरकार ने संविधान और अंबेडकर के सपनों को साकार करने का कार्य किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि क्या कारण है जो सत्ता में रहकर यह काला दिवस मना रहे हैं। विपक्ष अफवाह फैला रहा है कि भाजपा की सरकार तानाशाही तौर पर कार्य कर रही है।

### पीजीआई इलाके में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के पीजीआई थाना इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक ती मौत हो गई। घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर ने दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार को स्थानीय पुलिस को सूचना मिली कि रेल लाइन पर एक युवक की लाश पड़ी है। पुलिस ने पहुंचकर तलाशी ली तो युवक की जेब से एक डायरी और मोबाइल फोन मिला। डायरी पर लिखे मोबाइल नंबर पर पुलिस कॉल किया तो मृतक की शिनाख्त निर्मल सिंह (33) निवासी सदाबरती आजमगढ़ के रूप में की गई। एएसआई ओमपाल सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया हैं।

### मिशन सुरक्षा के प्रांतीय अध्यक्ष बने गंगाराम अम्बेडकर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में मिशन सुरक्षा परिषद का प्रांतीय चुनाव मंगलवार को हुआ। गंगाराम अम्बेडकर को तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा संतोष कुमार यादव को प्रदेश अध्यक्ष और विशाल गिहार को एससीएसटी प्रकोष्ठ और प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। चुनाव की प्रक्रिया एलडीए कॉलोनी सेक्टर जी चौराहे पर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। इस दौरान नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसी क्रम में अशोक कुमार बौध , सुरेश राठौर, योगेश कुमार वर्मा समेत अन्य कई पदाधिकारी चयनित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में शारदा नगर वार्ड पार्षद हिमांशु अम्बेडकर अविनाश प्रताप, किरन दव, मंजू गौतम, एयाज अहमद समेत देश के विभिन्न प्रांतों से आए संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीएमएस की मेजबानी में अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग प्रारम्भ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की मेजबानी में आयोजित 15-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय यूथ मीटिंग में अमेरिका, जर्मनी, नार्वे, स्वीडन, वियतनाम, इंडोनेशिया, पुर्तगाल एवं भारत के बाल प्रतिनिधि लखनऊ में साथ-साथ रहकर एकता व शान्ति का संदेश सारे विश्व में प्रवाहित कर रहे हैं। सी.एम.एस. की मेजबानी में यह अन्तर्राष्ट्रीय युवा मीटिंग 'सस्टेनबल डेवलपमेन्ट' विषय पर 24 जून से 8 जुलाई तक आयोजित की जा रही है जिसमें विश्व के 8 देशों से पधारे 12 से 13 वर्ष उम्र के पाँच सदस्यीय बाल दल अपने टीम लीडर के नेतृत्व में प्रतिभाग कर रहे हैं। सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय युवा मीटिंग का प्रमुख उद्देश्य सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न देशों के नन्हें-मुन्हें बच्चों के विचारों को प्रमुखता देना है।

# कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों से संविधान व लोकतंत्र को खतरा : मुख्यमंत्री योगी



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की आस्था कभी भी भारत के संविधान और लोकतंत्र में नहीं रही है। जब भी उसे मौका मिला, संविधान का गला घोंटने और लोकतंत्र को कुचलने का कार्य किया है। जब मौका नहीं मिला तो उसने संविधान और लोकतंत्र की ही दुहाई देकर जनता को झूठी बातों से गुमराह किया। वास्तविकता यही है कि आज भी संविधान और लोकतंत्र को खतरा कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल उसके सहयोगी दलों से है।

सीएम योगी देश में 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल (इमरजेंसी) के 50वें वर्ष में मंगलवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में भाजपा की जिला व महानगर इकाई की तरफ से आयोजित काला दिवस विषयक संगोष्ठी और लोकतंत्र रक्षक सेनानी सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। 28 लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 वर्ष पहले आज ही के दिन मध्य रात्रि में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने भारतीय संसदीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय लिखा था। देश के संविधान का गला घोंटकर, आपातकाल लागू कर कांग्रेस ने लोकतंत्र को तहस नहस करने की कुचेष्टा की थी। इमरजेंसी लगाकर कांग्रेस ने नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए थे, न्यायालयों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया था।

## कांग्रेस ने चुनाव में जनता को किया गुमराह

सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का झूठ गढ़कर, फर्जी बॉन्ड का वादा कर जनता को गुमराह किया। हकीकत तो यह है कि जब भी मौका मिला कांग्रेस ने एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास किया। जबकि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में तुष्टिकरण के नाम पर एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण लागू नहीं होने दिया। सीएम ने कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग आज संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देते हैं लेकिन भारत के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं। भारत के निर्वाचन आयोग, ईवीएम पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। ये लोग भारत के बाहर जाकर भारत को और उसके लोकतंत्र को कोसते हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 1975 में जिन दलों के संस्थापकों, नेताओं ने आंदोलन किए, जेल की यातनाओं को सहा था, लोकतंत्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था, दुखद है कि उनकी वर्तमान पीढ़ी उसी कांग्रेस की गोद में बैठकर देश को फिर से कांग्रेस की तानाशाही, लोकतंत्र विरोधी और संविधान विरोधी नीतियों की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही है। कांग्रेस के सहयोगी दलों के पूर्वज आज कहीं से अपनी पार्टी के वर्तमान नेताओं को कांग्रेस के साथ देखते होंगे तो वे खून के आंसू पीने को मजबूर होते होंगे।

## इन लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सीएम ने किया सम्मान

शीतल पांडेय, रमेश विश्वकर्मा, योगेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, डॉ. केशव सिंह, शिव प्रकाश अग्रवाल, राजाराम, दीप नारायण शुक्ला, सुरेश खन्ना, डॉ. महेश पाठक, राजकिशोर मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, भगवती सिंह, छेदी लाल, धनराज सिंह, शंभू सिंह श्रीनेत, राजेश गुप्ता, क्षत्रपति शुक्ला, हरिलाल चौरसिया, शेषनाथ सिंह,, बलदेव यादव, श्रीकृष्ण गुप्ता, नागेंद्र सिंह, रामेश्वर सिंह, नरेंद्र यादव, लालजी सिंह, अभिमन्यु शाही, हेमंत सिंह, विनय प्रणाचार्य, अभय पांडेय, अभिमन्यु सिंह, रामनरेश।

# बीजेपी व कांग्रेस ने संविधान को बनाया जातिवादी व सांप्रदायिक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि इन दोनों दलों ने अंदर ही अंदर मिलकर अनेक संशोधनों के जरिये इस संविधान को काफी हद तक जातिवादी, सांप्रदायिक एवं पूंजीवादी संविधान बना दिया है। मायावती ने यहां पत्रकारों से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब संसद के अंदर एवं बाहर संविधान की कापी दिखाने की होड़ में लगे सत्ता एवं विपक्ष एक ही थाली के चट्टे-बट्टे लग रहे हैं।

मायावती ने कहा कि ये लोग अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान के साथ जो खिलवाड़ कर रहे हैं, वह कतई उचित नहीं है। सत्ता और विपक्ष ने अब तक अंदर-ही-अंदर मिलकर इतने ज्यादा संशोधन कर दिये हैं कि अब यह बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की मंशा वाला समतामूलक, धर्मनिरपेक्ष और बहुजन हिताय वाला संविधान नहीं रह गया है। बल्कि अधिकांश तौर पर अब यह जातिवादी, सांप्रदायिक एवं पूंजीवादी संविधान बन गया है। उन्होंने कहा कि जनता का ध्यान बांटने के लिए सत्ता और विपक्ष द्वारा आपसी मिलीभगत से जबर्दस्ती संविधान बचाने का नाटक किया जा रहा है जिससे देश की जनता को जरूर सावधान रहना है। उन्होंने यह भी कहा कि यह बात सर्वविदित है कि कांग्रेस एवं भाजपा के लोगों ने अंदर-ही-अंदर मिलकर पिछड़ों के वास्ते आयी मंडल कमीशन की रिपोर्ट को ही अपनी सरकारों में लागू नहीं होने दिया था।उन्होंने कहा कि मैं सत्ता और विपक्ष में अंदरूनी मिलीभगत की बात इसलिए कह रही हूं कि क्योंकि इन दोनों की खासकर कांग्रेस और भाजपा एवं अन्य दलों की जिन-जिन राज्यों में सरकारें चल रही हैं, वे सभी राज्य सरकारें वहां के लोगों की गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी दूर करने में पूरी तरह विफल हो गयी हैं।

# यूपीएसआरटी में 1090 मृतक आश्रितों को मिलेगी नौकरी

समृद्धि न्यूज

- मृतक आश्रितों का धरना प्रदर्शन 8वें दिन हुआ स्थगित

**लखनऊ ।** लखनऊ में यूपीएसआरटी मुख्यालय पर चल रहा मृतक आश्रितों का धरना प्रदर्शन 8वें दिन स्थगित हो गया। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने अगस्त तक सभी की नियुक्ति का आश्वासन दिया है। इस पर लोग शांत हुए और धरना वापस ले लिया। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वादा पूरा नहीं हुआ तो फिर से धरना देंगे। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने मृतक आश्रितों को नौकरी के लिए चार सदस्यीय मृतक आश्रित प्रतिनिधि मंडल से बात की।

मृतक आश्रितों ने बताया कि एमडी ने कहा कि निगम और मृतक आश्रितों से संबंधित बजट का प्रस्ताव 31 जुलाई तक कैबिनेट में रखा जाएगा। इसके बाद 15 अगस्त तक मृतक आश्रितों को नौकरी दी जाएगी। इस दौरान जुलाई 2018 से लेकर 14 जुलाई 2024 तक के करीब 1090 मृतक आश्रितों को नौकरी मिलेगी। एमडी ने इससे संबंधित प्रस्ताव परिवहन विभाग के मुख्य सचिव को 24 जुलाई को भेज दिया है। यूपीएसआरटी में पिछली बार 2018 में मृतक आश्रितों की नियुक्ति हुई थी। वहीं, निगम में साल 2003 में नियम बना था कि निगम के मुनाफे में रहने पर ही मृतक आश्रितों को नियुक्ति दी जाएगी। अभी परिवहन निगम करीब 120 करोड़ रूपए के मुनाफे में है। एमडी की तरफ से चालक और परिचालक पदों पर नियुक्ति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इस दौरान पत्र में कहा गया कि चालक और परिचालक की कमी के चलते कई बसें स्थगित हो रही हैं। मृतक आश्रितों को नौकरी मिलना निगम और जनता के हित में होगा। लिखित प्रस्ताव भेजने के बाद मिले आश्वासन पर मृतक आश्रित धरने से तो हट गए हैं लेकिन धरना दे रहे रिषभ, शिवम और आकाश सहित अन्य का कहना है कि अगर उन्हें अगस्त तक नौकरी नहीं मिली तो फिर मुख्यालय पर धरना देंगे। उनका कहना है कि कई बार नौकरी का आश्वासन दिया गया है लेकिन नौकरी देने के नाम पर सिर्फ टहला दिया जाता है।

## बाइक की किस्त भरने के लिए बने चेन-स्नेचर, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

**लखनऊ ।** लखनऊ की विकास नगर पुलिस ने दो चेन स्नेचर को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक अपाचे बाइक और लूटी हुई चेन बरामद की गई। दोनों ज्वैलरी कारीगर हैं। दोनों चेन बेचने के लिए घर से निकले थे। मुखबिर से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। पुलिस छिनैती के कई अन्य मामलों की पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक विकास नगर की रहने वाली जीवंती जोशी पत्नी स्वर्गीय जनार्दन जोशी की 9 जून की शाम को स्पेंसर से अपने घर जा रही थी, तभी सेक्टर-3 आरएलबी स्कूल के पास दो बाइक सवार आए और गले की चेन खींचकर फरार हो गए। छीनाझपटी में आधी चेन महिला के पास रह गई। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों के तलाश में जुट गई। मंगलवार को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली की दोनों चेन स्नेचर सेक्टर-3 सचिवालय कॉलोनी के पास खड़े हैं। पुलिस की टीम पहुंची तो दोनों आरोपी बाइक से वहां खड़े थे। पुलिस को देखकर भागने लगे। घेराबंदी करके दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान फैजुल्लागंज मेहंदी लॉन, मड़ियांव के रहने वाले शिव सोनी और गडरियापुरवा के रहने वाले अभिषेक सोनी के रूप में हुई।

# पेपर लीक के खिलाफ समाजवादी छात्र सभा का प्रदर्शन, पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प

- प्रदर्शन के दौरान पुलिस के दुर्व्यवहार से टूटा नौजवान का हाथ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष इं0 विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों नौजवानों ने नीट परीक्षा को निरस्त कर दूसरी एजेन्सी से परीक्षा कराने और पेपर लीक वाली भाजपा सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस से नोकझोंक के बाद युवाओं को गिरफ्तार कर ईको गार्डन ले जाया गया। पुलिस ने इस दौरान दुर्व्यवहार भी किया जिसमें एक नौजवान का हाथ भी टूट गया।

विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों नौजवान समाजवादी पार्टी कार्यालय से जब विधान सभा की ओर चलने लगे तो पुलिस ने गौतमपल्ली थाने के पास बैरीकेटिंग लगाकर उन्हे रोक लिया। विरोध में नौजवान धरने पर बैठ गए। पुलिस ने धरने से उठाने के लिए दुर्व्यवहार किया। यहां तक कि विधान सभा की पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला से भी अभद्रता की। पुलिस से नोकझोंक के बाद धरना दे रहे युवाओं को जबरन पुलिस ने पुलिस की बसों में भरकर इको गार्डन ले गए।

राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में कहा कि नौजवानों में नीट परीक्षा में धांधली को लेकर काफी आक्रोश है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव भी परीक्षा में धांधली पर विरोध जता चुके है। ज्ञापन में कहा गया है कि नीट परीक्षा से 24 लाख बच्चों का भविष्य जुड़ा हुआ है। जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से हर एक भर्ती का पेपर लीक हुआ है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। ज्ञापन में नीट परीक्षा में पेपर लीक के लिए भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई है।




**समाजवादी छात्र सभा के प्रदर्शन में यह हुए गिरफ्तार**

पूजा शुक्ला, अनिल यादव मास्टर, अवनीश यादव, इमरान चौधरी, विक्रम परिहार, वैभव सैनी, विक्रम यादव, माधुर्य सिंह मधुर, शिवांशु तिवारी, राज साहनी, ममता शर्मा, कांची सिंह, सुनिधि यादव, कान्हा, शिवम सिंह, जाहिद, शुभम यादव, योगेश वर्मा, आयुष यादव, अखिलेश भारती, अभय यादव, राम प्रकाश मौर्य, अयाज अली, परवान आलम आदि।

# परिवहन निगम लांच करेगा यात्रियों के लिए मार्गदर्शी मास्टर एप : दयाशंकर

समृद्धि न्यूज

- बसों की लाइव जानकारी प्राप्त कर सकेंगे यात्री

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा मार्गदर्शी एप शीघ्र लॉन्च किया जाएगा। इसके माध्यम से यात्री अपने निकटतम बस स्टॉप की जानकारी ले सकते हैं या किसी भी दो बस स्टॉप के बीच में चलने वाली बसों की लाइव जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस ऐप से बसों का लोकेशन उनकी स्पीड, कितने बजे वह किस स्थान से पास हुई है, यह सारी जानकारी मिल सकती है। इसमें डिजिटल पैनिक बटन भी लगा हुआ है जिसका इंटीग्रेशन डायल 112 से किया जा चुका है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इस एप के द्वारा यात्री विभाग को फीडबैक भी दे सकते हैं या अपने शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं स उन्होंने बताया कि यात्री किसी भी बस की लाइव ट्रैकिंग कर सकते हैं।

विभाग ने इसके पूर्व 4 मार्च 2023 को यूपी राही एप का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया था। इसके एक लाख डाउनलोड किए जा चुके हैं। इस ऐप के माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग की सुविधा का उपयोग कर सकते थे। परिवहन मंत्री ने बताया कि एक अन्य मास्टर एप भी शीघ्र शुरू किया जायेगा, जिसमे यूपी राही एवं मार्गदर्शी एप का इंटीग्रेशन शीघ्र किया जायेगा।

## बीकेटी में कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के बीकेटी इलाके में कार की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा मंगलवार को दोपहर को हुआ। मृतक के परिजनों ने आज थाने में तहरीर दिया। कार चालक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मगलवार की दोपहर भैंसामऊ गांव के पास अम्बिका प्रसाद (45) रोड क्रॉस कर रहे थे। सीतापुर की तरफ से आ रही कार यूपी 32 एचक्यू 6803 ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से इलाज के लिए पास में स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डाक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी।

**कार्यक्रम** — यूपी में ईको टूरिज्म पर संवाद कार्यक्रम आज, मुख्यमंत्री करेंगे संबोधित

# उत्तर प्रदेश में ईको-टूरिज्म के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं

- ईको पर्यटन पर होगी परिचर्चा, समझौता ज्ञापन पर होंगे हस्ताक्षर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म पर आधारित संवाद कार्यक्रम का आयोजन 26 जून को लखनऊ के गोमती नगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरक्यूरी हॉल में होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार वन और पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ अरुण कुमार और राज्यमंत्री कृष्णपाल मलिक, आयुष विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में इको पर्यटन के प्रतिभागियों और स्टेकहोल्डर्स के साथ विभिन्न राज्यों के जाने-माने वक्ता और विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ईको पर्यटन की संभावनाओं पर गम्भीर विचार मंथन किया जायेगा। गंगा नदी बेसिन में ईको टूरिज्म के विकास हेतु यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं डब्ल्यूएलएल-एनएमसीजी के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि यूपी में ईको-टूरिज्म की अपार संभावनायें हैं। उत्तर प्रदेश में विकास तथा आये हुए बदलाव की चर्चा पूरे विश्व में है। पूरे प्रदेश में उच्च स्तर की कानून व्यवस्था तथा कनेक्टिविटी होने से देशी-विदेशी पर्यटक भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए उप्र इको टूरिज्म बोर्ड और इज माय ट्रिप के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होगा। राज्यमंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष विभाग सहित अन्य का संबोधन होगा। कार्यक्रम में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह अपना संबोधन देंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में बढ़ावा देने के संयुक्त प्रयासों हेतु उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी होंगे।

## अयोध्या में स्थापित होगा पर्यटन थाना

**पर्यटन थाने की स्थापना से पर्यटकों व श्रद्धालुओं को मिलेगी सहूलियत**

**लखनऊ।** राम नगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुरक्षा, मार्गदर्शन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सहयोग एवं असमाजिक तत्वों से बचाव के लिए अयोध्या में राम मंदिर के आसपास एक पर्यटन पुलिस थाना स्थापित करने के लिए पर्यटन निदेशालय को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इस प्रस्ताव का परीक्षण करके गृह विभाग तथा अन्य शासकीय विभागों से आवश्यकतानुसार सहमति प्राप्त की जायेगी। इस दिशा में अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन थाना अयोध्या स्थित पर्यटन शाखा केन्द्र के लिए सुझाव दिया गया है। इस पर्यटन थाने में कम से कम 10 आरक्षी पुरूष तथा 02 महिला आरक्षी पर्यटन पुलिस एवं 01 सब-इंस्पेक्टर की तैनाती प्रस्तावित की गयी है। यह प्रस्ताव उप निदेशक पर्यटन अयोध्या द्वारा दिया गया है।

# जनता दर्शन में नहीं होती है फरियादियों की सुनवाई

- एसपी पुलिस अधीक्षक से लेकर डीआईजी तक के जनता दर्शन कार्यक्रम में बढ़ रही फरियादियों की भीड़



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

पीड़ितों की थानों पर सुनवाई नहीं हो रही है। वह सीओ के यहां जाते हैं तो वहां भी समझा-बुझाकर वापस कर दिया जाता है। इसके बाद न्याय की उम्मीद लेकर पुलिस अधीक्षक के दरबार में हाजिरी देते हैं। कुछेक मामलों को छोड़कर यहां भी फरियादियों को न्याय नहीं मिल पाता है। दरअसल, न्याय प्रक्रिया की इस कड़ी में सबसे बड़ी बाधा संबंधित थानों की पुलिस होती है, जो हाकिमों को गुमराह करते हुए अपनी सफाई पेश कर देती है और अफसर भी उसी को सच मान लेते हैं, जिससे पीड़ित न्याय पाने से वंचित रह जाते हैं।

पुलिस अधीक्षक से लेकर डीआईजी तक के जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की भीड़ दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। कुछ मामलों में अधिकारी तत्काल न्याय मुहैया करा देते हैं, तो तमाम मामले जांच, रिपोर्ट और कार्रवाई के आश्वासनों की गर्द में दब जाते हैं। एसपी के यहां से न्याय न मिलता देखकर पीड़ित डीआईजी का दरवाजा खटखटाता है।

वहां भी वही दोहराया जाता है, जो प्रक्रिया एसपी के यहां अपनाई गयी थी। संबंधित थानाध्यक्ष को लाइन पर लेकर पूछताछ की जाती है। इस पर थानेदार द्वारा पहले से ही तैयार रटा-रटाया स्क्रिप्ट सुना दिया जाता है। हालांकि, पीड़ित की संतुष्टि के लिए जांच का झुनझुना थमा दिया जाता है, जिससे दर्द कम होने के बजाय बढ़ जाता है। मनकापुर के राम किशोर का कहना है कि वह अपनी फरियाद लेकर डीआईजी से मिलने के लिए गया तो उसका प्रार्थना पत्र लेकर बाहर से ही वापस कर दिया गया। मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस संबंध में नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था, लेकिन पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर रही थी। वह चौकी, थाना और पुलिस अधीक्षक के यहां दौड़ती रही। आखिरकार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आईपीएस मनोज कुमार रावत के संज्ञान में लेने के बाद मोतीगंज पुलिस हरकत में आई और मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। मनकापुर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि दबंगों ने उसे मारा-पीटा, लेकिन थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर वह डीआईजी के यहां पेश हुआ, लेकिन इसके बावजूद कुछ नहीं हुआ। पुलिस कहती है कि कहीं भी जाओगे, वापस थाने पर ही आना है। सच भी यही है। थानों की पुलिस बेलगाम और मनबढ़ हो चुकी है। लम्बे समय से जमे कई थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी पीड़ितों की बात सुनना ही नहीं चाहते हैं। वे अपने मन-मुताबिक काम करते हैं, क्योंकि बॉस की उन पर कृपा बरस रही है। थानों पर सुनवाई न होने से एसपी और डीआईजी जैसे बड़े अफसरों के दरबार में भीड़ उमड़ रही है।

# महिला ने बाइक सवार को चप्पल से पीटा

- बाइक और ई रिक्शा में टक्कर से महिलाएं हुई घायल
- मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाकर कर दिया वायरल

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

नानपारा बहराइच मार्ग पर मंगलवार दोपहर में ई रिक्शा और बाइक की टक्कर हो गई।

जिसमें ई रिक्शा पर बैठी महिलाएं घायल हो गई। इससे नाराज एक महिला ने बाइक सवार पर चप्पलों की बारिश कर दी। वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाकर लोगों ने वायरल कर दिया।नानपारा बहराइच मार्ग पर मंगलवार को मटेरा थाना क्षेत्र के भौखारा गांव के पास ई रिक्शा और बाइक में टक्कर हो गई।



बाइक की टक्कर से ई रिक्शा पर बैठी महिलाएं घायल हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि बाइक सवार की गलती थी। जिसके चलते ई रिक्शा से उतरी एक माहिल ने बाइक चला रहे युवक की चप्पलों से पिटाई कर दी। इसका वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घायलों को आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# घर के सामने खड़ी बोलेरो उठा ले गए चोर, दी तहरीर



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के मटेरा चौकी से 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक व्यक्ति के घर के सामने से बोलेरो चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा बाजार निवासी देवेंद्र कुमार का घर चौकी से 50 मीटर की दूरी पर है। प्रतिदिन की तरह वह रात में घर के सामने बोलेरो वाहन संख्या यूपी 40 वी 4559 खड़ी कर सो गए।

सुबह पांच बजे जब वह सोकर उठे तो बोलेरो गायब मिली। इस पर आसपास देवेंद्र कुमार ने खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस पर देवेंद्र ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमानंद तिवारी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच तलाश की जा रही है।

# अब मेडिकल कॉलेज में मिलेगी सीटी स्कैन की सुविधा, डिप्टी सीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में वर्चुअल सीटी स्कैन का उद्घाटन किया। ऐसे में अब जिले के लोगों सिटी स्कैन मेडिकल कॉलेज में ही हो जायेगी। इसके लिए दूसरे जनपद का रुख नहीं करना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, मातृ शिशु कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक ने महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित सीटी स्कैन मशीन का वर्चुअल लोकार्पण किया। मेडिकल कॉलेज में सदर विधायक और अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वल कर शिलालेख का अनावरण किया। कार्यक्रम में सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि बहराइच जैसे आकांक्षात्मक जनपद में सीटी स्कैन होना जनपदवासियों के गौरव की बात है। मेडिकल कालेज की स्थापना हो जाने से जनपदवासियों को प्रदेश के बड़े जनपदों का रूख नहीं करना पड़ेगा।




कहा कि सीटी स्कैन मशीन की स्थापना से विभिन्न दुर्घटनाओं विशेषकर हेड इंजरी के मामलों में अब चिकित्सक पहले से कहीं बेहतर उपचार कर सकेंगे तथा अनेकों बेश किमती जाने बचाई जा सकेंगी। विधायक सदर ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में बहराइच अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां पर जनपद के अतिरिक्त पड़ोसी जनपदों के साथ-साथ नेपाल राष्ट्र के मरीज़ भी बड़ी संख्या में उपचार के लिए आते हैं। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कालेज के प्राचार्य व सीएमएस डॉ. पाण्डेय ने मेडिकल कालेज अन्तर्गत संचालित महर्षि बालार्क चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक ने किया।

इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री, सीएमएस डॉ. एमएमएम पाण्डेय के साथ मेडिकल कालेज का शिक्षण स्टाफ, चिकित्सक तथा बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# युवक पर चाकू से किया ताबड़तोड़ वार, हालत गंभीर

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

शहर के सूफी पूरा मोहल्ले में एक युवक पर सोमवार रात को कुछ लोगों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। बचाने आए उसके पिता और दोस्त को भी बेल्ट से जमकर पीटा। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली देहात के माधवरेती में सोमवार रात आठ बजे कोतवाली नगर के मोहल्ला गुड्डी कला निवासी कुनाल (20) पुत्र राम प्रकाश पुराने लेनदेन को लेकर कुछ लोगों से वार्ता कर रहे थे। वार्ता के दौरान मौजूद 8 से 10 की संख्या में लोगों ने कुनाल पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। मौके पर मौजूद पिता राम प्रकाश पुत्र माधव प्रसाद और सूफीपुरा मोहल्ला



निवासी कुनाल के दोस्त हिमांशु गुप्ता पुत्र राम कुमार को दबंगों ने बेल्ट और लात घुसों से पीटा।सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले की जानकारी होने पर कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल जाना। कोतवाल ने बताया कि लेनदेन को लेकर विवाद हुआ है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद केस दर्ज की जाएगी।

# सरयू नदी में गिरने वाले नालों के ट्रीटमेन्ट पर कार्रवाई का दें विवरण

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पर्यावरण एवं गंगा संरक्षण समिति की बैठक

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**




गंगा व सहायक नदियों में पर्यावरणीय प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन और जल के सतत पर्याप्त प्रवाह को सुनिश्चित करने, वित्तीय वर्ष 2024-25 में पौधरोपण, जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने, जनपद में नदी के किनारे बसे किसानों को जैविक खाद के प्रयोग हेतु प्रेरित करने तथा औद्योगिक प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने डीपीआरओ व ई.ओ. को निर्देश दिया गया कि सरयू नदी में गिरने वालों नालों के ट्रीटमेन्ट के लिए की गई कार्यवाही का विवरण 03 दिवस में उपलब्ध कराएं।

खण्ड विकास अधिकारी चित्तौरा, हुजूरपुर, पयागपुर व विशेश्वरगंज को निर्देश दिया गया कि टेढ़ी नदी के जीर्णोद्धार हेतु अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। वृक्षारोपण कार्य की समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि गत वर्ष कराये पौधरोपण का शत-प्रतिशत सत्यापन कर पोर्टल पर फीडिंग कार्य को पूर्ण कर लिया जाय। पौधरोपण के लिए चिन्हित किये गये खलिहान व चरागाह के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समय से पूर्व गडढों की खुदाई तथा आवश्यकतानुसार पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय। पौधरोपण से सम्बन्धित विभागों को भी निर्देश दिया गया कि गडढ़ो की खुदाई एवं पौधों की उपलब्धता समय से सुनिश्चित कर ली जाय। बैठक के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि प्रदूषण नियंत्रण के दृष्टिगत ईंट भट्ठों एवं औद्योगिक इकाईयों की जांच कर ली जाय। नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वर्षा ऋतु से पूर्व नाली नालों की साफ-सफाई कर कूड़ा का उठान कर लिया जाय जिससे जल भराव की समस्या पैदा न हो। डीएम ने यह भी कहा कि इसके बावजूद कहीं पर जल भराव होने पर जल निकासी के लिए वैकल्पिक प्रबन्ध कर लिये जाएं। रूपईडीहा में अपूर्ण पेयजल परियोजना पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए डीएम ने अधि.अभि. जल निगम के प्रति कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए 03 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# गोण्डा ने प्रदेश के टॉप 10 जिलों में बनाई जगह

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के कुशल नेतृत्व में जनपद गोण्डा ने एक और कीर्तिमान दर्ज किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का सफल क्रियान्वयन कर गोण्डा ने प्रदेश के टॉप 10 जनपदों की सूची में अपनी जगह बनाई है। गोण्डा को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 9वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा लखनऊ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां, निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार द्वारा परियोजना अधिकारी, डूडा गोण्डा संजय मिश्रा और सीएलटीसी रोहित जायसवाल को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित



किया गया। बता दें, प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र शहरी परिवारों को पक्का घर मुहैया कराना है। इस योजना के तहत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी), मध्यम आय वर्ग (एमआईजी)- और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी)-के लोगों को घर खरीदने या बनाने में मदद की जाती है। परियोजना अधिकारी, डूडा गोण्डा संजय मिश्रा ने बताया कि जनपद गोण्डा में शहरी गरीबों के लिए 5790 आवास स्वीकृत है। इसमें, 5250 आवास का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 540 में सिर्फ एक को छोड़कर सभी अन्य का कार्य प्रगति पर है। कई चयनित लाभार्थियों की तीसरी किश्त भी जारी कर दी गई है।

# चौपाल लगाकर डीएम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

- पंचायत सहायक का अग्रिम आदेशों तक रोका गया वेतन

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा ने शुक्रवार को पण्डरी कृपाल ब्लाक की 6 ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर गांव में हो रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को जाना।

डीएम ने गांव में विकास कार्यों का सत्यापन भी कराया तथा जहां खामियां मिली, उन्हें तुरंत दुरूस्त कराए जाने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने कई समस्याएं डीएम के समक्ष रखी जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने खैरा ब्लॉक मुख्यालय पर, इन्द्रापुर प्राथमिक विद्यालय में, गिलौली



कम्पोजिट विद्यालय में , तारी परसोहिया पंचायत भवन में, दरियापुर हरदोपट्टी पंचायत भवन के पास, तथा मलारी पंचायत भवन के पास ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है। डीएम ने चौपाल लगाकर गांव में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। डीएम ने ग्रामीणों से बात कर गांव में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत को जाना और जहां खामियां मिली उन्हें तुरंत दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम ने गांव में संपर्क मार्ग, विद्युत व्यवस्था, ग्राम निधि से कराए गए कार्य, सभी प्रकार की पेंशन, मनरेगा, समूह, आवास तथा अन्य योजनाओं का लाभ देने के भी निर्देश दिए। डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए गांव में खराब हैंडपंपों को ठीक कराने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत बन रहे शौचालय, पात्र लाभार्थियों की पेंशन बनवाने व जो अन्य कार्य होने हैं, उन्हें जल्द पूरा करने की भी हिदायत दी।

# "पोषण भी पढ़ाई भी" कार्यक्रम से शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा : डीपीओ

- बच्चों के भविष्य को आकार देने में प्रारंभिक बचपन की शिक्षा अत्यन्त महत्वपूर्ण है: राजकपूर

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

''पोषण भी पढ़ाई भी'' कार्यक्रम अन्तर्गत अभिनव प्रयोग के तौर पर शुरूआती बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर द्वारा रॉकेट लर्निंग द्वारा ईसीसीई कार्यक्रम के तहत छोटे बच्चों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य



का अनावरण किया गया। राकेट लर्निंग 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल और शैक्षिक अवसर प्रदान करने का वादा करता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर ने कहा कि बच्चों के भविष्य को आकार देने में प्रारंभिक बचपन की शिक्षा अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्रारंभिक बचपन की शिक्षा बच्चे के विकास के लिए अवसर का एक महत्वपूर्ण द्वार है। श्री कपूर ने कहा कि प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ निवेश इससे व्यक्ति, परिवार एवं समाज का विकास होगा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए खेल-आधारित शिक्षा होने से मातृभाषा पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ केवल संज्ञानात्मक कौशल ही नहीं बल्कि सामाजिक और भावनात्मक कल्याण को भी बढ़ावा मिलेगा। रॉकेट लर्निंग टीम की ओर से धर्मेन्द्र सिंह, सुप्रिया चतुर्वेदी, संदीप कुमार, अंजुम, और कृष्णा गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बताया कि ''पोषण भी पढाई भी'' कार्यक्रम आने वाले कल की भावी पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। राकेट लर्निंग खेल-आधारित शिक्षा और समग्र विकास पर ध्यान देने के साथ, छोटे बच्चों को उन कौशल और ज्ञान से लैस करने का वादा करता है जिनकी उन्हें आगे बढ़ने के लिए आवश्यकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन की शिक्षा तक पहुँच प्रदान करके, शैक्षिक समानता में किसी भी अन्तर को खत्म करना है और यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चों के पास जीवन भर सीखने के लिए एक मजबूत आधार हो।

## प्रार्थना पत्र देकर रास्ते की भूमि का सीमांकन कराए जाने की उठी मांग

**उतरौला, बलरामपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मटियरिया कर्मा के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार को प्रार्थना पत्र देकर आस मोहम्मद के घर के सामने स्थित रास्ते की भूमि का सीमांकन कराए जाने की मांग की है। प्रधान हरी राम व ग्राम वासी इमरान, शहजाद, कल्लू, जुनैद, जर्रार, मुशाहिद रजा, रज्जाक, मोहम्मद नसीम का कहना है कि भूमि का सीमांकन ना होने के कारण रास्ते का निर्माण नहीं हो पा रहा है। रास्ते का निर्माण न होने के चलते इस भूमि पर हमेशा जल भराव की समस्या बनी रहती है। जल भराव कीचड़ होने के चलते यहां से गुजरना बेहद मुश्किल कार्य है। ग्राम वासियों का आवागमन बाधित रहता है।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारी को प्रशस्ति पत्र भेजकर किया सम्मानित

**बलरामपुर।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग राजीव कुमार द्वारा जनपद में लोकसाभा सामान्य निर्वाचन-2024 स्वतंत्र, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सिंह की प्रशंसा करते हुए प्रशंसा पत्र भेजा है। बताते चलें कि जनपद में लोकसभा चुनाव बिना किसी अप्रिय घटना, बिना किसी बाधा अथवा विघ्न के सम्पन्न हुआ। इसके लिए जिलाधिकारी सिंह द्वारा पिछले लोकसभा चुनाव की खामियों से सबक लेते हुए माइक्रो लेवल पर तैयारियां की गई थी। यही नहीं पहली बार ऐसा हुआ जब मतदान कार्मिकों, सुरक्षा बलों तथा मतदाताओं के लिए जनपद के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मेडिकल टीम तैनात की गई तथा हर मतदान केन्द्र पर शुद्ध पेयजल का प्रबंध किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा शुद्ध एवं शीतल पेयजल के लिए मतदान केन्द्रों पर सुराहियां रखवाई गई थीं।

## ग्राम पंचायत छीतरपारा घोड़चढ़ी डीह में गन्दगी की भरमार

**उतरौला,बलरामपुर।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत छीतरपारा घोड़चढ़ी डीह में सफाई कर्मी के न आने से गन्दगी की भरमार है। गांव में मोहम्मद सईद सैय्यद जलाली शाह का मजार व मस्जिद होने के नाते लोग उसी रास्ते से नमाज व मजार पर फातिहां पढ़ने के लिए आते जाते रहते हैं। नाली की सफाई न होने से गन्दा पानी सड़कों पर बहता है।

**जायजा**

## डीएम ने बीडीओ व सीडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

# और बेहतर रखी जाये चिकित्सालय भवन व परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, उपलब्ध संसाधनों इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय चित्तौरा, सीडीपीओ कार्यालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चित्तौरा का औचक निरीक्षण किया। ब्लाक कार्यालय में मनरेगा सेल के निरीक्षण के दौरान बीडीओ सौरभ पाण्डेय को निर्देश दिया कि अमृत सरोवरों के अवशेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। एडीओ पंचायत कक्ष के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि वर्ष 2023-24 व 2024-25 के व्यक्तिगत शौचालयों तथा सालिड वेस्ट मनेजमेन्ट से सम्बन्धित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। स्थापना पटल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि गार्ड फाइल को व्यवस्थित रखें तथा शासनादेशों को सुरक्षित रखा जाय। ब्लाक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बीडीओ को यह भी निर्देश दिया कि वैकल्पिक ऊर्जा के लिए सोलर प्लान्ट लगवाएं तथा सभागार को सुसज्जित भी किया जाय। ब्लाक कार्यालय के निरीक्षण के उपरान्त



डीएम मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चित्तौरा का निरीक्षण कर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, इमरजेन्सी वार्ड व सामान्य वार्ड, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी, एक्सरे कक्ष व शीतल जल की उपलब्धता इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि यहां पर आने वाले मरीज़ों को सीएचसी से ही दवाएं उपलब्ध करायी जाएं तथा बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. तबरेज़ को निर्देश दिया गया कि चिकित्सालय भवन व परिसर की साफ-सफाई और बेहतर रखी जाय तथा रिक्त स्थानों पर शोभाकार पौधे रोपित करा दिये जाएं।

सीएचसी के निरीक्षण के दौरान सभी 06 चिकित्सक तथा 23 के सापेक्ष 21 पैरा मेडिकल स्टाफ उपस्थित पाये गये। जबकि 02 कार्मिक अवकाश पर थे। पंजीकृत मरीज़ों की संख्या 229 पायी गयी जिसमें से डॉ. शिप्राराल द्वारा 51, डॉ. अभय कुमार द्वारा 79, डॉ. रजत मेहरोत्रा द्वारा 25, डॉ. अब्दुल हन्नान द्वारा 11, डॉ. तबरेज़ अहमद द्वारा 15 तथा डॉ. संजय शुक्ला द्वारा 48 मरीज़ों का उपचार किया गया। संस्थागत प्रसव की संख्या 02 तथा 11 मरीज़ भर्ती पाये गये। पैथालोजी के माध्यम से मलेरिया के 05, बलगम के 17, ए.एन.सी. की 06 व ब्लड की 24 कुल 52 जांचे की गई थीं। सीएचसी के निरीक्षण से पूर्व डीएम द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी चित्तौरा के कार्यालय का भी निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# स्वच्छ भारत मिशन अभियान को पलीता लगा रहे हैं मंडी समिति के अधिकारी



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत मिशन अभियान भले ही आम जनता मानती हो लेकिन सरकारी विभागों में एक सबसे महत्वपूर्ण माना जाने वाला मंडी समिति शायद इस अभियान को गंभीरता से नहीं लेता है तभी तो रायबरेली जनपद का मंडी समिति परिसर जल भराव और बदबू से भरपूर है।

रायबरेली की मंडी समिति में टैक्स वसूलने में माहिर यहां के अधिकारी और कर्मचारी साथ ही अवैध वसूली के भी कई आरोप इनके ऊपर लगते रहे हैं ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि अगर समिति के परिसर के बजबजाती नालियां उस पर पनपते गंदे कीड़े और मच्छर समिति के अंदर आने वाले किसानों के लिए बीमारी का मुख्य कारण बन सकते हैं किसानों ने इसकी कई बार शिकायत भी की लेकिन सूत्रों की माने तो वातानुकूलित कमरे में बैठने वाले समिति के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। जबकि इसी समिति को कीटनाशक दवाओं को भी रखने का नियम है ऐसे में पुनः यह प्रश्न फिर से उठता है कि क्या मंडी समिति स्वच्छ भारत मिशन के अभियान को नहीं मानती है या फिर उसको माने में और लागू करने में लापरवाही करती है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती घर से गायब

**बछरावां,रायबरेली।** क्षेत्र के गांव में बीती रात एक युवती घर से संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चला तो पिता ने थाने पर तहरीर दी है। क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री बीती रात अचानक घर में किसी से बिना बताए कहीं पर चली गई है। पीड़ित पिता ने बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। पिता का कहना है कि उसकी बेटी अक्सर जब घर से जाती थी तो घरवालों से जरूर बताती थी परंतु बीती रात वह कहां चली गई उसने किसी को कुछ नहीं बताया पिता का कहना है कि उसकी बेटी के साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटना घट सकती है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# तीन बदमाशों ने दो लूट की घटनाओं को दिया अंजाम

- पहले चौकीदार फिर बियर शॉप के सेल्समैन को लूटा



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कई थानाध्यक्षों के तबादले किए गए लालगंज के नवागत थानाध्यक्ष संजय कुमार के चार्ज लेते ही चोरों ने बीती रात थाना क्षेत्र के बेहटा कला गांव के पास लगातार दो लूट की घटना को अंजाम देकर उनका स्वागत किया। आपको बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के बेहटा कला गांव में बियर की दुकान के सेल्समैन और एक चौकीदार से लूट की वारदात हुई है। बाइक सवार तीन बदमाशों ने चौकीदार और सेल्समैन को लूटा। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई है।

जान से मारने की धमकी देकर भागे बदमाश घटना सोमवार की देर रात की है। जब मातादीन पुत्र मन्नू लाल चौकीदार निवासी चंपतपुर कोतवाली लालगंज काम से जा रहे थे। जैसे ही वह सिद्धिविनायक स्कूल के पास पहुंचे तो मोटरसाइकिल पर खड़े तीन लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट करने लगे। इसी बीच बेहटाकलां गांव के रविशंकर चौरसिया पुत्र अंबिका प्रसाद जो बियर की दुकान पर सेल्समैन हैं, वहां से गुजरते दिखे। तभी मातादीन ने मदद के लिए आवाज लगाई। रविशंकर ने मोटरसाइकिल रोककर उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की और मातादीन के पास रखे 4000 रुपये और सेल्समैन रविशंकर चौरसिया के 14000 रुपये लूटने का आरोप लगा है। बदमाश गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित ने लिखित तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जा करना पड़ा महंगा, चला बुलडोजर

**शिवगढ़, रायबरेली।** विकास क्षेत्र अंतर्गत उस समय लोगों में हड़कंप मच गया जब अवैध निर्माण पर बाबा का बुलडोजर चला। मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के बक्शी खेड़ा मजरे बहादुर नगर में चारागाह की भूमि गाटा संख्या 1287 पर गांव के ही हनुमान पुत्र शंभू द्वारा लगभग 500 वर्ग फीट पर अवैध निर्माण कर रखा था। जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी महाराजगंज को प्राप्त हुयी थी। मंगलवार को नायब तहसीलदार की अगुवाई में राजस्व विभाग व गठित पुलिस टीम द्वारा चारागाह पर बनी अवैध पक्की दीवाल को ढहा दिया गया इस मौके पर हल्का लेखपाल अवनीश प्रताप सिंह तहसील की राजस्व व पुलिस टीम मौजूद रही।



## भाकियू दद्दू गुट ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सरेनी,रायबरेली।** मंगलवार को स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय में भारतीय किसान यूनियन दद्दू गुट के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित की अगुवाई में सदस्यों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित 2 ज्ञापन ए डी ओ सहकारिता को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में नहरों का जाल बिछा है लेकिन डलमऊ बी पंप नहर व शारदा सहायक नहर से क्षेत्र की नहरो में पानी नहीं छोड़ा जाता इससे किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि यदि जल्दी ही सभी नहरों में जलापूर्ति न हुई तो आगामी 25 जुलाई को बड़ी रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा की जनकल्याणकारी योजनाएं आम लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। इन योजनाओं को शीघ्र लोगो तक पहुंचाया जाए। साथ ही आवारा पशुओं को गौशाला भेजा जाए। इस मौके पर सुरेश चंद्र तिवारी राज बहादुर यादव रामजस सिंह सरोजनी देवी विकास सिंह आदि लोग थे।

# किसान नेता बोले, पुलिस ने हत्याकांड में 302 व 307 नहीं लगाई

- पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



घात लगाकर की गई हत्या के मामले में पुलिस द्वारा लगाई गई धाराओं के खिलाफ मंगलवार को पीड़ित महिला एसपी कार्यालय पहुंची। थाना डीह के पूरे पृथ्वी मजरा रोखा निवासी अब्दुल मजीद की पत्नी कमर जहां ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

उसके बाद एसपी ने धारा बढ़ाने का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार का समर्थन मे उतरे किसान नेता भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह ने पीड़ित परिवार का समर्थन किया। किसान नेता ने कहा कि पुलिस ने हत्याकांड में धारा 302 व 307 नहीं लगाई। मामले के जांच अधिकारी इंस्पेक्टर पंचम लाल की कार्रवाई की निंदा करते हुए उन्होंने जांच अधिकारी बदलने की भी मांग की। किसान नेता ने कहा कि पीड़ित महिला अनपढ़ है, जिसे पुलिस थाने ले गई और अपने तरीके से कागजी कार्रवाई की और इस गंभीर अपराध में धारा 302 व 307 नहीं जोड़ी। पुलिस दोषियों का पक्ष ले रही है।

एसपी ने धारा बढ़ाने का आश्वासन दिया भाजपा किसान नेता ने कहा कि इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल से मुलाकात की गई है। उन्होंने धाराएं बढ़ाने का आश्वासन दिया है और जांच अधिकारी बदलने की भी बात कही है। किसान नेता ने कहा कि पुलिस की कार्य प्रणाली पुरानी है और उन्हें रिश्वतखोरी व दबाव की आदत हो गई है। जब मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचता है तो उनका दिमाग ठंडा हो जाता है।

**ये था मामला:** उल्लेखनीय है कि डीह पुलिस ने दो आरोपियों शाहरुख खान व अलीजान निवासी पूरे दौलत माजरा थाना डीह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

डीह थाना क्षेत्र के पूरे पृथ्वी माजरा रोखा में नाई का काम करने वाले दो भाइयों खुर्शीद व समीर पर पुरानी रंजिश के चलते उपरोक्त लोगों ने हमला कर दिया था। जिसमें इलाज के दौरान खुर्शीद की मौत हो गई थी। जबकि दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला मजदूर का शव

**सरेनी,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार की दोपहर को भट्टे में काम करने वाले श्रमिक ने आम की डाल से फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दिया। इससे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया की युवक नशे का लती था। छत्तीसगढ़ प्रदेश के बलौदा बाजार जनपद के लवन थाने के सिंधारी गांव का रहने वाला रघुनाथ पटेल उम्र करीब 32 वर्ष पुत्र तिहारू बेनी माधवगंज स्थित एक भट्ठे में ईंट निकासी का काम करता था। आज दोपहर को वह भट्ठे से कुछ दूर पर स्थित आम की डाल से फांसी



का फंदा बनाकर लटक गया इससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से मृतक के साथ रह रही पत्नी नंदिनी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी।।

## खबरें एक नजर में

### छत्रपति शाहूजी महाराज का आज मनेगा जन्मोत्सव

**इटावा।** आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्मोत्सव पर क्षेत्रीय जनता से सुदिती ग्लोबल एकैडमी इटावा में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई है। प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम के आयोजक प्रो. डॉ. एमपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्मोत्सव कार्यक्रम बुधवार 26 जून 2024 को सुदिती ग्लोबल एकैडमी आगरा रोड इटावा में धूमधाम से मनाया जायेगा। इसी क्रम मे आरक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रातः10 बजे से शुरू होगा ।जिसमें विभिन्न जनपदों से प्रो. व प्रकांड विद्वान समाजसेवी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। जहां पर उपस्थित क्षेत्रीय जनता को आरक्षण के बारे में बारीकी से जानकारी देंगे।

### पीएम आवास योजना से वंचित महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**इटावा।** प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित ऊसरा अड्डा की महिलाओं ने सुंदरपुर वार्ड सभासद अविनाश कुशवाहा व ऊसरा अड्डा सभासद जितेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में कचहरी पहुंचकर प्रदर्शन किया।। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल कुमार को सौंपा। महिलाओं ने भेदभाव का आरोप लगाते हुये कहा कि क्षेत्र की महिलाओं की सुनवायी नहीं हो रही है। सभासद अविनाश कुशवाहा ने कहा कि वार्ड के विकास कार्य में अगर भेदभाव होगा तो बर्दास्त नहीं करेंगे,हर विकास कार्य के लिये आवाज़ उठाते रहेंगे। ज्ञापन के समय प्रवेश कुशवाहा, शिवा ठाकुर, मनीष, योगेश, सूर्या, कुलदीप, विकास, प्रदीप,श्रेष्ठ कुमार भी महिलाओं के साथ रहे।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो घायल



**बछरावां,रायबरेली।** बीते सोमवार की देर रात लगभग 10:00 के आसपास बछरावां कस्बे की लकड़ मंडी में बछरावां शिवगढ़ मार्ग पर करण पुत्र माता प्रसाद उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी नंदू का पुरवा मजरे कुंडौली जो बछरावां कस्बे की तरफ आ रहा था। और दूसरा बाइक सवार नीरज पुत्र प्रेम शंकर निवासी जोहवा शर्की उम्र लगभग 18 वर्ष दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में दोनों युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से सूचना एंबुलेंस को दी गई। एंबुलेंस के द्वारा दोनो घायलो को इलाज के लिए बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहा दोनों युवकों का प्राथमिक उपचार किया गया। युवक करन की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर किया गया है।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 29 जून को

**रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर), रायबरेली के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷मिशन रोजगार÷ के अन्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), गोराबाजार, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 29 जून 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 03 कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

# आपातकाल के विरोध में भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस

- कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में आज 25 जून 1975 में आपातकाल की याद में काला दिवस मनाया गया। मंगलवार शाम को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से जब पूछा गया कि देश प्रदेश में मॉब लिंचिंग की घटनाओं में एक विशेष वर्ग को टारगेट किया जा रहा है तो वह इस सवाल का जवाब देने से बचते नजर आए और बिना जवाब दिए निकल गए।

**25 जून 1975 को लगाये गये आपातकाल के विरोध में मनाया काला दिवस:** इससे पहले सुरेश खन्ना ने बताया की 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था।तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया और उनको प्रताड़ित किया और तो और उन्होंने प्रेस पर प्रतिबंधित लगा दिया।

**स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया गया सम्मानित:** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे लोकतांत्रिक काला दिन था। इसी लिए इस आपात काल को काला दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभा में आये सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को मंत्री सुरेश खन्ना व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह व जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने अंग वस्त्र भेट कर सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रुच्चू मल सन्तानी,रोहित पांडेय,श्री धर शर्मा,सुनील कक्कड़,दिनेश चंद्र,गया प्रसाद सोनकर,संत लाल गुप्ता,आलोक कुमार त्रिपाठी,गोविंद लाल आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया।

## सोख्ता गड्ढा में हो रहा पीले ईटों का प्रयोग बीडीओ से शिकायत

**महराजगंज, रायबरेली।** खंड विकास अधिकारी को दिया शिकायती पत्र प्रार्थी जगजीवन निवासी पुरे मोती पासी मंजरे ज्योना ने बी डी ओ को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जो सोख्ता गड्ढा पूरे मोती पासी में बन रहा है उसमें पीली ईटों का धड़ल्ले के साथ प्रयोग किया जा रहा। है मेरे द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी से कहा गया ना ही ग्राम पंचायत अधिकारी पहुंचे ना ही ठेकेदार पहुंचे ठेकेदार द्वारा अव्वल ईद लगाए जाने की कृपा की जाए अगर भारत सरकार द्वारा पीली ईट लगाए जाने का प्रावधान है तो मीनू शिकायत पर्ची देने की कृपा की जाए जगजीवन ने पीले ईंटें हटाकर अव्वल ईंट लगाए जाने की खंड विकास अधिकारी से गुहार लगाई।

# शिक्षकों-बच्चों को सिखाए जाएंगे संचारी रोग से बचाव के तरीके

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

शिक्षकों एवं बच्चों को संचारी रोगों के विषय में जानकारी देंगे उनसे बचाव के तौर तरीके सिखाए जाएंगे प्रार्थना सभा के दौरान प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को संचारी रोग नियंत्रण के विषय में विस्तार से जानकारी दी जाएगी 1 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह के तहत अब परिषदीय विद्यालय में बच्चे जागरुक किए जाएंगे मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र घोरवारा में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शिक्षकों को संचारी रोग के विषय में जानकारी दी गई खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में सभी शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी शिक्षकों को संचारी रोग के विषय में विस्तार से बताया 1 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य संचारी रोगों से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा इस दौरान बच्चे भी स्कूल आना प्रारंभ कर देंगे जहां पर प्रार्थना सभा के दौरान सभी शिक्षक बच्चों को स्वच्छता के विषय में जानकारी देंगे खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सभी प्रधानाध्यापक एवं संगठन के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# दो वर्षों बाद भी नहीं बन पाया बाईपास, टूट रही आस

- बाईपास पर 2 वर्षों बाद अधिग्रहण की गई जमीन पर लगाए गए बिजली के पोल

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



कस्बे को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए शुरू हुआ बाईपास का काम 3 वर्षों से अटका हुआ है 3 वर्षों बाद भी जिम्मेदार इस ओर कोई सार्थक प्रयास करते हुए दिखाई नही पड़ रहे हैं। अधिकारियों की इस उदासीनता के चलते क्षेत्र के लोगों में बाईपास को लेकर जगी आस की किरण धीरे-धीरे टूटने लगी है। कस्बे में आने वाले वाहनों का लोड कम हो सके, इसके लिए बांदा बहराइच हाईवे से लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग तक बाईपास निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव पूर्व विधायक स्व0 रामनरेश रावत द्वारा वर्ष 2021 में कराया गया था।

इसके बाद साढ़े तीन किलोमीटर की सड़क बनाने के लिए 10.5 करोड रुपए शासन से स्वीकृति भी मिल गई। लंबे इंतजार के बाद लगभग 1 वर्ष पूर्व काम शुरू हुआ, लेकिन सभी किसानों को मुआवजा दिए बिना ही इसका निर्माण वर्ष 2023 फरवरी माह में शुरू कर दिया गया। जिस काम को किसानों ने धरना प्रदर्शन कर बंद कर दिया। 1 वर्ष से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी काम बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीण शशिकांत, मनोज, अभय, मयंक, देवी चरण ,अमरेंद्र का कहना है कि बाईपास बनने से क्षेत्र का विकास होगा रसूलपुर, जलालपुर , गुर्जरपुर समेत कई गांव की हाईवे से बेहतर कनेक्टिंग होगी। कस्बे को जाम से छुटकारा मिलने के बाद साथ ही साथ क्षेत्र में व्यापारिक दृष्टिकोण से भी बछरावां मजबूत होगा इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह ने बताया कि इस बाईपास का बजट पिछले वर्ष आया था, परंतु कुछ किसानों के बैंक में केसीसी होने के कारण उनको मुआवजा देने में कठिनाई आई है तथा कुछ किसान बाहर रहते हैं जो मौके पर नहीं आ सके जिस कारण उनको मुआवजा नहीं मिल पाया और काम इसी कारण रुका हुआ है।

बिजली के खंभे भूमि अधिग्रहण की गई जमीन पर शिफ्ट किया जा रहे हैं जल्द ही बाईपास निर्माण का काम शुरू कराया जाएगा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने आउटरीच प्रोग्राम किए आयोजित

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किये। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में शक्ति दीदी महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।

## इटावा सफारी पार्क में शावक की मौत

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में विगत 31 मई/1 जून को पैदा हुए शावकों में से 2 को शेरनी नीरजा ने दूध नहीं पिलाया था जिसके कारण उन्हें कीपरों द्वारा नियमित रूप से दूध पिलाया जा रहा था। उक्त में से एक शावक कुछ अस्वस्थ हुआ। शावक को पशु चिकित्सकों एवं कीपरों द्वारा लगातार देखभाल की जा रही थी। उसके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार प्रतीत हो रहा था।

आज सुबह तक हलचल कर रहा था, परंतु सुबह 6 बजे दूध पिलाने के लिए जब कीपर पहुँचे तो वह शावक को मृत पाया। मृत शावक को पोस्टमार्टम हेतु आईवीआरआई बरेली भेजा गया है ताकि मृत्यु के कारणों का पता चल सके।

# पुलिस ने मनचलों के खिलाफ चलाया गया अभियान

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर मनचलों/ अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।

जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक-युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

# चोरी की बैटरी सहित चोर गिरफ्तार, दो साथी फरार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवन्तनगर पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किये गये 7 बैटरी व परिवहन में प्रयुक्त बुलेरो गाड़ी बरामद की।

वादी गिरवर सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम शाहजहाँपुर थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा द्वारा थाना जसवन्तनगर पर सूचना दी गयी कि अज्ञात चोरो द्वारा वादी की दुकान का ताला तोड़कर वादी की दुकान से चोरी कर ली गयी। थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा बस अड्डा चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी रूचित पुत्र शिवपाल निवासी ग्राम झिगुपुर थाना सैफई को बुलेरो कार सहित फुब्बारा चौक के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामद बुलेरो कार नं. यूपी 75 आर 8289 को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया। दो आरोपी अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। बुलेरो कार की तलाशी ली गयी तो बुलेरो कार से 7 बैटरे बरामद किये गये जिनके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह बैटरियाँ मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर सैफई रोड पर स्थित बैटरी इन्वेटर की दुकान से चोरी किये थे।इस सफलता में रामसहाय सिंह प्रभारी थाना जसवन्तनगर, उ.नि. सन्त कुमार, उ.नि. इमरान फरीद, का. महेन्द्र कुमार, का. दानिश मोहम्मद का सराहनीय योगदान रहा।

## भ्रष्टाचार की नींव पर बने पुल

बरसात आने से पहले ही बिहार में एक सप्ताह के भीतर एक के बाद एक तीन पुलों का गिरना सार्वजनिक निर्माण में व्याप्त भ्रष्टाचार व धांधलियों को बेनकाब करता है। लगातार धड़ाधड़ गिरते पुल न केवल ठेकेदारों बल्कि उन्हें संरक्षण देने वाले राजनेताओं पर भी सवालिया निशान लगाते हैं। एक सप्ताह के भीतर बिहार के मोतिहारी में रविवार को एक पुल गिरने की तीसरी घटना हुई। इससे पहले अररिया और सिवान में भ्रष्टाचार के पुल गिरे थे। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाला जो पुल गिरा, उसकी एक दिन पहले ही ढलाई हुई थी। रात में पुल भरभरा कर गिर गया। यदि यह पुल यातायात खुलने के बाद गिरता तो न जाने कितनी जानें चली जातीं। आरोप है कि घटिया सामग्री के कारण पुल बनने से पहले गिर गया। शनिवार को सिवान में गंडक नहर पर बना तीस फीट लंबा पुल गिर गया, जो चार दशक पहले बना था। इसी तरह मंगलवार को अररिया में बारह करोड़ की लागत से बना पुल गिर गया था। पुल के तीन पाये ध्वस्त हो गए थे। बिहार में निर्माण कार्यों में धांधलियों का आलम यह है कि पिछले पांच सालों के दौरान दस पुल निर्माण के दौरान या निर्माण कार्य पूरा होते ही ध्वस्त हो गए। उल्लेखनीय है कि बीते साल जून में भागलपुर में गंगा नदी पर करीब पौने दो हजार करोड़ की लागत से बन रहे पुल के गिरने पर भारी शोर मचा था। लेकिन उसके बाद भी हालात नहीं बदले। पुलों के गिरने का सिलसिला यूं ही जारी है। जो बताता है कि नियम–कानून ताक पर रखकर बेखौफ घटिया सामग्री वाले सार्वजनिक निर्माण कार्य जारी हैं। जाहिर है ऊपर से नीचे तक की कमीशनखोरी और जनता की कीमत पर मोटा मुनाफा कमाने वाले ठेकेदारों की मनमानी जारी है। तभी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग बेखौफ किया जा रहा है। यदि शासन–प्रशासन का भय होता तो पुल यूं धड़ाधड़ न गिर रहे होते। सवाल ये उठता है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम देश की विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता की निगरानी करने वाला तंत्र क्यों विकसित नहीं कर पाए? यह जरूरी है कि सार्वजनिक निर्माण गुणवत्ता का हो और उसका निर्माण कार्य समय पर पूरा हो। इन योजनाओं को इस तरह डिजाइन किया जाए, जिससे कई पीढ़ियों को उसका लाभ मिल सके। साथ ही वह दुर्घटनामुक्त और जनता की सुविधा बढ़ाने वाला हो। मगर विडंबना देखिए कि बिहार के पुल उद्घाटन से पहले ही धराशायी हो रहे हैं। स्पष्ट है कि मोटे मुनाफे के लिए घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। वहीं दूसरा निष्कर्ष यह है कि जिन लोगों का काम निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी करना होता है, वे आंखें मूंदे बैठे हैं। जो समाज में मूल्यों के पराभव व आपराधिक तत्वों की निर्माण कार्यों में गहरी दखल को ही दर्शाता है। यही वजह है कि भारी यातायात के दबाव वाले दौर में पुल अपना ही बोझ नहीं संभाल पा रहे हैं। यूं तो कभी किसी हादसे की वजह से भी पुल गिर सकते हैं, मगर निरंतर कई पुलों का कुछ ही दिनों में गिरना साफबताता है कि दाल में काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है। जिसमें भ्रष्टाचार की बड़ी भूमिका है। दरअसल, सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता की यदि समय–समय पर जांच होती रहे तो ऐसे हादसों से बचा जा सकता था। इन हादसों की वजह यह भी है कि राजनेताओं व दबंगों के गठजोड़ से ऐसे लोगों को ठेके मिल जाते हैं, जिनको न तो बड़े निर्माण कार्यों का अनुभव होता है और न ही गुणवत्ता को लेकर किसी तरह की प्रतिबद्धता होती है।

# एमएसपी घोषणा से दलहन-तिलहन में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**



**सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में इस हद तक आत्मनिर्भर हो जाए कि विदेशों से एक दाना भी दाल का आयात नहीं करना पड़े। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित दालों अर्थात दलहनी फसलों में भारत की भागीदारी 25 प्रतिशत के लगभग है। 2027 तक यह लक्ष्य अर्जित करने के लिए हमें 28 फीसदी का आंकड़ा छूना होगा। देश के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश में कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है और जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं वे निश्चित रूप से सकारात्मक और उत्साहवर्द्धक है।**

केन्द्र सरकार की खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा से दलहन और तिलहन के उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ता कदम माना जाना चाहिए। देश में तिलहन और दलहन का उत्पादन पिछले सालों में लगातार बढ़ता जा रहा है पर अभी भी देश दलहन और तिलहन के क्षेत्र में घरेलू जरूरत पूरी होने जितना उत्पादन हो नहीं पा रहा है। हालांकि अब धीरे-धीरे दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़ने लगा है और केन्द्र सरकार 2027 तक दलहन के क्षेत्र में देश की विदेशी निर्यात पर पूरी निर्भरता कम होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। केन्द्र सरकार की आगामी खरीफ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा से यह साफ हो जाता है कि सरकार दलहन और तिलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सही व योजनावद्ध तरीके से कदम बढ़ा रही है।

सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में इस हद तक आत्मनिर्भर हो जाए कि विदेशों से एक दाना भी दाल का आयात नहीं करना पड़े। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित दालों अर्थात दलहनी फसलों में भारत की भागीदारी 25 प्रतिशत के लगभग है। 2027 तक यह लक्ष्य अर्जित करने के लिए हमें 28 फीसदी का आंकड़ा छूना होगा। देश के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश में कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है और जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं वे निश्चित रूप से सकारात्मक और उत्साहवर्द्धक है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी और तिलहनी-दलहनी फसलों की खरीद के आश्वासन से किसानों का दलहन-तिलहन के प्रति रुझान बढ़ा है। केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार सर्वाधिक बढ़ोतरी नाइजरसीड यानी कि राम तिल पर की गई है तो दालों में अरहर/तुअर की दाल के एमएसपी में भी 550 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। वैसे सरकार द्वारा खरीफ की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय और किसानों को प्रोत्साहित करने वाली बढ़ोतरी की है।

न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा के पीछे उद्देश्य यह रहा है कि किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके। देश में पहली बार 1966-67 में केवल गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। एक अगस्त, 1964 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। इसके बाद सरकारों ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है।

नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है तो हरियाणा सरकार भी केरल की तरह हरियाणा सरकार भी सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है।

एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फार्मूला सुझाया था कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। हांलाकि सरकार का दावा है कि खरीफ 2024 के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2018-19 की बजट घोषणा के अनुरूप अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय किया गया है। सरकारी दावों की बात की जाए तो बाजरा की उत्पादन लागत पर 77 प्रतिशत तो तूअर पर 59 प्रतिशत, मक्का पर 54 प्रतिशत, उड़द पर 52 प्रतिशत तो बाकी अन्य फसलों पर भी उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत मार्जिन होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। दरअसल देश में तिलहन और दलहन उत्पादन के लिए सरकारें गंभीर रही हैं। 1986 में सैम पित्रोदा की अध्यक्षता में टीएमओ यानी कि तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन का गठन किया गया था। इस मिशन के माध्यम से देश में तिलहनों के उत्पादन को बढ़ाना था। राजस्थान सहित देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के समन्वित प्रयास किए गए। राजस्थान में तो सहकारी क्षेत्र में तेल मिलें भी लगाई गई और तिलहन सोसाइटियां गठित कर उनका संघ भी बनाया गया।

तेल मिलों का संचालन भी इसी संघ को दिया गया पर कालांतर में तिलम संघ की तेल मिलें तो बंद हो गईं वहीं तिलम संघ अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए आज भी जूझ रहा है। कमोबेश यही स्थिति अन्य प्रदेशों में भी रही है। खैर यह विषयांतर हो गया पर 1990 में दलहन को भी इस तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के दायरे में लाया गया। इसके बाद 1992-93 और 95-96 में पाम ऑयल और मक्का को भी इस तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के दायरे में लाकर इनके उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। 2021 से मिशन पॉम ऑयल भी सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। इसके माध्यम से सरकार ने 15 राज्यों में पॉम ऑयल के उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास किए। इस मिशन के तहत 2025-26 में पूर्वोत्तर राज्यों में 3.28 लाख हैक्टेयर में और पूर्वोत्तर के इतर राज्यों में 3.22 लाख हैक्टेयर में पॉम ऑयल की खेती का रकबा पहुंचाने का लक्ष्य रख कर सरकार चल रही है। खैर दो बातें साफ हो जानी चाहिए कि देश को तिलहन और दलहन की पैदावार में बढ़ोतरी कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना और समयपूर्व एमएसपी घोषित करना सही दिशा में बढ़ता प्रयास है तो दूसरी और न्यूनतम घोषित दर किसानों को मिले ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसके लिए खरीद व्यवस्था को चाक-चौबंद और खरीद तंत्र को मजबूत बनाना होगा।

## विचार

# केजरीवाल को जमानत मामले में ईडी की सफलता क्षणिक

**के रवींद्रन**



**बड़ा सवाल यह है कि प्रक्रियात्मक मुद्दों का सहारा लेकर एजेंसी अपनी विफलताओं को किस हद तक छिपा सकती है और जब अदालत मूल मुद्दों और ईडी की आपत्तियों के गुण-दोष पर विचार करेगी, खासकर उस संदर्भ में जब मूल अदालत ने मामले के बारे में गंभीर संदेह व्यक्त करते हुए जमानत दी थी। ईडी की केजरीवाल को निचली अदालत द्वारा दी गई जमानत पर स्थगन प्राप्त करने में सफलता मुख्य रूप से तकनीकी आधार पर थी न कि केजरीवाल के खिलाफप्रस्तुत साक्ष्य की गुणवत्ता पर। एजेंसी ने तर्क दिया कि उसे जमानत की सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील द्वारा प्रस्तुत तर्कों का खंडन करने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया था।**

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा कर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के जमानत पर बाहर आने के जश्न में बाधा डालने में कामयाबी हासिल की है, जबकि न्यायालय के आदेश पर वह अपना हाथ भी नहीं डाल सकता था। फिर उच्च न्यायालय ने कुछ प्रक्रियागत मुद्दों के आधार पर इस पर अस्थायी रोक लगा दी है। लेकिन यह उसकी कोई बड़ी जीत नहीं हो सकती है, क्योंकि यह रोक केवल तब तक लागू रहेगी, जब तक कि ईडी की चुनौती पर सुनवाई नहीं हो जाती और न्यायालय द्वारा अगले 2-3 दिनों में इसका निपटारा नहीं कर दिया जाता। जिस तरह से ईडी ने प्राकृतिक न्याय को अवरुद्ध करने की कोशिश की है, उससे जाहिर तौर पर उसके राजनीतिक आका खुश हैं, जो केजरीवाल और उनकी पार्टी को हमेशा के लिए खत्म होते देखना चाहते हैं क्योंकि उन्हें पार्टी के बढ़ते प्रभाव से वास्तविक खतरा दिखाई देता है। लेकिन जिस तरह से एजेंसी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की रिहाई में देरी करने के लिए काम किया है, उसकी व्यापक निंदा हुई है। बड़ा सवाल यह है कि प्रक्रियात्मक मुद्दों का सहारा लेकर एजेंसी अपनी विफलताओं को किस हद तक छिपा सकती है और जब अदालत मूल मुद्दों और ईडी की आपत्तियों के गुण-दोष पर विचार करेगी, खासकर उस संदर्भ में जब मूल अदालत ने मामले के बारे में गंभीर संदेह व्यक्त करते हुए जमानत दी थी।

ईडी की केजरीवाल को निचली अदालत द्वारा दी गई जमानत पर स्थगन प्राप्त करने में सफलता मुख्य रूप से तकनीकी आधार पर थी न कि केजरीवाल के खिलाफप्रस्तुत साक्ष्य की गुणवत्ता पर। एजेंसी ने तर्क दिया कि उसे जमानत की सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील द्वारा प्रस्तुत तर्कों का खंडन करने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा इस तर्क को स्वीकार करना ईडी के लिए एक ठोस जीत के बजाय एक प्रक्रियात्मक जीत का संकेत देता है। इससे केजरीवाल के खिलाफ ईडी के मामले की मजबूती पर सवाल उठते हैं। प्रारंभिक जमानत कार्रवाई के दौरान सुबूतों के माध्यम से केजरीवाल की संलिप्तता को पुख्ता तौर पर स्थापित करने में ईडी की असमर्थता उनकी जांच या एकत्र किये गये सुबूतों में कमजोरियों का संकेत दे सकती है।

वास्तव में, राउज एवेन्यू कोर्ट के जज द्वारा दिये गये 25-पृष्ठ के आदेश में ईडी के तौर-तरीके की गंभीर आलोचना की गई है, जिसमें अपर्याप्त सुबूत प्रस्तुत करना और कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में संभावित पक्षपात दिखाना शामिल है। जबकि मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि हो गई है, एजेंसी केजरीवाल को लेन-देन से जोड़ने में विफल रही है। कोर्ट ने बिना किसी पुष्ट सुबूत के सह-आरोपी और अनुमोदकों के बयानों पर भरोसा करने के लिए ईडी की भी आलोचना की। अदालत की टिप्पणी वर्तमान राजनीति की एक दर्दनाक सच्चाई की ओर इशारा करती है, जब उसके आदेश में कहा गया है- श्अदालत को इस तर्क पर विचार करने के लिए रुकना होगा, जो कि एक स्वीकार्य दलील नहीं है कि जांच एक कला है, क्योंकि अगर ऐसा है, तो किसी भी व्यक्ति को फंसाया जा सकता है और रिकॉर्ड से दोषमुक्ति सामग्री को कलात्मक रूप से हटाने के बाद उसके खिलाफ सामग्री को कलात्मक रूप से हासिल करके सलाखों के पीछे रखा जा सकता है।

जांच प्रक्रिया में प्राकृतिक न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों पर जोर देते हुए, न्यायाधीश ने कहा कि श्ईडी ने पीएमएलए की धारा 45 के तहत कठोर जमानत शर्तों पर बहुत अधिक भरोसा किया, जो प्रक्रियात्मक तकनीकी की मदद से कानूनी निष्पक्षता और निर्दोषता के अनुमान के सिद्धांतों को प्रभावित करता है। अदालत ने आगे कहा कि केजरीवाल को अदालत ने तलब नहीं किया था, लेकिन ईडी के चल रहे जांच दावे के आधार पर वह अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं। प्रक्रियाओं पर यह अनुचित दबाव ईडी के मामले को और कमजोर करता है। राहत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते समय भी एजेंसी के वकील न्यायालय की टिप्पणियों में सामने आये मूल मुद्दों को नहीं उठा रहे थे, बल्कि सुनवाई की प्रक्रियाओं के बारे में बात कर रहे थे। एजेंसी के वकील, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने उच्च न्यायालय से शिकायत की कि उन्हें अपना मामला रखने का श्पूरा अवसरश् नहीं दिया गया और यहां तक कि उन्होंने न्यायाधीश के आदेश को विकृत करार दिया।

केजरीवाल लगातार कहते रहे हैं कि ईडी उनके खिलाफ कोई विश्वसनीय सुबूत पेश करने में विफल रही। न्यायालय की टिप्पणियों के बाद इस बिंदु पर उनका जोर विश्वसनीयता प्राप्त करता है। यदि ईडी के पास वास्तव में पुख्ता सुबूत नहीं हैं, तो यह एजेंसी के मामले पर सवाल उठाता है। हालांकि ईडी ने केजरीवाल की जमानत पर स्थगन प्राप्त करने में कानूनी पैंतरेबाजी की है, लेकिन मामले के मूल पहलू अभी भी अनसुलझे हैं। इन कार्रवाइयों के दौरान न्यायिक जांच और टिप्पणियां भारत में कानूनी प्रक्रिया और राजनीतिक परिदृश्य दोनों के लिए व्यापक निहितार्थों को उजागर करती हैं। इस मामले का अंतिम परिणाम इस बात पर निर्भर करेगा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ईडी द्वारा प्रस्तुत सुबूतों का कैसे मूल्यांकन करता है।


## क्या एनटीए 'महाघोटाला' है?

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं, ये मुद्दे यहीं तक सीमित नहीं हैं। एनटीए एक भ्रष्टाचारी और कदाचारी नेटवर्क की सांठगांठ का 'महाघोटाला' है। पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि 'बड़ी मछलियां' भी हैं, जिनके बच्चों के लिए नीट परीक्षा से कुछ दिन पहले भी एनटीए की ऑनलाइन खिडक़ी खोली गई थी, ताकि वे परीक्षा के लिए अपने पंजीकरण करा सकें। उस दौर में 24,000 से अधिक पंजीकरण कराए गए। इसकी भी जांच होनी चाहिए कि फरवरी और मार्च में एनटीए की खिडक़ी खोली गई थी, तब इन लोगों ने पंजीकरण क्यों नहीं कराया?

नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? उम्र भी फिसल रही है, लिहाजा नौकरी की भी अनिवार्यता है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है।

परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महाविशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर पेपरलीक और उनके पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सीबीआई जांच का निष्कर्ष क्या होगा और कब आएगा, वह भी अनिश्चित है। केंद्र सरकार ने एक कानून भी लागू किया है। बेहद गंभीर सवाल है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में युवा छात्रों का क्या होगा? नीट के अभ्यर्थी भी विभाजित हैं। क्या सफल युवाओं को उनके मेडिकल कॉलेज आवंटित किए जाएंगे या नीट परीक्षा का परिणाम ही रद्द कर दिया जाएगा और परीक्षा दोबारा होगी? यदि समिति और अदालत के अलग-अलग निर्णय सामने आते हैं, तो फिर युवा अभ्यर्थी क्या करेंगे? जो परीक्षा में सफल रहे हैं, क्या वे डॉक्टरी की पढ़ाई शुरू नहीं कर सकेंगे, यह बहुत अहम सवाल है।

एनटीए के अस्तित्व और आंतरिक सुधारों के अलावा, कई और सवाल पैदा हो गए हैं। निश्चित तौर पर यह मोदी सरकार के लिए गंभीर चुनौती है। यह राजनीतिक विवाद भी बन गया है और प्रतिपक्षी नेता शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं। बहरहाल विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए, क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। अमरीका की तरह परीक्षाएं साल में दो बार या अधिक बार आयोजित की जा सकती हैं, क्योंकि हमारे सामने आबादी की भी समस्या है। परीक्षाओं के विकेंद्रीकरण से भी सरकार को शर्माना नहीं चाहिए।



## राशिफल

**मेष :-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभ :-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मिथुन :-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुला :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनु :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकर :-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं। स्वास्थ्य को संभालिएगा।

**कुंभ :-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा और पदोन्नति के योग हैं।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# न्यू इंडिया को स्वस्थ भारत में बदलेंगे आयुर्वेद व योग

**प्रियंका सौरभ**



**योग अनिवार्य रूप से आध्यात्मिक है और यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है जो शरीर और मन के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। चिकित्सा की यूनानी प्रणाली की उत्पत्ति ग्रीस में हुई, फिर मध्यकालीन भारत में मिस्र, अरब, ईरान, चीन, सीरिया और भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं के पारंपरिक ज्ञान का विलय हुआ। यह स्वाभाविक रूप से होने वाली ज्यादातर हर्बल दवाओं और जानवरों, समुद्री और खनिज मूल की कुछ दवाओं के उपयोग पर जोर देती है। दारा शिकोह को समर्पित नूरुद्दीन मुहम्मद की मुसलजती-दर्शीकोही, ग्रीक चिकित्सा से संबंधित है और अंत में, लगभग संपूर्ण आयुर्वेदिक सामग्री औषधि है। सिद्धा भारत में चिकित्सा की प्राचीन प्रणालियों में से एक है जिसका द्रविड़ संस्कृति के साथ घनिष्ठ संबंध है। सिद्ध शब्द का अर्थ है उपलब्धियां और सिद्ध वे हैं जिन्होंने चिकित्सा में पूर्णता प्राप्त की है। कहा जाता है कि 18 सिद्धारों ने योगदान दिया है। सोवा रिग्पा या आमची हिमालयी क्षेत्र में लोकप्रिय चिकित्सा की सबसे पुरानी जीवित प्रणालियों में से एक है। इसे 2009 में जोड़ा गया था। यह हिमालयी क्षेत्रों में विशेष रूप से लेह और लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, दार्जिलिंग आदि में प्रचलित है।**

आयुष उन चिकित्सा प्रणालियों का संक्षिप्त रूप है जिनका भारत में अभ्यास किया जा रहा है, जैसे आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी। स्वास्थ्य, रोग और उपचार पर इन सभी प्रणालियों का मूल दृष्टिकोण समग्र है। आयुष, स्वास्थ्य सेवाओं की बहुलवादी और एकीकृत योजना का प्रतिनिधित्व करता है। आयुष अपने नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा देखभाल प्रदान करके न्यू इंडिया के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। न्यू इंडिया को स्वस्थ भारत भी होना चाहिए, जहां उसकी अपनी पारंपरिक प्रणालियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन जामनगर (गुजरात) दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए पहला और एकमात्र वैश्विक चौकी केंद्र होगा।

आयुर्वेद और योग ने प्राचीन भारतीय विज्ञान के रूप में 5000 साल पहले अपनी यात्रा शुरू की थी। जबकि सिद्ध दक्षिण भारत में लोकप्रिय दवाओं की प्राचीन प्रणालियों में से एक है, यूनानी, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली की उत्पत्ति प्राचीन ग्रीस में हुई है। होम्योपैथी का विकास 1800 के दशक की शुरुआत में जर्मन चिकित्सक सैमुअल हैनिमैन ने किया था। इन प्रणालियों ने वर्षों से लोगों के निरंतर संरक्षण का आनंद लिया है। आयुर्वेद सहित भारत की अधिकांश पारंपरिक प्रणालियों की जड़ें लोक चिकित्सा में हैं। आयुर्वेद पर कुछ महत्वपूर्ण ग्रंथ जैसे कि सारंगधारा संहिता और वांगा सेन द्वारा चिकित्सा संग्रह, यागरात बाजार और भवमिस्र के भावप्रकाश को संकलित किया गया था।

योग अनिवार्य रूप से आध्यात्मिक है और यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है जो शरीर और मन के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। चिकित्सा की यूनानी प्रणाली की उत्पत्ति ग्रीस में हुई, फिर मध्यकालीन भारत में मिस्र, अरब, ईरान, चीन, सीरिया और भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं के पारंपरिक ज्ञान का विलय हुआ। यह स्वाभाविक रूप से होने वाली ज्यादातर हर्बल दवाओं और जानवरों, समुद्री और खनिज मूल की कुछ दवाओं के उपयोग पर जोर देती है। दारा शिकोह को समर्पित नूरुद्दीन मुहम्मद की मुसलजती-दर्शीकोही, ग्रीक चिकित्सा से संबंधित है और अंत में, लगभग संपूर्ण आयुर्वेदिक सामग्री औषधि है। सिद्धा भारत में चिकित्सा की प्राचीन प्रणालियों में से एक है जिसका द्रविड़ संस्कृति के साथ घनिष्ठ संबंध है। सिद्ध शब्द का अर्थ है उपलब्धियां और सिद्ध वे हैं जिन्होंने चिकित्सा में पूर्णता प्राप्त की है। कहा जाता है कि 18 सिद्धारों ने योगदान दिया है। सोवा रिग्पा या आमची हिमालयी क्षेत्र में लोकप्रिय चिकित्सा की सबसे पुरानी जीवित प्रणालियों में से एक है। इसे 2009 में जोड़ा गया था। यह हिमालयी क्षेत्रों में विशेष रूप से लेह और लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, दार्जिलिंग आदि में प्रचलित है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, गठिया आदि जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में प्रभावी है।

समकालीन समय में भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग नामक एक विभाग मार्च 1995 में बनाया गया था और नवंबर 2003 में आयुष का नाम बदलकर इन प्रणालियों के विकास पर अधिक ध्यान देने पर ध्यान दिया गया था। 2014 में, भारत की केंद्र सरकार के तहत एक अलग मंत्रालय बनाया गया था, जिसके प्रमुख राज्यमंत्री होते हैं। आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कार्यालय द्वारा गैर-मूल आविष्कारों पर पेटेंट के अनुदान को रोकने के लिए सीएसआईआर के सहयोग से टीकेडीएल (पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी) का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय आयुष मिशन में पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पतालों में आयुष का सह-स्थान, अस्पतालों का उन्नयन और 50 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना शामिल है।

कुपोषित होने की तुलना में गैर-संचारी रोग बड़ी समस्या बन सकते हैं। आधुनिक चिकित्सा के विपरीत, आयुष केवल बीमारी के इलाज पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिक समग्र दृष्टिकोण का पालन करता है। इस तरह का दृष्टिकोण गैर-संचारी रोगों के मामले में अधिक महत्व रखता है, जो एक बार पुरानी स्थिति में विकसित हो जाने के बाद इलाज करना मुश्किल होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, चिकित्सा की वैकल्पिक प्रणालियों, विशेष रूप से योग के स्वास्थ्य प्रभाव के बारे में अधिक से अधिक वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध हो रहे हैं। यह संदेह से परे साबित हो चुका है कि वैकल्पिक दवाओं के साथ प्री-डायबिटीज और प्री-हाइपरटेंसिव स्थितियों में समय पर हस्तक्षेप से बीमारियों का प्रतिगमन और स्वास्थ्य की बहाली हो सकती है। योग न केवल रोकथाम और नियंत्रण में बल्कि रोगों के उपचार में भी प्रभावी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हाईवे से जोड़ने वाली सड़कों पर बनवाएं स्पीड ब्रेकर : डीएम



महोबा। समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके।

सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके और बच्चों के अभिभावक को सूचित करें कि कोई भी बच्चा बिना लाइसेंस के गाड़ी ना चलाएं और उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल में वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूल वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को ना बिठायें बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाए तथा ओवर लोड वाहनों के चालान किए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट, सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए।अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि राठ चुंगी टैक्सी स्टैंड के लिए जगह चिन्हित कर जल्द से जल्द स्टैंड बनाने की कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, समाजसेवी राम जी गुप्ता, दाऊ तिवारी नेहा चंसोरिया सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा बैठक



महोबा। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की तथा महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण–दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने अवैध शराब/जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपजिलाधिकारी महोबा जितेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष, अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तालाब में उतराता मिला किसान का शव



चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज

चरखारी नगर के जयसागर तालाब में उतराता शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाल पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह महोबा भेज दिया है।

मामला तहसील चरखारी नगर के जयसागर तालाब का है जहां तालाब के किनारे प्रातः टहलने गये लोगों ने तालाब में उतराता शव देख कर पुलिस को सूचना दी जिससे मौके पर पहुंची पुलिस ने तालाब से शव को निकाल कर शव की पहचान कराई गई, मृतक की पहचान करण सिंह पुत्र तेज सिंह 48 वर्षीय निवासी फतेहपुर नामक व्यक्ति की हुई है मौके पर परिवार जनों को भी बुला लिया गया है मौके पर पहुंचे मृतक के बड़े पुत्र सागर ने बताया कि उसके पिता दो दिन पहले घर से बैंक से पैसे निकालने के लिए निकले थे परन्तु वह घर नही पहुंचें, जिनकी तलाश पास पड़ोस व रिश्तेदारी मे भी की गई परन्तु कहीं पता नही चल सका मृतक के पुत्र ने बताया है कि पुलिस की सूचना पर जब मै चरखारी स्थित जयसागर तालाब पहुंचा तो तालाब में पड़ी लाश मेरे पिता की थी जिन्हे तैरना भी नही आता था वह यह भी कहता है कि उसे नहीं मालूम वह तालाब तक कैसे पहुंचे। परिवार की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है । मृतक और उसके दोनो पुत्र मजदूरी कर अपना और परिवार का भरण-पोषण करते हैं, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।

# संविधान की धज्जियां उड़ाने वाले कर रहे बचाने की बात : संजीव श्रृंगऋषि




महोबा। समृद्धि न्यूज

भाजपा द्वारा आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ पर काला दिवस मनाते हुए आपातकाल की विभीषिका पर गोष्ठी आयोजित की गई ,गोष्ठी में मुख्य अतिथि एवम मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संजीव श्रृंगऋषि ,गोष्ठी की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता के द्वारा की गई। गोष्ठी के अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों के संगठन के अध्यक्ष परमानंद ने उस समय सरकार द्वारा की गई प्रताड़ना के विषय में जानकारी दी ,लोकतंत्र सेनानी हरीश ने बताया कि उस समय रातों-रात लोगों को जेल में बंद कर दिया गया, जो सरकार के विरुद्ध बोलता था उनको जेल में बंद कर प्रताड़ना दी जाती थी। गोष्ठी के उपरांत सभी लोकतंत्र सेनानियों को परिवार सहित माला पहनकर सोल उड़ा कर सम्मानित किया गया एवं उसके बाद पार्टी कार्यालय से मौन जुलूस निकाला गया ,गोष्ठी में विधान परिषद सदस्य जीतेंद्र सिंह सेंगर जी ,हमीरपुर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी , नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया ,जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरविंद नायक जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र गुप्ता सहित पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष जिला कार्यकारिणी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे।

## नाले की बदबू से राहगीर व दुकानदारों को सांस लेना हुआ मुश्किल



घाटमपुर,समृद्धि न्यूज़। नगर के मूसानगर रोड पर नाले की निकली सडक किनारे पड़ी होने के चलते लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है वही उमस भरी भीषण गर्मी में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है बताया जाता है कि नगर पालिका द्वारा दो-तीन दिन पहले मूसानगर रोड का नाला सफाई अभियान के तहत एक तरफ की सफाई कराई थी तथा सफाई दौरान निकली गंदगी व कूड़ा कचरा हाईवे किनारे ही डाल दिया है जिसकी बदबू से राहगीर और दुकानदार परेशान है वहीं संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बन चुका है वही पालिका सिल्ट व कूड़ा कचरा हाईवे किनारे से उठवाने मे लापरवाह साबित हो रही है।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत किया जागरूक

महोबा। समृद्धि न्यूज



पुलिस अधीक्षक महोबा, अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपदीय पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित थानाक्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत जनपदवासियों को नशे के दुषप्रभाव एवं बचाव के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में नशे के विरुद्ध एक विशेष जागरूकता अभियान के तहत चौपाल, जागरुकता रैली का आयोजन कर आमजन को जागरुक करने हेतु नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया है तथा नशा मुक्ति हेतु आमजन को शपथ दिलायी गई है। समाज में निरंतर फैल रहे नशे की लत को लेकर चिंता जाहिर की गयी व जागरुक करते हुए बताया गया कि युवा पीढ़ी नशे को लेकर खासी प्रभावित है। इसे बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को सामने आना होगा, नहीं तो समाज को नशे के दुष्परिणामों का सामना करना पड़ेगा तथा समाज के हर वर्ग से नशा को मिटाने में सहयोग की अपील करते हुए नशामुक्ति अभियान में भागीदारी देने की अपील करते हुए कहा कि अवैध नशे के कारोबारियों की सूचना पुलिस की दी जाए, जिन पर निश्चित रुप से कार्यवाही की जायेगी।

**युवा पीढ़ी नशे को लेकर खासी प्रभावित है। इसे बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को सामने आना होगा**

## खबरें एक नजर में

### युवक का शव बरामद

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका सीमा के स्टेशन रोड पर बीती रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला है मृतक चेक दर लाल रंग कमीज पहने हैं, लोगो के मुताबिक मृतक के शरीर पर कोई ऊपरी चोट के निशान नजर नहीं , सूचना पाकर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है।

### महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**राठ,हमीरपुर।** महिला ने दो सगे भाइयों पर घर में घुसकर मारपीट कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस से लिखित शिकायत की है। कोतवाली के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सोमवार की शाम चार बजे वह घर पर थी। तभी गांव का एक युवक अपने भाई व एक साथी के साथ हाथ में तमंचा लेकर घर में घुस आए। युवक ने अपने भाई के साथ उसे पकड़कर बाहर खींच कर ले जाने लगे। जब उसने अपना हाथ खींचा तो युवक ने उसे जमीन पर गिरा दिया और बुरी नियत से कपड़े खींचने लगे। चिल्लाने पर जब उसका पुत्र प्रीतम बचाने के लिए आया तो उक्त युवक पुत्र को सीने में तमंचा लगाकर बाहर ले गए। आरोप लगाया कि पुत्र के साथ मारपीट कर उसे घर छोड़ गए। शिकायत करने पर उक्त युवक जान से मारने की धमकी दे गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख उक्त आरोपित भाग खड़े हुए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला व बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**कुरारा,हमीरपुर।** दो अलग अलग गांव में एक महिला व एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के कुसौलीपुरवा गांव निवासी कृष्णा पुत्र करिया (55) खेती किसानी का काम करता था और शराब का भी लती था। मृतक के लड़के धर्मेंद्र ने बताया कि बैंक के कर्जे से परेशान रहता था जिसके चलते कमरे में छत के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के 6 लड़के है। वही थाना क्षेत्र के करियापुर गांव निवासी गीता यादव पत्नी शिवदत्त (27) वर्ष ने घर पर ही छत के कड़े से रस्सी डालकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति शिवदत्त ने बताया कि शादी को 9 वर्ष हो गए है। मैं सुबह बकरी चराने गया था तभी मेरी पुत्री सुधा ने खेत मे आकर बताया कि मम्मी ने फांसी लगा ली है। पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### संचारी रोग-लैपटॉप के बारे में बच्चों को दी जानकारी

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के खंड शिक्षा कार्यालय में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक की गर्मी की छुट्टी के बाद पहले दिन मीटिंग का आयोजन किया गया और इसके साथ बच्चों के नवीन प्रवेश व संचारी रोग स्कूल चलो अभियान एवं लैपटॉप संबंधित विषय में विस्तार से चर्चा की गई। विकासखंड के खंड शिक्षा कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी राम गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालय को प्रधानाचार्य की मीटिंग का आयोजन किया गया शासन के निर्देशन अनुसार 25 जुन सोमवार के दिन से विद्यालय खुलने का निर्देश प्राप्त हुआ था जिसको ध्यान में रखते हुए मीटिंग का आयोजन कर प्रधानाध्यापक को शासन से निर्देशित नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# इंडियन बैंक के कर्मियों की अनुपस्थिति से खाताधारक परेशान

**बैंक में नगद निकासी के लिए आने वाले खाताधारकों को करना पड़ता है इंतजार**

जैतपुर, महोबा। समृद्धि न्यूज

कस्बा जैतपुर में स्थित इंडियन बैंक में इन दिनों अव्यवस्था का आलम है। खाताधारक शाखा में अपनी जमा रकम के निकासी, और नगद जमा करने के लिए जो खाताधारक आते हैं परंतु बैंक के अधिकारी और कर्मचारियों उपस्थित ना होने के कारण मायूस घर लौट रहे हैं जिसके चलते खाताधारकों को अनेकों समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। छोटे छोटे कार्यों के लिए बैंक कर्मचारी द्वारा खाताधारकों को तीन से चार घंटे इंतेजार कराया जाता है, तब जाकर उनका काम होता है। मंगलवार को कस्बा सहित आसपास के गांवों के दर्जनों ग्रामीण इसी बैंक में राशि निकालने आए थे, कई ग्रामीणों का खाता इसी बैंक में है और वे दूरदराज से आते हैं ताकि बैंक में समय पर राशि मिल सके, लेकिन बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों का रवैया दिनों दिन खराब होते जा रहा है। बैंक में नगद निकासी के लिए आने वाले खाताधारकों को घंटों इंतजार कराने के बाद भी उनका कार्य नहीं किया जाता।

### स्टाफ न होने की वजह से ग्राहक हो रहे परेशान

एक ही कैश काउंटर के कारण वरिष्ठ नागरिक व महिलाएं परेशान आरबीआई की नीतियों का घोर उल्लंघन हो रहा है इंडियन बैंक बेलाताल शाखा प्रबंधक राजेश्वर वर्मा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि स्टाफ का ट्रांसफर हो जाने के कारण ग्राहक परेशान अभी ट्रांसफर प्रक्रिया जा रही है जल्द ही मिलेगा स्टाफ यह बात कह कर टालते नजर आए मैनेजर साहब का कहना है कि 15 दिनों से स्टाफ न होने के कारण ग्राहकों को घंटों लाइन में लगना पढ़ता है. ग्राहकों से बात की तो उन्होंने बताया डीवीडी की समस्या पचारा से निर्देश, नरसिंह दादरी से , पैसा निकासी के लिए रामाधीन अनुरागी जैतपुर कई घंटा लाइन में राजेश, उपेंद्र एंट्री के लिए एक महीने से परेशान नवल सिंह कुशवाहा सीगौन बड़े खाताधारक परशुराम सोनी जैतपुर, खाताधारक, अरविन्द सिंह राजपूत मगरोल, प्रिंस खटीक बड़े खाता धारक जो महीनों से चक्कर लगा रहे हैं इनका कहना है कि अगर बैंक में सुधार नहीं हुआ तो हम अपने खाता संचालन बंद कर लेंगे अन्य बैंक में खाता खुलवा लेंगे।

## सीएचओ ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने की दर्ज कराई रिपोर्ट

राठ,हमीरपुर समृद्धि न्यूज। सरीला सीएचसी में तैनात सीएचओ ने गांव के एक व्यक्ति पर रास्ते में रोककर गाली गलौज कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने जरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जरिया थाने के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि वह सरीला सीएचसी में सीएचओ के पद पर कार्यरत हैं। रविवार की शाम करीब चार बजे उसे फोन आया कि उसकी मां मिथलेश को गांव के राजू ने शराब पीकर गाली गलौज कर मारपीट की है। जब वह आईं तो गांव के बाहर उक्त युवक ने रोक कर गाली गलौज करने अश्लील हरकतें की और बुरी नियत से देखा। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

# श्रेष्ठता परीक्षा में रैंक आने पर छात्र को किया सम्मानित

कुरारा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।



भारत सरकार द्वारा आयोजित श्रेष्ठता परीक्षा में कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय गुडमण्डी कुरारा के छात्र रुद्रप्रताप का चयन होने पर उसे सम्मानित किया गया। छात्र रुद्र प्रताप को श्रेष्ठता परीक्षा में 1665 ऑल इंडिया रैंक आने पर सम्मानित किया। छात्र को कक्षा 9 से 12 तक शिक्षा लखनऊ में आवासीय सुविधाओं सहित निशुल्क मिलेगी।विद्यालय के शिक्षक अखिलेश शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता जलीस खान, अभिभावक प्रतिनिधि बृजेश श्रीवास्तव व समर्थ फाउंडेशन के देवेंद्र गांधी नेछात्र को सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता जलीस खान ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में पढ़े लिखे छात्र रुद्र प्रताप का ऑल इंडिया श्रेष्ठ परीक्षा में 1665 रैंक आना निश्चित रूप से कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों शिक्षकों के मेहनत एवं अनुशासन व शिक्षण कार्य अभिभावकों की बेहतर परिवेश का परिणाम है। शिक्षक अखिलेश शुक्ला ने कहा कि कक्षा 8 में पढ़ रहे छात्र रुद्र प्रताप का चयन श्रेष्ठ था परीक्षा में हुआ है अब उसे लखनऊ स्थित श्रेष्ठ संस्था में कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई निशुल्क मिलेगी।

# बैंक कर्मचारी पर रुपए लेकर भाग जाने का केस दर्ज

राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।

शाखा प्रबंधक मिडलैंड माइक्रोफिन लिमिटेड बैंक के शाखा प्रबंधक ने बैंक कर्मचारी पर समूह की वसूली कर रुपए लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज किया है।

शाखा प्रबंधक उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शाखा में समूह की महिलाओं व पुरुषों को ऋण दिया जाता है। हर महीने किस्त वसूल की जाती है। शाखा में कुलदीप पुत्र तेज सिंह निवासी मौठ जिला झांसी कर्मचारी के पद पर हैं और किस्त वसूली का कार्य करता था। 28 अगस्त 23 को कुलदीप ने गांव में जाकर बसेला गांव की जयंती, तस्लीम, सीमा, राजा, कंचन, शिवकुमारी, नगीना, पुष्पा, माया देवी, नूरजहां, मीरा, अनीसा, रामरती, सीमा आदि महिलाओं से किस्त वसूली के 57890 लेकर भाग गया है। कई बार उसे फोन कर संपर्क किया। लेकिन कुलदीप ने फोन बंद कर दिया। कई बार कोतवाली में तहरीर दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अदालत में न्याय की गुहार लगाई। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी कुलदीप के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

# लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई न होने पर सेवानिवृत्त फौजियों ने दिया धरना, की नारेबाजी

राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।




प्लाट के दाखिल खारिज के लिए सुविधा शुल्क मांगने पर पूर्व सैनिक और लेखपाल के बीच मारपीट हुई थी। मंगलवार को पूर्व सैनिकों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की? कस्बा निवासी रिटायर्ड फौजी शिवमंगल अपनी पत्नी बीनू देवी के नाम प्लाट में दाखिल खारिज करने के लिए लेखपाल शिवपाल से कई बार मिन्नत की। लेकिन सुविधा शुल्क की मांग को लेकर लेखपाल पूर्व फौजी को रजिस्ट्री में अखियां लगवाने के टरकाता रहा। 20 जून को शिवमंगल रजिस्ट्री फॉर्म में आख्या लगवाने के लिए लेखपाल के पास तहसील पहुंचा। जहां पर दोनों में विवाद हुआ और मारपीट हो गई।

लेखपाल की तहरीर पर रिटायर्ड फौजी के खिलाफ मुकदमा हुआ। फौजी की तहरीर पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न करने से नाराज पूर्व सैनिकों ने तहसील परिसर में मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सीओ दिलीप सिंह और इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह वार्ता करने पहुंचे। पूर्व फौजियों का कहना है जब तक लेखपाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## दहेज में बाइक व एक लाख रुपए न देने पर घर से निकाला

राठ,हमीरपुर। महिला ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में बाइक व एक लाख रुपए की मांग पूरी न होने मारपीट कर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।।मझगवां थाने के गिरवर गांव निवासी अर्पिता पत्नी धीरेन्द्र सेन ने बताया कि उसकी शादी 21 मई 23 को हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था।

शादी के एक माह से पति सहित सास, ससुर, जेठ, जेठानी, देवर मारपीट कर उसका उत्पीड़न करने लगे थे। बताया कि ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में बाइक और एक लाख रुपए की मांग करने लगे। सोमवार की दोपहर करीब दो बजे पति सहित ससुरालियों ने जेवरात छीनकर उसे मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

# राजकीय सम्मान के साथ बलिदानी का किया अंतिम संस्कार

**कैबिनेट मंत्री ने गांव की सड़क बलिदानी के नाम करने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की बात कही**



घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मंगलवार को जिले के नौगवा गौतम गांव थाना महाराजपुर पहुंच कर शाहिद के परिजनों से मिले और शासन की ओर से दी गई आर्थिक सहायता 50 लाख की चेक जिसमें 15 लाख रुपए शहीद की मां व 35 लाख रुपए की चेक शहीद की पत्नी को प्रदान की, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने गांव की सड़क बलिदानी के नाम करने तथा परिवार के एक सदस्य को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी देने की बात कही इसके पहले कैबिनेट मंत्री के अलावा अर्जुन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बलिदानी के अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित की, मालूम हो किया नौगवा गौतम गांव के शैलेंद्र जो सीआरपीएफ में थे छत्तीसगढ़ के सुकमा क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा किए गए।

एक विस्फोट में बलिदान हुए थे आज मंगलवार को बलिदानी का गांव पहुंचा तथा लोगों के अंतिम दर्शन के बाद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी के बीच शाम को गाव मे ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# शिक्षिका ने पति संग ससुरालीजनों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस

मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।

नगर की एकपरिषदीय विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका ने अपने अध्यापक पति समेत ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के उपरौस निवासी अध्यापक का प्रीति द्विवेदी पुत्री नरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि कि 9 मई 2022 को उसके पिता ने वाई ब्लॉक किदवई नगर कानपुर निवासी नारायण उर्फ मोनू द्विवेदी के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ विवाह किया था जिसमें उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर उसे ससुराल के लिए विदा किया था। वह वर्तमान में हरदोई जनपद में सहायक अध्यापिका का पद पर तैनात है जबकि उसका पति भी लखीमपुर खीरी में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत है। शादी के बाद से ही उसका पति व उसके ससुरालीजन दहेज को लेकर संतुष्ट नहीं थे। वह एक चार पहिया वाहन की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने के अलावा उसके साथ अमानवीय व्यवहार भी करने लगे।अपनी मांग पूरी होते न देख उसके ससुरालीजनों ने उसका एटीएम कार्ड छीनकर जबरन गुप्त कोड भी पूछ लिया इसके बाद वह उसकी पूरी तनख्वाह निकलते रहे।

# पांच पैथालाजी व क्लीनिक के खिलाफ नोटिस जारी

**नोटिस के बाद नही कराया रजिस्ट्रेशन,अठारह आयुर्वेद क्लीनकों पर कार्यवाही की संस्तुति**

हमीरपुर समृद्धि न्यूज।

लंबे अर्से से सीएमओ कार्यालय में विना रजिस्ट्रेशन के ही संचालित हो रहे पैथालांजी व क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने शिंकजा कसा है। जांच में सुमेरपुर व राठ में संचालित पांच प्रायवेट पैथालांजी व क्लीनिकों के खिलाफ नोटिस जारी कर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिये है। वही अठारह आयुर्वेद क्लीनकों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये जिला आयुर्वेद अधिकारी को कड़ा पत्र सीएमओ ने लिखा है।

डिप्टी सीएमओ संजय कुमार ने बताया कि जिले में संचालित प्रायवेट पैथालाजी व क्लीनकों का सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य होता है। जांच में नीरज पैथालांजी सुमरेपुर,कौशल डेंटल क्लीनिक राठ,न्यू लाइट पैथालाजी राठ, बैष्णोदेवी पैथालाजी राठ का सीएमओ कार्यालय में विना रजिस्ट्रेशन कराये ही कई महीनों से संचालित है। इनको कई मर्तवा नोटिस भी जारी की गयी है मगर कोई ध्यान नही दिया गया है। इसलिये इनकी जांच पड़ताल कर फिर से नोटिस जारी की गयी है और पुलिस को इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को कहा गया है। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि जांच मे अठारह आयुर्वेद चिकित्सालय बिना रजिस्ट्रेशन कराये संचालित पाये गये है जो गैर कानूनी है। जिले में जो बड़े नर्सिंग होम है उनका तो पंजीकरण करा लिया गया है मगर छोटे क्लीनिक पंजीकरण नही कराये है इसके लिये अभियान चलाया जा रहा।

### बिना जांच हो रहे है रजिस्ट्रेशन आयुर्वेद अधिकारी

हमीरपुर। जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ.बलभद्र सिंह का कहना है कि रजिस्ट्रेशन को लेकर बड़े ही असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनके विभाग द्वारा क्लीनिकों का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वही संचालक सीएमओ के यहां रजिस्ट्रेशन कराने के बाद नर्सिंग होम संचालित करने लगता है जब कि नियमानुसार जिस क्लीनिक का आयुर्वेद से रजिस्ट्रेशन हो चुका है तब सीएमओ कार्यालय से उसका रजिट्रेशन नही होना चाहिये मगर सब कुछ धड़ाधड़ हो रहे है। इस प्रकार के कई मामले उनके संज्ञान में है। जिससे कुछ स्पष्ट नही हो पा रहा है। आयुर्वेद अधिकारी का कहना है की जब सीएमओ की चिट्ठी उनके पास आयेगी तो इस पर वह जवाब देगे उनका कहना है कि यह मामला कई मर्तवा उच्चाधिकारियों के सामने उठ चुका है।

# समारोह पूर्वक पीएम आवास के 372 लाभार्थियों को वितरित किए गए स्वीकृति पत्र

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज**



**नगर** पंचायत हैदरगढ़ के372 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा ग्राम्यांचल पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लाभार्थियों को आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक दिनेश रावत के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी डूडा के परियोजना अधिकारी सौरभ त्रिपाठी एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्ले से आए गिरधारी विनय कुमार सिंह श्रीमती सुनीता सुशील कुमार द्विवेदी सहित डेढ़ दर्जन लाभार्थियों को अपने हाथ से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर भारतीय को पक्की छत देने का वादा किया गया है इसी वादे के तहत आज 372 लाभार्थियों को स्वीकृत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए हैं और जो लोग वंचित रह गए हैं उन्हें भी निराश होने की जरूरत नहीं है नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही पुनः 3 करोड़ शहरी आवास उपलब्ध कराने की घोषणा की है वंचित लोगों को इन आवासों का लाभ दिलाया जाएगा। भाजपा नेता संतोष कुमार के संचालन में संपन्न हुए इस समारोह में सभासद सूरज दीक्षित, विपिन सोनी, हाजी इशहाक, शिवा वर्मा, रामगोपाल यादव, शब्बीर पहाड़ी, हाजी आतीक, महेशनारायण अग्रवाल, राजू अवस्थी, अजीत, भानु मिश्रा, हरी वैश्य,अश्वनी मिश्रा दीपू तिवारी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## मुखबिर की सूचना पर असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस ने घेराबंदी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद कर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के कस्बे का जहां कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। उस समय मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर सांई इंटर कॉलेज के पास मानमऊ रोड पर इमरान उर्फ़ खन्ना पुत्र निसार निवासी गढ़ी जदीद थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया गया जिसकी तलाशी लेने एक अवैध तमंचा 12 बोर एक जिंदा कारतूस बरामद की गयी। आरोपी के विरुद्ध जैदपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी है। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी आरोपी इमरान उर्फ़ खन्ना को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कार्यवाही की गयी है।

# एसडीओ ने चलाया विद्युत चेकिंग अभियान, काटे कनेक्शन

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**जैदपुर विघुत** वितरण उपकेंद्र के एस डीओ के नेतृत्व में आज चेकिंग अभियान पुलिस बल के साथ किया गया। जहां बकायादारों के तमाम कनेक्शन काटने के साथ ओवर लोड चल रहे कई कनेक्शन धारकों पर भी कार्यवाही की गयी। दो लाख की बकाया वसूली की गयी।

बताते चलें कि लगातार जैदपुर में ओवरलोड के चलते हो रहे फाल्ट को देखते हुये बिजली विभाग जैदपुर के एसडी संदीप सिह के नेतृत्व में जेई शमसुल लका अंसारी व गठित टीम के साथ स्थानीय पुलिस बल कस्बे के मोहल्ला बडापूरा में चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस के साथ बिजली विभाग के लोगों को देख हडकम्प मंच गया। जिसमें 83 कनेक्शन की जांच की गयी और 22 लोगों के डिश कनेक्शन किये गये। दस ओवर लोड के साथ 4 लोगों के मीटर बाहर लगाकर कुल 2 लाख रूपए की वसूली भी की गयी। इस अवसर पर एस आई हलीम



बाबू एस आई अलोक कुमार जेई शमसुल लका वकार मेंहदी मो0 वसी,इरशाद सुरेन्द्र महाराज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर एस डीओ संदीप सिंह ने बताया बकाया वसूली चेकिंग ओवर लोड को रोकने हेतु ये अभियान जारी रहेगा। उपभोक्ता समय पर बिल जमा करें चेकिंग के दौरान बाईपास या ओवर लोड पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

# खेतों की रखवाली में लगाई गई झटका मशीन के तार से बुजुर्ग की मौत

**बेलहरा बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**खेत में** शौच करने गए एक बुजुर्ग की झटका मशीन के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। हलांकि परिजनों ने बीमारी से मौत होने की बात कही है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतलूपुर गांव निवासी 75 वर्षीय हुसैनी मंगलवार सुबह गांव के प्रधान के खेत मे लगे गन्ने में शौच करने गए थे इसी दौरान वह खेत में ही गश खाकर गिर गए।जानकारी पर पहुचे परिजन जब तक इलाज के लिए कहीं ले जाते तब तक हुसैनी ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।इधर इलाके में चर्चा है कि हुसैनी की मौत खेत में जानवरों से बचाव के लिए लगाए गए झटका मशीन कि चपेट में आकर हुई है। हलांकि मृतक के बेटे माता प्रसाद ने किसी पर कोई आरोप नही लगाया है। मौत की वजह बीमारी बताई है।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि बुजुर्ग की मौत बीमारी से हुई है। बुजुर्ग पहले से बीमार चल रहा था करंट जैसी कोई बात नही है।

## नगर निवासी अभिषेक वर्मा ने जिलाधिकारी से की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर निवासी अभिषेक वर्मा ने नेहरू क्रॉस तिराहा पर हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट, वाटर आरओ कूलर, हैंडपंप, सार्वजनिक शौचालय एवं वृक्षारोपण कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। उन्होंने कहा कि नेहरू क्रॉस तिराहा पर मजदूर मंडी, टेंपो व ई रिक्शा स्टैंड है। क्षेत्र के पूर्व दिशा में स्थित दर्जनों गांव के लोग यहीं पर आकर रुकते हैं और यही से अपने गांव के लिए भी जाते हैं। जिसके चलते यहां पर लोगों का सबसे अधिक जमावड़ा रहता है। एक भी वाटर आर ओ कूलर व हैंड पंप न होने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है। वृक्षों की संख्या न के बराबर होने के कारण उन्हें धूप से बचने के लिए भी कोई ठिकाना नहीं मिलता है। सार्वजनिक शौचालय, मोबाइल टॉयलेट एवं यूरिनल न होने से भी लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।

# सभासदो ने ज्ञापन देकर बोर्ड की बैठक कराने की किया मांग



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**नगर पंचायत** हैदरगढ़ के आधा दर्जन से अधिक सभासदो ने अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार को ज्ञापन देकर बोर्ड की बैठक आयोजित कराए जाने की मांग की है। सभासद शुभम दीक्षित उर्फ सूरज दीक्षित,विपिन सोनी, शिवा वर्मा, महेश अग्रवाल, राजू अवस्थी, रामगोपाल यादव, हरिराम रावत एवं सभासद प्रतिनिधि अजीत ने ई ओ को दिये गए ज्ञापन में अवगत कराया हैं कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पूर्व ही नगर पंचायत बोर्ड की बैठक बुलाई गई थी। अधिसूचना भी खत्म हो चुकी है और वर्षा ऋतु भी आने वाली है जिसको लेकर बोर्ड की बैठक में सभासदों द्वारा अपने अपने वार्ड की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जानी है।

## खबरें एक नजर में

### नंदू के नेतृत्व में व्यापारियों ने सौंपा सचिव को ज्ञापन

**अयोध्या।** मंगलवार को व्यापारी नेता नन्द कुमार नंदू ने विस्थापित व्यापारियों/दुकानदारों के दुकान आवंटन (प्रत्यावेदन) के संदर्भ में विकास प्राधिकरण सचिव सत्येन्द्र सिंह को ज्ञापन दिया।ज्ञापन में बताया गया कि विस्थापित दुकानदारों को विकास प्राधिकरण द्वारा अब दुकान के दाम तीस प्रतिशत कम करके बीस साल की किश्त पर बिना ब्याज के दुकान देने की घोषणा कि गई है जिससे आहत व्यापारी हर्षित हैं।इस संदर्भ में व्यापारियों का निवेदन है कि जो दुकानदार लोन आदि लेकर पहले ही दुकान आवंटन कर लिये हैं,उनके पैसे को वापस करा कर दुकान की रकम को बीस साल की किश्तों में करा दिया जाए।ज्ञापन में यह भी बताया गया कि कौशलेश कुंज (रेलवे स्टेशन रोड) एवं टेढी बाजार चौराहे पर निर्माण की गयी दुकानों के मूल्य में लगभग दोगुने का अंतर है,प्रशासन द्वारा वार बार लागत मूल्य पर ही दुकान देने का आश्वासन दिया गया था।इन दोनों जगहों की दुकानों के रेट पर पुनर्विचार कर एक ही रखने की मांग की गई है।ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से संदीप सोनी,शोभा चौरसिया,अनुपम मिश्रा,जगन्नाथ यादव,शिव नारायण पटेल व संतोष गुप्ता आदि शामिल रहे।

### सर्प दंश की आशंका में सीएचसी आये अधेड़ की हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सर्प दंश की आशंका के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए लाये गए एक अधेड़ की शुरुआती उपचार के दौरान ही मौत हो गई। माना जा रहा है कि सर्प दंश से नहीं बल्कि उसके भय से आए कार्डियक अटैक की वजह से अधेड़ की मौत हुई है। फिलहाल परिजन इसकी सूचना बिना पुलिस को दिए ही सब लेकर घर चले गए जहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाली हैदरगढ़ के मानपुर मजरे दादूपुर गांव निवासी बद्रीश मिश्र अपने लगभग 50 वर्षीय पुत्र सतीश मिश्रा को परिजनों के साथ लेकर मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और बताया कि खेत से पैरा हटाते समय किसी जहरीले सर्प ने हाथ में डस लिया है परंतु दिखाई नहीं पड़ा है। इसके बाद इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर विश्वनाथ मद्धेशिया द्वारा जब परीक्षण किया गया तो ऐसा कुछ नजर नहीं आया जिसके बाद उन्होंने ट्रीटमेंट शुरू किया परंतु कुछ ही देर में सतीश की मौत हो गई। मौत के बाद डॉक्टर मद्धेशिया द्वारा मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी गई। पोस्टमार्टम करने की सलाह से भड़के परिजन आनन फानन में शव लेकर गांव चले गए और वहां पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पीएम आवास के स्वीकृति पत्र वितरण समारोह के बैनर में नही लगाया गया सांसद तनुज का फोटो, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए हैदरगढ़ में आयोजित समारोह के बैनर में सांसद तनुज पुनिया की फोटो एवं सभासदों के नाम गायब होने को लेकर कांग्रेस नेता एवं भटखेरा वार्ड से सभासद सूरज दीक्षित ने कड़ा एतराज जताया है। सभासद ने बताया कि मंगलवार को डूडा द्वारा ग्राम्यांचल ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस आयोजन के लिए लगाए गए बैनर में जहां विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह विधायक दिनेश रावत भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य के नाम शामिल किए गए थे वही लाखों जनपद वासियों के समर्थन से सांसद बनने वाले युवा कांग्रेस नेता तनुज पुनिया को बैनर से गायब कर दिया गया, जो की बहुत ही अलोकतांत्रिक कदम है। यही नहीं सरकारी कार्यक्रम होने के बावजूद अन्य सभी अधिकारियों के नाम होने के बावजूद सभासदों को दरकिनार कर दिया गया है। सभासद ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में जब डूडा के परियोजना निदेशक से एतराज जताया गया तो उन्होंने कहा कि सांसद जिले में मौजूद नहीं है इसीलिए फोटो नहीं लगाया गया हैं।

# बाइकों की टक्कर से युवा डॉक्टर की मौत, दूसरा घायल



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार की सुबह आमने-सामने हुई दो बाइकों की टक्कर में जहां एक युवा डॉक्टर की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार थाना कोठी के पूरे खुशाली मजरे नसीरपुर निवासी रामविलास का 25 वर्षीय पुत्र हरी ओम शिवराजपुर ग्राम में क्लीनिक चलाता है अन्य दिनों की तरह आज भी वह क्लीनिक खोलने जा रहा था कि तभी सुबह लगभग 9ं45 पर हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर पूरे प्रहलाद मजरे दतौली चंदा के निकट स्थित दुर्गा ऐरन ब्रिक फील्ड के निकट पहुंचा तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गया,जिससे दोनों बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां पर हरी ओम को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया जबकि गंभीर रूप से घायल लखनऊ जनपद के थाना ऐशबाग की ऐशबाग कॉलोनी निवासी अमित सिंह 35 को सर फट जाने से आई गंभीर चोटों की वजह से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर अस्पताल पहुंची मां एवं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते हैं कि दुर्घटना के समय मृतक ने हेलमेट नही पहन रखा था जबकि घायल युवक ने हेलमेट लगा रखा था। मृतक के परिवार में राजमिस्त्री का काम करने वाले उसके पिता राम विलास के अलावा मां एवम छोटा भाई शिवम 16 वर्ष ही हैं, जो हाईस्कूल का छात्र हैं। बीएएमएस करने के बाद पिछले दो साल से वह शिवराजपुर में प्रैक्टिस करता था। उससे पहले वह दतौली स्थिति डॉ फूलचंद के क्लीनिक पर काम करता था।

# सिमिरिया के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिल सुनाई आपबीती

- ग्राम प्रधान के पिता बोले मेरे बेटे का मौरम संचालन से कोई सरोकार नहीं
- गांव की पार्टीबंदी में झूठा फंसाने का रचा गया कुचक्र
- ग्राम पंचायत व वन विभाग की जमीन से मौरम खनन की शिकायतें करना आज मुसीबत बना



**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** ग्राम सिमिरिया के अनेकों ग्रामीण ग्राम प्रधान विनय के पिता रामप्रकाश के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये प्रार्थना पत्र में साफ तौर पर कहा कि उसके पुत्र व उसके समर्थकों का गांव में चल रहे मौरम खनन से कोई सरोकार नहीं है फिर भी गांवदारी की रंजिश में उसके बेटे को ही नहीं बल्कि उनके समर्थकों को भी बेवजह झूठे आरोपों में फंसाने का कुचक्र रचा जा रहा है। जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये प्रार्थना पत्र में ग्राम सिमिरिया निवासी रामप्रकाश पुत्र देवीदीन ने बताया कि वर्तमान में उसका बेटा विनय ग्राम प्रधान है। गांव में संचालित मौरम घाट को लेकर अक्सर विवाद होते रहते हैं। मेरा पुत्र विनय कुईया रोड बृज के पास उरई में निवास करता है। विनय का मौरम घाट के संचालन से कोई लेनादेना नहीं है और न ही उसका मौरम खनन के संबंध में विवाद से कोई वास्ता रहा है। गांवदारी में प्रधानी चुनाव की रंजिश में पार्टीबंदी में उसका व उसके समर्थकों को झूठा गलत तरीके से फंसाने के प्रयास के पीछे पूर्व के समय में ग्राम सभा व वन विभाग की भूमि से कराये जा रहे अवैध मौरम खनन की शिकायतें उनके पुत्र द्वारा समय-समय पर प्रशासनिक अधिकारियों से की गयी थी। इसी कारण से उसके बेटे को नहीं ही बल्कि उनके समर्थकों पर भी इस तरह की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है जबकि हकीकत में मेरा व मेरे पुत्र विनय ही नहीं बल्कि समर्थकों का भी कभी भी मौरम घाट संचालन में किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा। और न ही खनिज ठेकेदारों से किसी भी तरह का विवाद करने लायक है। इस दौरान बड़ी संख्या में सिमिरिया के ग्रामीण मौजूद रहे।

**बैठक** | प्वाइंट टू प्वाइंट जेई की ड्यूटी लगाते हुए बरसात से पहले सभी तटबंधों के रैट होल, रेन कट की मरम्मत करें सुनिश्चितः डीएम

# संभावित बाढ़ से सुरक्षा एवं बचाव के पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

- डीएम ने बाढ़ चौकियों एवं राहत केंद्रों पर सभी विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए सक्रिय किए जाने का दिया निर्देश
- पुलों के अप्रोच के कटान को रोकने के लिए मरम्मत कार्य पूर्ण कर ले पीडब्ल्यूडीः डीएम



**डीएम** अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ से सुरक्षा एवं बचाव की पूर्व तैयारियों के संबंध में अहम बैठक संपन्न हुई। डीएम सिंह ने 03 घंटे की लंबी बैठक कर बाढ़ से सुरक्षा एवं बचाव के सभी मुख्य व छोटे बिंदुओं पर गहरी समीक्षा की। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को बरसात से पूर्व सभी तटबंधों के सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की नवीनतम तकनीकी का प्रयोग करते हुए राप्ती नदी की धारा के ठोकर मारने की दिशा पर सुरक्षात्मक कार्य किए जाने को पूर्ण तैयारी रखे रखे । संभावित बाढ़ के दृष्टिगत परक्यूइपाइन , बोल्डर आदि का समुचित भंडारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की तटबंधों के रैट होल एवं रेन कटर की बरसात से पूर्व मरम्मत प्वाइंट टू प्वाइंट जेई की ड्यूटी लगाते हुए सुनिश्चित किया जाए। जनपद की सभी बाढ़ चौकियों एवं राहत केंद्रों का राजस्व विभाग , पुलिस , स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए सक्रिय किए जाने का निर्देश दिया। सभी एसडीएम को बाढ़ में प्रभावित होने वाले ग्रामों एवं तटबंधो का भ्रमण कर ग्राम प्रधान, सचिव , लेखपाल , चौकीदार , नाविक के साथ बैठक किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों में नाविक तैनात कर दिए जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को राप्ती नदी द्वारा पुल के अप्रोच काटन को रोकने के लिए बचाव एवं मरम्मत कार्य सुनिश्चित कर लिए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने कड़ा निर्देश दिया कि बरसात से पूर्व नगर निकायों द्वारा नल एवं नालियों की सफाई सुनिश्चित कर लिया जाए। जिससे बरसात के दौरान जल भराव की स्थिति न उत्पन्न हो । नाले / नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाला कूड़े को वहीं पर ही इकट्ठा न रखा जाए , नगर पालिका के कचरा निस्तारण स्थल पर निस्तारित किया जाए। नल एवं नालियों की सफाई की जांच के लिए उन्होंने दो अधिकारियों को नियुक्त करते हुए रिपोर्ट 02 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपे जाने का निर्देश दिया। अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को बरसात से पहले सभी सीवर लाइन का कार्य पूर्ण करते हुए सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, समस्त एसडीएम, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड जीके लाल, अधिशासी अभियंता राप्ती नहर, अधिशासी अभियंता चित्तौड़गढ़ बांध, जिला पंचायत राज अधिकारी, आपदा विशेषज्ञ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# किसानों को सिंचाई करने के लिए बनाए गए सरयू नहर हवा हवाई

**उतरौला (बलरामपुर)।** किसानों को सिंचाई के लिए बनाया गया सरयू नहर सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। धरातल पर सच्चाई कुछ और है। उतरौला विकास खण्ड क्षेत्र अन्तर्गत निकली हुई सरयू नहर का उतरौला रजवाहा सूखी चट्टान बनी हुई है।40 से 45 डिग्री तापमान में जहां तालाब पोखरे भी सूख चूके है पशु, पक्षियों को पीने के लिए एक बूंद पानी कही नही मिल रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए बनाई गई नहर भी ठेंगा दिखा रहीं हैं। उतरौला रजवाहा को बने लगभग 20 वर्ष हो गया किंतु कागजों में भले ही पूरी तरह तैयार दिख रही हो लेकिन धरातल पर नहर के दोनों तरफ़ की पटरियां बभनी बुजुर्ग से लेकर बढ़नी तक समाप्त हो गई है दो वर्ष पूर्व अचानक पानी नहर में आ जानें से किसानो के गेंहू का फसल डूब गया था जिसमे कई किसानों ने ज्ञापन दिया था नुकसान की भरपाई के लिए। सरयू नहर विभाग शायद अपनी कमी छुपाने के चक्कर में उतरौला रजवाहा में पानी नहीं डाल रहा है जिससे किसानों का गन्ना फसल सूख रहा है। किसान राधे श्याम यादव ने बताया कि हमारे खेत के पास पटरी बना ही नहीं है जिससे पानी आने पर मेरे खेत पूरी तरह तालाब बन जाते है, कई बार इसकी सूचना विभाग को दिया किंतु आज तक स्थिती ज्यों कि त्यों बनी हुई है। बताया कि पिछले कई वर्षो से नहर खुदी हुई है लेकिन कोई फायदा नहीं मिला क्योंकि जब किसानो को पानी की आवस्यकता होती है तो नहर में पानी ही नहीं रहता। बरसात के दिनों में जब हर तरफ़ पानी भरा रहता है तब फसलों को मिटाने के लिए इसमें भी पानी छोड़ दिया जाता है। दुर्गा यादव, शिव सागर, भागवत प्रसाद मिश्र दिलीप कुमार मिश्रा राजू गुप्ता देवेन्द्र कुमार मिश्र, रामकुमार ने सासन प्रशासन से पटरियों को सही करवा कर सूखी नहरों में पानी डालने की मांग की है।

## कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जैदपुर पुलिस की तलातार कोशिशों में आज दस लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ एक आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने व मेरे पति विजय बहादुर ने अपने पुत्रों नितिन यादव व लालू यादव को गलत चाल-चलन के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**शान्ती पत्नी विजय बहादुर**
**ग्राम मुरारपुर तहसील व थाना रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी**

# फूड पॉयजनिंग का शिकार हुये दो दर्जन लोग, गांव में मचा हड़कंप

छिबरामऊ (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज

- मामला कोतवाली छिबरामऊ के गांव जयसिंहपुर का है
- सौ शैय्या अस्पताल में जारी है सभी पीड़ितों का उपचार
- गांव में आयोजित कराई गई भागवत कथा के भंडारे का प्रसाद खाने से हालत बिगड़ने की कही जा रही बात

**एक** गांव में संपन्न हो चुकी भागवत कथा के उपरांत आयोजित कराये गये भंडारे का प्रसाद खाने के बाद गांव के करीब दो दर्जन लोगों की हालत बिगड़ गई। मामले की जानकारी के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सभी पीड़ितों को स्थानीय सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों में बच्चों की संख्या अधिक बताई गई है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली छिबरामऊ के जयसिंहपुर गांव में कौशल पुत्र रामनाथ के घर भागवत कथा का आयोजन संपन्न कराया गया था। दोपहर कथा के समापन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गांव और आसपास के ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे पहुंचे थे। भंडारे में पनीर, छोले की सब्जी पूड़ी के अलावा पंजीरी और चन्नामृत भी ग्रामीणों को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। यह भी बताया गया कि किसी कट्टी में रखे गंगाजल को भी चन्नामृत में मिलाया गया था। कुछ समय बाद ही अचानक भंडारे के कार्यक्रम में उस समय हड़कंप मच गया जब प्रसाद ग्रहण करने वाले ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। मामला जब कार्यक्रम के आयोजक से लेकर अन्य ग्रामीणों तक पहुंचा तो आनन फानन में बच्चों से लेकर बड़ों तक को स्थानीय सौ शैय्या अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया।



यहां ग्रामीण बच्चों सहित पीड़ितों की संख्या अधिक देख अस्पताल प्रभारी द्वारा अन्य डाक्टरों को भी ब्यबस्था संभालने और उपचार के लिये बुलाया गया।पीड़ितों में बच्चों की संख्या अधिक बताई गई है।फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुये ग्रामीणों में राखी पुत्री बिमलेश कुमार 20 वर्ष, शकुंतला पत्नी शालिगराम 60 वर्ष, अनिकेत पुत्र सुरेंद्र 11 वर्ष, सुखदेवी पत्नी सिद्धगोपाल 35 वर्ष, नेहा पुत्री रामनरेश 19 वर्ष, सलोनी पुत्री महेश चंद्र 17 वर्ष, आकांक्षा पुत्री महेश चंद्र 14 वर्ष, सनी पुत्र बिबेक कुमार 7 वर्ष, मानवी पुत्री विवेक कुमार 5 वर्ष, देवकी पुत्री श्री कांत 15 वर्ष, मीना पत्नी विमलेश कुमार 55 वर्ष, प्रिया 10 वर्ष , मुस्कान 16 वर्ष, शिवन्या 7 वर्ष पुत्री यदुनंदन, सचिन पुत्र विमलेश बाबू 18 वर्ष, सुंदरी पुत्री कौशल 6 वर्ष, बादल पुत्र कौशल 8 वर्ष, कांति पत्नी कौशल 35 वर्ष, कौशल पुत्र रामनाथ 37 वर्ष, नीरज पत्नी चंदन सिंह 37 वर्ष, नंदिनी पुत्री कौशल 10 वर्ष, शामिल हैं। सभी का उपचार अस्पताल में जारी था।

# समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव का हुआ स्वागत



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** अधिक्वता सभा के प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार एडवोकेट का तहसील परिसर मे पहुचते ही अधिवक्ताओ मे खुशी की लहर दौड गई। साथी अधिवक्ताओ ने माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर बधाई दी।इस अवसर पर प्रदेश सचिव बने अभिषेक कुमार यादव ने बताया कि पार्टी की नीतियो को जन जन मे पहुँचा कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने को प्रयास रत रहूंगा। इस मौके पर अधिक्वता सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्दजीत यादव , बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश शाक्य अमित राजपूत,रत्नेश यादव,योगेन्द्र प्रताप,यादवेन्द्र प्रताप, रजनीश यादव, अजय यादव, कुलदीप, राजीव कुमार,धनश्याम यादव, बादाम सिंह शाक्य, नेम सिह, अनिल यादव, ओमेन्द यादव, प्रणव यादव,रामबाबू शाक्य, सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## बाग में आम तोड़ते समय मधुमखी ने काटा, मौत

**छिबरामऊ कन्नौज।** प्रेमपुर बाग मे आम तोड़ते समय मधुमखी ने काटा हालत बिगड़ने पर परिजनों ने 100 शैय्या अस्पताल मे कराया भर्ती डाक्टरों ने मृत्यु किया घोषित वृद्ध अपने गांव में पेड़ से आम तोड़ने के लिए गया था पेड़ पर मधुमक्खी का छत्ता होने के कारण मधुमक्खियां ने पतरावन उर्फ़ पतीराम उम्र 65 निवासी दीनपुर के ऊपर हमला बोल दिया के ऊपर हमला बोल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में सब सैयद संयुक्त चिकित्सालय 100 सिया संयुक्त चिकित्सालय उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा मृत्यु घोषित कर दिया गया मृतक अपने पीछे पत्नी विमला देवी बेटा बलराम बेटी सुमन मजदूरी कर परिवार का भरण भरण पोसन करते थे गरीब दशहरा दैनिक वेतन भोगी के परियों का भरण पोषण अब कैसे होगा।

## वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संसार सिंह के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान NBW निस्तारण के तहत थानाध्यक्ष शशिकान्त कनौजिया के कुशल नेतृत्व में थाना सकरावा पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त बबलू पुत्र रामशंकर यादव निवासी ग्राम परौर थाना सकरावा जनपद कन्नौज न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट कन्नौज के थाना सौरिख जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## किशोरी को भगा ले जानें का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** एक नावालिग किशोरी को एक युवक अपनी मॉ के सहयोग से कही बहला फुसला कर भगा ले गया है। किशोरी के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीडित भाई द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि बीती रात उसकी नावालिग बहन को गावं का ही प्रशांत लोधी पुत्र रामजीत लोधी अपनी माता विनीता के सहयोग से कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। कोतवाली पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।

## पारिवारिक विवाद में पुत्र ने मां से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** पारिवारिक विवाद के चलते बेटे ने मां के साथ गाली, गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी सत्यवती ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा विजय अक्सर पारिवारिक कारणों के चलते विवाद करता रहता है। लेकिन उसकी हरकतें बढ़ती ही जा रही हैं। वह समझाने की कोशिश करती है तो मानता नहीं है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मंगलवार की सुबह बेटा उसके पास आकर गाली, गलौज कर रहा था। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो मारपीट करने लगा। जिसमें उन्हें चोटें आई हैं। उनके चिल्लाने पर जब आसपास के लोग बचाने के लिए आए तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट के आरोपियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** अलग अलग मामलों में पिता और पत्नियों के साथ गाली, गलौज व मारपीट किए जाने के पर पुलिस ने आरोपी बेटे और पतियों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी नंदनी पत्नी पुष्पेंद्र एवं काशीनाथ निवासी राजदा पत्नी नईम ने पुलिस को बताया कि उनके पति उनके साथ ठीक से व्यवहार नहीं करते हैं। घर पर अक्सर झगड़ा करते रहते हैं। जिससे घर का माहौल खराब हो रहा है। आरोप लगाया कि उनके पतियों ने मंगलवार की सुबह उनके साथ अकारण ही गाली, गलौज शुरू कर दी। जब रोकना चाहा तो मारपीट कर दी।

# स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी प्रखर राजनीति के पुरोधा थेः मयंक गुप्ता

- पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने पूर्व सहकारिता मंत्री की स्मृति में पौधरोपण कर दिव्यागों को बांटे उपहार

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**स्व. राम** प्रकाश त्रिपाठी गरीबों के सामाजिक उत्थान के लिये कार्य करनें बाले प्रखर राजनीति के पुरोधा थे। उन्होने हर वर्ग, जाति, धर्म के लोगों को साथ लेकर चलना सिखाया। आज हम सभी युवा उनके बताये मार्ग पर चलकर राजनीति में आगे बढ रहे हैं। उनका मार्गदर्शन और आदर्श आज भी लोगों के बीच जीवंत है।

यह बात पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वर्गीय राम प्रकाश त्रिपाठी की 16 वीं पुण्यतिथि पर दिव्यांग बच्चों को मिष्ठान व उपहार भेंट करनें एवं उनकी स्मृति में पौधरोपण करनें के उपरान्त कही। भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा नें कहा कि युवाओं को स्व. त्रिपाठी के बताये गये मार्ग पर चलनें की आवश्यकता है। सुमित सक्सेना नें कहा कि उन्होंनें क्षेत्र के विकास के लिये सहकारिता के क्षेत्र में रात दिन कार्य करके जनपद को एक अलग पहचान दिलाई थी। उधर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर नें समर्थकों के साथ छिबरामऊ में स्व. राम प्रकाश त्रिपाठी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और श्रद्धांजलि देनें के उपरान्त कहा कि उनके विचारों व मार्गदर्शन से हम सभी को सदैव आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। वह हम सभी युवाओं के प्रेरणा श्रोत हैं। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भाजपा पिछडा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमित सक्सेना, विहिप नेता नीरज मिश्रा, अमरदीप मिश्रा, सुगम दुवे, मोनू गुप्ता, नीलेश गुप्ता, नवल गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।



स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी स्मृति में दिव्यागों को उपहार व पौधरोपण करते मयंक गुप्ता — समृद्धि न्यूज

# एक्सप्रेस-वे पर जहरखुरानियों के शिकार हुए तीन युवक

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**दिल्ली** से नौकरी कर वापस अपने घर जा रहे तीन युवक आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रोडवेज बस में जहरखुरानियों के शिकार हो गए। जानकारी होने पर परिचालक ने यूपीडा कन्ट्रोल रूम में सूचना दी। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने तीनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। फर्रूखाबाद जनपद के रायपुर जहानाबाद निवासी मोनू पुत्र सतेन्द्र सिंह व सौरिख थाना क्षेत्र के उड़ेलपुर गांव निवासी अनूप कुमार पुत्र उदयवीर अपने एक अन्य अज्ञात साथी के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट कम्पनी नौकरी करते थे। तीनों सोमवार की शाम अपने घर के लिए निकले थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से तीनों युवक एक रोडवेज बस में सवार होकर घर के निकले। रास्ते में तीनों युवकों को जहरखुरानियों ने अपना शिकार बना लिया। जहरखुरानियों ने तीनों युवकों पास में मौजूद नगदी, मोबाइल व अन्य कीमती सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी जब रोडवेज बस के परिचालक को हुई, तो उसने यूपीडा के कन्ट्रोल रूम पर फोन कर पूरे घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही यूपीडा कर्मी एक्सप्रेस-वे पर पहुंच गए। जहरखुरानियों के शिकार हुए तीनों युवकों को बस से उतारकर एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। सूचना पर दो युवकों के परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच सके। शाम तक परिजन अपने पुत्रों को साथ में घर ले गए है। एक युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर है।

# बिच्छू गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**बीते दिनों** गुरसहायगंज थाना क्षेत्रान्तर्गत स्विमिंग पूल में नहाने को लेकर बिच्छू गैंग के सदस्यों ने चार युवकों के साथ जमकर मारपीट की थी, उक्त घटना में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में मृतक युवक के परिजनों ने दो नामजद सहित 15 लोगों के खिलाफ गुरसहायगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले के दो आरोपियों को गुरसहायगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दविश दे रही है। मंगलवार को एसपी कार्यालय स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मीडिया के समक्ष पकड़े गए दो आरोपियों को पेश करते हुए बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस टीम ने उक्त मामले में वांछित दो आरोपी संजू गुप्ता उर्फ संजीव कुमार पुत्र राजेश गुप्ता निवासी सब्जी मंडी कस्बा गुरसहायगंज व संदीप पुत्र राकेश सिंह निवासी मोहल्ला गांधीनगर कस्बा गुरसहायगंज को मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के मिरगांवा क्रॉसिंग के निकट से गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि मामले के अन्य 13 आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। जल्द ही उन्हें भी पकड़ कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# बिच्छू गैंग के समूल सफाए को लेकर सपा नेताओं ने एसपी से की मुलाकात

- सपा नेताओं ने एसपी को सौपा ज्ञापन, घटना के दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मंगलवार को** समाजवादी पार्टी के नेताओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से मुलाकात की। सपा नेताओं ने जिले में आतंक का पर्याय बने बिच्छू गैंग के समूल सफाए की मांग करते हुए एसपी को एक ज्ञापन सौपा।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खान की अगुवाई में पार्टी नेताओं का एक प्रतिनिधि मन्डल ने एसपी से मुलाकात कर गुरसहायगंज थाना क्षेत्र स्थित स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान हुई घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा मृतक अरबाज की हत्या में शामिल दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। सपा नेताओं ने कहा कि जिले में तेजी से पनप रहा बिच्छू गैंग दिन-प्रतिदिन किसी न किसी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से तमाम अवैध असलाह लहराते हुए फोटो वायरल करते हैं, जिससे आम लोगों में भय व्याप्त होता जा रहा है। सपा नेताओं का आरोप है कि सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं का इस गैंग को संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते गैंग के सदस्यों के हौसले बुलंद हैं। सपा नेताओं ने एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि इस गैंग के खिलाफ पुलिस द्वारा कठोर कदम उठाया जाए और इस गैंग का समूल सफाया किया जाए। साथ ही सपा नेताओं ने कहा कि इस गैंग को संरक्षण देकर अपराधिक गतिविधियों के लिए उकसाने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष कलीम खान, वरिष्ठ सपा नेता जयकुमार तिवारी (बउअन), सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, राम शंकर लोधी, आकाश शाक्य, मुकीम खान, छोटे ठाकुर आदि सपा नेतागण रहे।



एसपी से घटना के संबंध में वार्ता करते सपा नेतागण

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनायें कर्मी व नागरिक



पालिका में बैठक लेते जिला मलेरिया अधिकारी — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- पालिका सभागार में जिला मलेरिया अधिकारी नें बैठक में बनाई रूपरेखा

**शासन** के निर्देश पर स्थानीय नगर पालिका सभागार में जिला मलेरिया अधिकारी की अध्यक्षता में 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पालिका कर्मियों व सभासदों के साथ अभियान की सफलता के लिये रणनीति बनाई गई। मंगलवार को स्थ्ज्ञानीय पालिका सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन के लिये जिला मलेरिया अधिकारी की अध्यक्षता में निकाय स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा कर्मचारियों को कीटनाशक, एंटीलारवा छिडकाव, फॉगिंग आदि गतिविधियों को संपन्न कराये जाने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, मोहसिन खान चिकित्सक, नसीबा खान बीएमसी, राजन बाबू, अशोक कुमार, आकाश सक्सेना, सभासद निर्मल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर डाक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जायेः डीएम

- कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति एवं आयुष समिति की बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं आयुष समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुये सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर वैक्सीन एवं दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त रुप से होनी चाहिये। जो नये अस्पताल बने हैं, उनमे सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जायें। सभी केन्द्रो पर डाक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाये। उन्होने निर्देश दिये कि सभी केन्द्रो पर विजिट कर देख ले कि डिलीवरी प्वाइंट एवं नॉन डिलीवरी प्वाइंटो पर मानव संसाधन की किसी प्रकार की कमी तो नही है। प्रत्येक दशा में मानव संसाधन की उपलब्धता प्रर्याप्त रुप से होनी चाहिये। उन्होने सीएमओ को निर्देश दिये कि मैन पावर को क्षेत्रवार जो आवंटन किया गया है उसे पुनः अध्ययन किया जाये। सभी केन्द्रो पर रोस्टर वाइज मैन पावर की तैनाती की जाये। मैन पावर अच्छा होगा तभी अच्छी फैसल्टीज दे पायेंगे। आरबीएस की टीम द्वारा समय-समय भ्रमण किया जाये, सभी स्कूलो व आंगनवाडी केन्द्रों पर शतप्रतिशत बच्चों की उपस्थिति होनी चाहिये। पोषण पुनर्वास केन्द्र के अन्तर्गत संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती हुये 32 बच्चो के सापेक्ष ठीक होकर 19 बच्चो को डिस्चार्ज किये जाने पर कहा कि केन्द्र पर 14 दिन तक बच्चो को रोक कर सभी सुविधाये उपलब्ध करायी जाये। बच्चे को पूर्ण रुप से ठीक होने पर ही डिस्चार्ज किया जाये। इमरजेन्सी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज एम्बुलेंस 108 एवं नेशनल एम्बुलेंस सेवा 102 पूर्ण रुप से क्रियाशील होना चाहिये। एम्बुलेस समय सीमा के अन्दर रोगी तक पहुंचे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। संबंधित अधिकारियो द्वारा समय-समय पर भौतिक निरीक्षण भी किया जाये बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा सहित अन्य संबंधित चिकित्सक मौजूद रहे।

## कोई भी पात्र लाभार्थी गोल्डन कार्ड से वंचित नही रहना चाहिये

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पी.पी.पी. परियोजनाओ की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सीटी स्कैन, डायलिसिस, बायोमेडिकल एक्यूपमेन्ट मेन्टेनेंस, टेलीरेडियोलॉजी, टेलीमेडिसिन आदि में किसी प्रकार की कमी नही होना चाहिये। सभी सुविधाये मरीजो को समय से मिले इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के अन्तर्गत सभी पात्र लाभार्थियो के गोल्डन कार्ड बनाये जाये। कोई भी पात्र लाभार्थी गोल्डन कार्ड से वंचित नही रहना चाहिये। मंत्र एप पर जनपद में 2285 के सापेक्ष 1612 आधार का प्रमाणीकरण पाये जाने पर निर्देश दिये मंत्र एप पर आधार प्रमाणीकरण शतप्रतिशत समय से किया जाये। गर्भवती महिलाओ का रजिस्ट्रेशन समय से कराया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि सभी अस्पतालों पर जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिससे विद्युत की किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये।

## सूचना

मेरे बड़े पुत्र लोमान के चाल-चलन ठीक ना होने के कारण मैने व मेरे पारिवरिकजनों ने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्य व कुकृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे पारिवारिक जनों का कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा।

**महफूज पुत्र महमूद**
**निवासी-मोहल्ला काजीटोला**
**थाना व जिला कन्नौज**

# एसीएमओ ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों के उपचार के बावत दिये दिशा निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपर मुख्य** चिकित्साधिकारी डॉ0 रंजन गौतम ने जिला जेल का निरीक्षण किया। जेल चिकित्सक को बंदियों के उपचार के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिला जेल फतेहगढ़ के चिकित्सालय, भोजनालय, कौशल विकास केंद्र और सांसद मुकेश राजपूत की निधि से जेल में स्थापित बेकरी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। जेल चिकित्सक को बंदियों के उपचार के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जेल के फाइव स्टार भोजनालय की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। रोटी, कद्दू की सब्जी,



जेल में बन रहे खाने की गुणवत्ता देखते एसीएमओ समृद्धि न्यूज

दाल को अपने सामने बनते देखा। उन्होंने रोटी खाकर गुणवत्ता चेक की। भोजन की क्वालिटी, भोजनालय की सफाई व्यवस्था की जमकर प्रशंसा की। वहीं बेकरी के बिस्कुट खाकर चेक किए। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि जेल बेकरी में निर्मित बिस्कुट आम जनता के लिए जेल उत्पाद बिक्री केंद्र पर उपलब्ध है। बिक्री बढ़ाने और बंदियों को रोजगार देने के लिए और अधिक प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की अन्य जेलों में आवश्यता के अनुसार बिस्कुट खपत के प्रयास किए जा जा रहे हैं। जेल में निर्मित बिस्कुट की मुख्य बात ये है कि बिस्कुट में मैदा का प्रयोग नहीं किया गया है। जेल निर्मित बिस्कुट पूर्ण रूप से मैदा रहित है। जेल में बनने वाले बिस्कुट में गेंहू आटा और मक्का के आटा का प्रयोग किया जा रहा है।

# शमशाबाद से फर्रुखाबाद रोडवेज बस सेवा शुरु कराने के लिए डीएम को दिया पत्र

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद** नगर से फर्रुखाबाद फतेहगढ़ तक रोड बेज बस सेवा चालू करने के संबंधित जिला अधिकारी को नगर पंचायत के प्रतिनिधि ने पुनः पत्र लिखा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष शमसाबाद जोया शाह फारुकी के प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी ने जिला अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि शमशाबाद नगर से सैकड़ों की संख्या में फर्रुखाबाद फतेहगढ़ अधिवक्ताओं, छात्र-छात्राओं, सरकारी विभागों में तैनात कर्मचारी अधिकारी आवागवन करते हैं। उक्त नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए एक रोडवेज बस का संचालन करना आति आवश्यक है। जिसके पर्यवेक्षक में कार्यालय में पत्रांक संख्या क्रमश 160/न0प0रोडवेज बस0 संचा0 व्यव0/शमसाबाद दिनांक 09 जून 2023, दिनांक 09.08.2023 580 न0प0 रोडवेज बस0 संचा0 व्यव0/शमसाबाद, दिनांक 12 अक्टूबर 2023 तथा 26/न0 प0 रोड0बस0 संचा0 व्यव0 2024-25 शमशाबाद, दिनांक 9 अप्रैल 2024 से कई बार अवगत कराया। अभी तक संबंधित विभाग द्वारा उक्त रोड पर रोडबेज बस का संचालन नहीं किया गया। नगर अध्यक्ष द्वारा पुनः शमशाबाद फर्रुखाबाद फतेहगढ़ रोडवेज बस सेवा सुबह 8.00 बजे से चालू करने हेतु विभाग को जिला अधिकारी द्वारा निर्देशित करने का आग्रह किया गया है। नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी ने 24 जून 2024 को जिला अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर पत्र दिया है।




रोडवेज बस का लोगो

# कई बीमारियां फैलाने में सहायक होते हैं चूहे: जिला कृषि अधिकारी

- संचारी रोग नियंत्रण विशेष अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**चूहे फसलों** को बुवाई से लेकर अन्न भण्डारण तक किसी न किसी तरह से नुकसान पहुंचात रहते हैं। इनके नियंत्रण के लिए समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये जाते हैं। चूहे फसल के अलावा हमारे दैनिक उपयोग की वस्तुओं को कुतर कर क्षतिग्रस्त करते हैं। इसके अलावा चूहे/छछूंदर अनेक प्रकार के रोगों को फैलाने के लिए कारक का भी काम करते हैं। रोडेन्टस स्कव टाइफस नामक बीमारी चूहों के वालों व कानों में पाये जाने वाले पिस्सू से होती है। जो स्कव टाइफस ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुषी नामक वैक्टीरिया के



घर में मौजूद चूहे समृद्धि न्यूज

कारण फैलती है। यह संक्रमित लार्वा माइटस कीट के काटने से इंसानों में फैलती है। इस संक्रमित कीट के काटन के 10 दिन के अंदर लक्षण नजर आने लगते हैं। शरीर पर काटी हुए जगह पर चकत्ते बन जाते हैं और पपड़ी भी पड़ सकती है। रोगी को बुखार और ठंड लगने के साथ सर दर्द, शरीर और मांसपेसियों में दिक्तत हो सकती है, लक्षण प्रकट होते ही रोगी को तुरन्त चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। लेप्टोस्पायरोसिस को रेट फीवर के नाम से भी जाना जाता है। यह जीवाणु संक्रमण है, जो लेप्टोस्पाइरा बैक्टीरिया के कारण होता है। यह जीवाणु पानी और गीले मैदान में पनपते हैं। जो रोटेड चूहों को संक्रमित करते हैं और संक्रमित चूहे/छछूंदर जहॉ पर भी मूत्र करते हैं और उस स्थान पर जिसे भी अन्य जीव का सम्पर्क होता है, वह भी संक्रमण का शिकार हो जाता है। संक्रमण एक संक्रमित जानवर के मूत्र से या मृत जानवर से संक्रमित ऊतक के माध्यम से फैल सकता है। यह बैक्टीरिया कटी त्वजा, मुंह, नाक या आंखं और दूषित पानी से फैलता है। इसके अलावा दूषित मिट्टी, कीचड़, जल भराव के पानी आदि के सम्पर्क में आने से इस बीमारी के फैलने की अधिक सम्भावना रहती है। बरसात के दिनों में यह रोग अधिक तेजी से फैलत है। इस रोग के लक्षणों में ठंड लगने से तेज बुखार, सिरदर्द, बदनदर्द, लाल आंखें, भूख की कमी, उल्टी, दस्ता आदि होते हैं। रोगी को लक्षण प्रतीत होते ही तुरन्त चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। यह जानकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने दी है।

# पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस ने** मुकदमे में वांछित चल रहे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। जानकार के अनुसार पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 60/24 धारा 504, 506, 307 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त नैतिक उर्फ शिवा पुत्र ओंकार निवासी करनपुरदत्त थाना अमृतपुर को गिरफ्तार किया गया।

## खबरें चलते-चलते

### पुत्री को बहला फुसलाकर गायब करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित महिला ने पुत्री को बहला फुसलाकर गायब करने की पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी थी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ग्राम बंधौआ थाना कोतवाली फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद की निवासिनी हरिजन कोरी जाति की महिला है। पीड़िता की छोटी पुत्री को दिनांक 18.06.2024 को सुबह 8.00 बजे जब पीड़िता अपने पति को खाना देने भट्टे पर गयी हुई थी, तभी उसकी पुत्री को मेरी देवरानी प्रेमवती उर्फ नन्हीं देवी पत्नी स्व0 मुन्नू के सहयोग से गायत्री पुत्री प्रेमी निवासी हाल मोहल्ला जाफरी फतेहगढ़ व उसका भाई ऋषि मिश्रा बहला फुसलाकर कहीं बुला ले जाकर गायब कर दिया है। पीड़िता के घर आने पर पता लगने पर पीड़िता ने उपरोक्त गायत्री का पता करते उसकी चूणी वाली गली में दुकान पर आयी, परन्तु गायत्री ने कुछ नहीं बताया व कहीं गायब हो गयी। उक्त महिला गायत्री व उसका भाई ऋषि ने पुत्री को कहीं गायब कर दिया है। देवरान की पुत्रियां गुड़ियां, पूजा व पुत्रगण सुरजीत व सुधांशु, पूजा ने धमकी दी है कि तुम लोग घर खाली करके यहां से चले जाओ नहीं तो पूरे घर को जादू टोना करके मरवा दूंगा। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। एसपी के आदेश पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गा। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव ज्योनी निवासी सन्धिया उम्र 28 वर्षीय पत्नी ब्रजेश कुमार ने सदिग्ध परिस्थितियों में फॉंसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल में घटना का कारण पूछने पर परिजन चुप्पी साथ गये। इससे प्रतीत होता है कि परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गयी। वहीं किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी व हलका इंचार्ज नितिन यादव मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक परिजन लोहिया अस्पताल के लिए चल दिये थे।

### दो लोगों ने पिया जहर, दोनों की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव अजीजलपुर निवासी रेखपाल के 16 वर्षीय पुत्र सत्यम व नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी बालकराम की 17 वर्षीय पुत्री क्षमा ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां निवासी गुड्डू यादव मार्ग दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज करने के लिए दी तहरीर

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**मार्ग दुर्घटना** में घायल हुए बाइक सवार के मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार राकेश कुमार पुत्र सोनपाल निवासी नौसारा जमदनी थाना जलालाबाद जनपद शहजानपुर ने स्प्लेंडर बाइक सवार चालक बाबू पुत्र शौकीन अली के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 16 जून को गंगा स्नान करने के बाद पीड़ित बाइक द्वारा पत्नी धन देवी के साथ घर जा रहा था। ढाईघाट शमशाबाद शाहजहांपुर मार्ग पर स्थित ग्राम चौरा धर्म कांटा के निकट गुजरते समय आरोपी बाइक सवार द्वारा बाइक को ओवरटेक करने की कोशिश की गई। शिकायती पत्र के अनुसार अनियंत्रित गति से ओवरटेक करते समय उक्त बाइक सवार द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में कुछ लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवार दंपत्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भिजवाया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया। जहां से 16 जून को बरेली के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां उपचार जारी है।

पीड़ित के अनुसार अनियंत्रित बाइक सवार 3 महिलाओं को बिठाकर तेज गति से ओवरटेकिंग कर रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित बाइक सवार द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने सोमवार को आरोपी बाइक सवार के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# दरोगा की बाइक में टकरायी अधिवक्ता की बाइक, निकाली चाबी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**उप निरीक्षक** की बाइक में अधिवक्ता की बाइक टकरा गयी। जिससे गुस्साये उप निरीक्षक ने विरोध करते हुए अधिवक्ता की बाइक की चाबी निकाल ली। सूचना मिलने पर दरोगा अधिवक्ता मौके पर पहुंच गये। बाद में दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को एक दरोगा तहसील जा रहे थे, तभी तहसील गेट पर एक अधिवक्ता की बाइक उनकी बाइक से टकरा गयी। जिससे उप निरीक्षक झल्ला गये और बाइक से उतरकर अधिवक्ता से विरोध जताते हुए उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। मामला बढ़ते देख दर्जनों अधिवक्ता मौके पर पहुंच गये। बाद में अधिवक्ताओं ने दोनों पक्षों को समझाकर मामले को रफादफा करा दिया और दोनों पक्ष चले गये। इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गयी।



मौके पर मौजूद अधिवक्ता व उप निरीक्षक समृद्धि न्यूज

### शोहदे द्वारा बालिका विद्यालय में चिपकाया गया लव लेटर बना चर्चा का विषय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक शोहदे द्वारा बालिका विद्यालय के अंदर छिपकाया गया लव लेटर चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि शोहदे द्वारा यह भी कहा गया है कि यदि उसकी शादी उसकी प्रेमिका से नहीं होती है, तो वह आत्महत्या कर लेगा, लेकिन अभी तक उपरोक्त लेटर के संबंध में कालेज प्रशासन द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया है। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ स्थित राजकीय बालिका विद्यालय की दीवार पर एक शोहदे द्वारा एक लव लेटर चिपकाया गया है। जिसमें लिखा है कि उसकी शादी यदि उसकी प्रेमिक जो उपरोक्त कॉलेज में पढ़ती है, उससे न हुई, तो वह आत्महत्या कर लेगा। उक्त लेटर के संबंध में कालेज प्रशासन भी चुप्पी साधे हुए है। हो सकता है कि प्रेमी कभी भी कॉलेज में पहुंचकर किसी अनहोनी घटना को अंजाम दे सकता है। जिसके चलते कालेज प्रशासन को कोई कार्यवाही अवश्य करनी चाहिए। अन्यथा इसके लिए कॉलेज प्रशासन को ही दोषी ठहराया जायेगा।

# शासन के आदेश के बाद भी नहीं रुक रहा ट्रैक्टर ट्रालियों से सवारी ढोना




शहर के लाल दरवाजे पर सवारी लेकर जाता ट्रैक्टर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शासन की** तमाम रोक के बावजूद भी ट्रैक्टरों से सवारी ढोने का सिलसिला थम नहीं रह है। आये दिन दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर बेखौफ होकर नगर से निकल रहे हैं। जानकारी के अनुसार सरकार के सख्त निर्देश हैं कि ट्रैक्टर से सिर्फ कृषि कार्य ही किया जाये। सवारी ढोने व अन्य प्रयोग में न लाया जाये, लेकिन सरकार के इस आदेश का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। जिसके चलते दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियां भरकर बेरोकटोक चौकी, कोतवालियों के सामने से गुजर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस सब जानकर भी अंजान बनी हुई है। बीते दिन एक ट्रैक्टर ट्राली भरी आवास विकास चौकी के सामने से निकली, तभी पुलिस आरक्षी ने उसे रोक लिया और उससे पैसे लेकर उसे जाने दिया। ऐसे कई मामले आये दिन नजर आते हैं, लेकिन सब मूकदर्शक बने हुए हैं। सरकार यदि सख्ती से उपरोक्त आदेश का पालन नहीं करायेगी, तो ऐसे ही ट्रैक्टर बेरोकटोक गुजरते रहेंगे और दुर्घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे।

तहरीर | प्रधानाध्यापक ने पुलिस को दी तहरीर

# अराजकतत्वों ने विद्यालय परिसर में की जमकर तोड़फोड़




तोड़े गये पेड़ दिखवाते प्रधानाध्यापक समृद्धि न्यूज



तोड़ा गया पाइप व वॉशवेसिन समृद्धि न्यूज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**अराजकतत्वों ने** विद्यालय परिसर में जमकर तोड़फोड़ की तथा सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खाँ प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जावेद खान ने कोतवाली में दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह सुबह 7.00 बजे विद्यालय पहुंचे, तो देखा कि किन्हीं अराजकतत्वों ने विद्यालय के अंदर जमकर तोड़फोड़ की। विद्यालय परिसर में लगे पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाया गया। हैंडपंप के पाइप व समरसेबिल में लगे पाइप तोड़ दिये। इसके अलावा पानी की टंकी में लगे पाइपों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। शौचालय की जालियां व नल की टोंटियां तोड़ दी गयीं। इतना ही नहीं लेट्रीन करके उसको विद्यालय की दीवारों पर फैलाया गया। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि द्वेशभावना के चलते सब किया गया है। इस दौरान प्रधानाध्यापक के अलावा कृष्णपाल यादव, सत्यवीर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भाजपाइयों ने विरोध जताकर आपातकाल की मनायी बरसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आपातकाल दिवस** की 50वीं बरसी पर आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने संबोधन दिया एवं आपातकाल के दौरान जेल में बंद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया।

शिव महेश दुबे ने कहा 1975 में देश पर लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण हुए हैं इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए आजाद भारत पर आपातकाल जैसा काला कानून थोप दिया। जिसके कारण पूरे देश में संवैधानिक संस्थाओं, संपूर्ण विपक्ष एवं मीडिया को सत्ता के दम पर कुचलने का प्रयास किया गया। आपातकाल इस देश में आजादी की दूसरी लड़ाई की तरह था, जब सत्ता पर काबिज रहने के लिए एक पार्टी और परिवार ने एक काले कानून का सहारा लिया। तत्कालीन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं और नेताओं को जेल भेज दिया गया था। पूर्व जिला महामंत्री डॉ0 प्रभात अवस्थी ने कहा आपातकाल का वह दौर बहुत ही भयावह था देश की संवैधानिक संस्थाएं सरकार के हाथ की कठपुतलियां बन गई थी। रूपेश गुप्ता ने कहा 25 जून 1975 का वह दिन जब आपातकाल लगाने के कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक रूप से प्रेरित फैसले ने देश के लोकतंत्र के स्तंभों को हिला दिया था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जगदीश पांडे, विजय वर्मा, आग्नेय श्रीवास्तव, प्रभात अवस्थी को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, पीयूष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।



आपातकाल की बरसी पर विरोध जताते भाजपाई — समृद्धि न्यूज

# लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी के अध्यक्ष रचित टंडन व सचिव विवेक अग्रवाल बने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लायंस क्लब** फर्रुखाबाद सिटी की साधारण सभा की बैठक लोहाई रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। चार्टर अध्यक्ष राजन महेश्वरी ने स्वागत करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षो से नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ है और यह अच्छा रहेगा। सर्वसम्मति से इस बार भी कार्यकारिणी का गठन हो। पूर्व अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने गत वर्ष के कार्यों के लिए सभी को धन्यवाद दिया। राजन महेश्वरी ने प्रमोद अग्रवाल से नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करने का आग्रह किया। नवीन कार्यकारिणी में रचित टंडन को अध्यक्ष, विवेक अग्रवाल को सचिव, एवं प्रमोद अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सिंह गुड्डे, डा0 रवि रस्तोगी, मुदित टंडन तथा योगेश साध रहे। अभिषेक रस्तोगी को सह सचिव बनाया गया। ग्लोबल लीडरशिप चेयरमैन राजन महेश्वरी, मेम्बरशिप चेयरमैन सौरव अग्रवाल, साईट फर्स्ट चेयरमैन डा0 रविन्द्र यादव, पीस पोस्टर चेयरमैन रोहित गुप्ता बनाये गये। सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नवीन अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि अनेक जन मानस के भले के लिए कार्य किये जायेंगे और सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा की गई। पूर्व अध्यक्ष संजय गर्ग, डा0 जितेन्द्र कटियार, डा0 चटबाल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।


नवीन कार्यकारिणी गठन के दौरान मौजूद पदाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### राज्य सरकार को विज्ञापन के आधार पर पुरानी पेंशन बहाल करने पर बधाई: ज्ञानप्रकाश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा के पदाधिकारियों ने सरकार की कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णय के पहले विज्ञापित पदों पर नियुक्ति कर्मचारियों/शिक्षकों को पुरानी पेंशन का विकल्प देने के निर्णय की सराहना की तथा सरकार से मांग की गई कि 23 मार्च 2005 के बाद विज्ञापित पदों पर नियुक्त शिक्षकों व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाये। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि अटेवा लगातार पुरानी पेंशन बहाली हेतु धरना प्रदर्शन, सम्मेलन, भूख हड़ताल, उपवास, संगोष्ठी, पेंशन यात्रा, विधानसभा का घेराव, पेंशन महारैली एवं सांसदों तथा विधायकों को ज्ञापन का कार्यक्रम करता रहा है। जिसका परिणाम है कि आज सरकार ने निर्णय लिया है कि सरकार सभी कर्मचारियों की पेंशन जब तक बहाल नहीं कर देती अटेवा आगामी महीनों में एक बड़ा आंदोलन करने जा रहा है। अटेवा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने कहा कि सरकार की कैबिनेट का फैसला उन सभी शिक्षक व कर्मचारियों के संघर्ष का नतीजा ही जो अटेवा के आंदोलन में तन मन धन से लगे रहे है कि जिले से लेकर लखनऊ व दिल्ली की महारैली तक डट कर संघर्ष किया है। सरकार अन्य सभी कर्मचारियों व शिक्षकों की भी पेंशन बहाल करें। अटेवा के पदाधिकारी सुधीर कुमार पाल, सुनील कुमार, विमलेश शाक्य आदि लोगों ने विज्ञापित पुरानी पेंशन बहाल करने की बधाई दी है।


ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी व नरेन्द्र सिंह जाटव

### स्कूलों में नहीं पहुंचे सफाई कर्मी, शिक्षकों व रसोइयों ने की साफ-सफाई


विद्यालय में साफ-सफाई करती रसोइयां — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्कूलों में सफाई के न पहुंचने से शिक्षकों ने रसोइयों के साथ मिलकर साफ-सफाई की है। ग्रीष्मावकाश के बाद खुले परिषदीय स्कूल, स्कूलों में पहले दिन सफाई कर्मचारियों के न पहुंचने पर शिक्षकों ने रसोइयों के साथ मिलकर स्कूलों की सफाई की। प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रधानाध्यापक राज किशोर शुक्ला, सहायक अध्यापक आकाश पाल, योगेंद्र कुमार व शिक्षामित्र कमलेश राजपूत ने रसोईया आशा देवी एवं उमा देवी के साथ मिलकर विद्यालय की साफ सफाई की। राज किशोर शुक्ल ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भी स्कूल में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया था। फिर भी एक माह से बंद स्कूल में घास आदि उगआने से काफी गंदगी है। दो तीन दिन में स्वच्छता अभियान चला कर स्कूल पूर्व की भांति चमका लिए जायेंगे। 28 जून से बच्चों को स्कूलों में बुलाकर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। दो दिन स्कूल में समर कैंप लगाया जाएगा। जिसमें एक दिन मेवा युक्त खीर तथा दूसरे हलवा खिलाया जायेगा। दो दिन लगने वाले समर कैम्प में बच्चों के साथ अभिभावकों को भी बुलाया जाएगा। जिसमें स्कूल चलो अभियान, नवीन नामांकन, वृक्षारोपण, संचारी रोग नियंत्रण, बच्चों की आनलाइन उपस्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### छत से गिरकर मासूम गंभीर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर से सटे गांव कलाखेल निवासी चाँद मियाँ की 4 वर्षीय पुत्री इनायत छत से गिरकर गंभीर घायल हो गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# सिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्वास्थ्य** विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के द्वारा मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में सिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में औषधि निरीक्षक समेत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, शिक्षा, डूडा, नगर पालिका परिषद समेत कई विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शहरी क्षेत्र की मलिन बस्तियों में रहने वालों को सरकार की ओर से दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में चर्चा हुई। बैठक में शामिल अन्य विभागों से इसमें सहयोग की अपील की गई। सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र विशेषकर मलिन बस्तियों में रहने वाली आबादी को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के लिए आपसी सामंजस्य से काम करने का यह एक मंच है। हम सभी को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करना चाहिए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों के बेहतर स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत योजना, परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नियमित टीकाकरण के सुचारू रूप से क्रियान्वयन, आभा आईडी और स्वच्छता विषय पर समूह के साथ चर्चा की। परिवार नियोजन के कार्यक्रम को भी सफल बनाना है। इसके लिए सभी लोगों को एकजुट होकर इस पर काम करना होगा। संचालन नौशाद अली ने किया। बैठक में एसीएमओ डॉ0 सर्वेश, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0सी0 माथुर, डॉ0 दीपक कटारिया, सीएमएस डॉ0 कैलाश, जिला परिवार नियोजन सलाहकार विनोद कुमार, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक राजीव पाठक आदि उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी — समृद्धि न्यूज


# चिंतन शिविर में जनपद के लोगों ने किया प्रतिभाग

▸ **मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन महिला कल्याण मंत्री को सौंपा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य परिषद का चिंतन शिविर कानपुर नगर में स्थित स्कूल ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज जवाहर नगर में सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद से कई प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। शिविर का उद्घाटन बाल विकास पुष्टाहार एवं महिला कल्याण मंत्री प्रतिभा शुक्ला व शिक्षा निदेशक माध्यमिक महेन्द्र देव एवं संयुक्त शिक्षा निदेश मनोज दुबे व प्रदेश अध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री ने संयुक्त रुप से शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन मंत्री प्रतिभा शुक्ला को सौंपा। 13 सूत्रीय ज्ञापन में माध्यमिक शिक्षा निदेश डा0 महेन्द्र देव के सामने प्रधानाचार्यों ने समस्यायें रखी। प्रमुख समस्या फीस का रिस्ट्रक्चर ग्रीष्म अवकाश के बदले प्रधानाचार्य को अर्जित अवकाश देना, धारा 12 धारा 18,21,22 को नए शिक्षा आयोग में शामिल करना आदि मांगे थी। आश्वासन दिया गया कि मांगों को पूरा करने के लिए कोशिश करूंगा। इस अवसर पर जनपद फर्रुखाबाद से जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, बृजभूषण सिंह जिला महामंत्री, संतोष त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, विनीत चौहान जिला उपाध्यक्ष, निराला, वीरेंद्र मिश्रा संरक्षक, सदस्य विनीता तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# जमकर नहीं बरस रहे बदरा, लेकिन मौसम हुआ खुशनुमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बीते करीब तीन चार दिनों से बन रहे मौसम के बीच मंगलवार को फिर हल्की बूंदाबांदी हुई। जिससे गर्मी से कुछ राहत अवश्य मिली है। वहीं बदरा जमकर नहीं बरस रहे हैं। जानकारी के अनुसार बीते दिन आसपास के जिलों में झमाझम वारिश होने का समाचार मिला है। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया है, लेकिन जनपद फर्रुखाबाद में बीते करीब दो दिनों से सिर्फ हल्की बूंदाबांदी ही हो रही है। जमकर बदरा छाये रहे, लेकिन बरसे नही। फिलहाल एक दो दिन में जमकर वारिश होने की संभावना जतायी जा रही है। बताते चलें कि शनिवार व रविवार को गर्मी सबसे ज्यादा महसूस की गयी थी, तब पानी बरसने की संभावना जगी थी, लेकिन लोगों की उम्मीदों पर उस समय पानी फिर गया, जब बदरा आकर चले गये और हल्की बूंदाबांदी हुई। फिलहाल आसपास के जिलों में हो रही झमाझम वारिश से मौसम खुशनुमा अवश्य हो गया है। जिससे गर्मी से बेहाल लोगों ने कुछ राहत अवश्य महसूस की है।

# व्यापारियों ने नजूल सम्पत्तियों का अध्यादेश वापस लेने की उठायी मांग

▸ **व्यापार मण्डल ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उद्योग व्यापार** मंडल द्वारा नजूल संपत्तियों के बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को कलेक्ट्रेट पहुंचकर व्यापारियों ने सौंपा। प्रदेश में 7 मार्च को एक अध्यादेश नजूल संपत्तियों के अधिग्रहण करने संबंधी जारी किया गया था, जो लोक हित में नहीं प्रतीत होता है। नजूल संपत्तियों के अधिग्रहण करने से जहां व्यापार और उद्योग पर बेहद विपरीत असर होगा। वहीं पीढ़ियों से रह रहे लोगों को आवास की समस्या भी उत्पन्न हो जाएगी। आवास विकास परिषद द्वारा रिहायसी भूखंड जो व्यावसायिक गतिविधियों में परिवर्तित हो गए हैं, उन भूखंडों को तब अधिकारियों द्वारा नहीं रोका गया, लेकिन अब उन पर सील एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से भी उद्योग और व्यवसाय पर विपरीत असर पड़ेगा। साथ ही साथ बेरोजगारी भी उत्पन्न होगी। व्यापार मण्डल ने इस अध्यादेश को वापस किये जाने की मांग की है। नजूल संपत्तियों को फ्री होल्ड करने की योजना चालू की जाए। जब तक यह योजना लागू की जाए, तब तक प्रदेश में नजूल संपत्तियों का प्रयोग करने वाले सभी लोगों के लिए न्यूनतम शुल्क निर्धारित कर उनकी लीज का नवीनीकरण किया जाए। जिससे लोगों के मन में भय एवं भविष्य की चिंता समाप्त हो सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी, प्रमोद गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सर्वेश अग्रवाल, संजय रस्तोगी, अंकित कटियार, विपिन कुमार, अशोक कनौजिया, राजू गौतम आदि मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी — समृद्धि न्यूज

# प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाना है: अयोध्या प्रसाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**विद्या** भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बाहर दतिया गेट झांसी में चल रहे 10 दिवसीय नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के पांचवें दिन अयोध्या प्रसाद मिश्र (प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक परिचय एवं कक्षा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। जनपद फर्रुखाबाद से पहुंचे आचार्यों ने दस दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया और शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी ली। विद्या भारती पूर्वी क्षेत्र द्वारा झांसी के दतिया गेट पर आयोजित दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के पांचवें दिन सैद्धांतिक सत्र एवं शैक्षिक सत्र में अयोध्या प्रसाद मिश्र द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक परिचय एवं कक्षा प्रबंधन विषय पर 14 जिलों से उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिचय को समझाते हुए बताया कि प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाना है, यह शिक्षार्थी और समाज के बीच संबंध बनाने में मदद करता है एवं कक्षा प्रबंधन कैसा हो इसको भी विस्तार से समझाया। संचालन प्रधानाचार्या कल्पना सिंह ने किया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति झांसी के कोषाध्यक्ष महेश नगाइच, भगवान सिंह सेंगर, शिव करन, अजय कुमार दुबे, शिव सिंह, रत्नेश अवस्थी, राजबहादुर, संतोष लाला राम, आशीष कुमार गुप्ता, अर्पित निगोतिया, बृजपाल सिंह, आलोक कुमार, रजनीश कुमार, आलोक कुमार, विवेक दीक्षित, पूरन सिंह, स्वेता मिश्रा, राशि गुप्ता, लक्ष्मी पांडे, कीर्ति आदि उपस्थित रहे।


बैठक में शामिल नवीन आचार्य — समृद्धि न्यूज

### मारपीट का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव लहरा निवासी मन्शाराम माथुर पुत्र पातीराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह मजदूरी करके आया और घर के बाहर दरवाजे पर खड़ा था, तभी गॉव के विपिन पुत्र रामरतन ने उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। मेरे द्वारा विरोध करने पर उक्त दंबग ने परिजनों के साथ मिलकर मन्शाराम को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मेडीकल परीक्षण करवाया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपने पति मोहित अग्रवाल के गलत चाल-चलन व क्रियाकलापों के चलते उनको अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।
**शालिनी अग्रवाल पत्नी मोहित अग्रवाल निवासी-5/71, सेठगली, थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद**

**सूचना**

मेरी एलआईसी बीमा पालिसी सं0- 263294359 में भूलवश नाम इंन्द्रपाल सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह अंकित हो गया है। जो कि मूल दस्तावेजों में मेरा नाम लालू है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है।
**लालू पुत्र शिवनाथ ग्राम हुसेनपुर बांगर बरतल, फर्रुखाबाद।**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहित अग्रवाल के गलत चाल-चलन व क्रियाकलापों के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अजय कुमार अग्रवाल पुत्र विमल प्रकाश अग्रवाल निवासी-5/71, सेठगली, थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहित अग्रवाल के गलत चाल-चलन व क्रियाकलापों के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अर्चना अग्रवाल पत्नी अजय कुमार अग्रवाल निवासी-5/71, सेठगली, थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद**

**कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

पत्रांक: 164/न0पं0-सा0नी0ठेका0/2024-25 — दिनांक 24 जून 2024

**सार्वजनिक नीलामी ठेका**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शमसाबाद अपनी सीमा के अन्दर वर्ष 2024-25 हेतु ठेका मुर्दा मवेशी, हड्डी आदि को ठेका 28/06/2024 को समय अपराह्न 2.00 बजे कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद में नीलामी बोली कराकर उठानी चाहती है।
अतः जो व्यक्ति ठेका लेनें के इच्छुक है वह उक्त दिनांक को समय अपरान्ह 2.00 बजे कार्यालय में आकर अपनी बोली बोलकर ठेका प्राप्त कर लें। नीलामी व शर्ते कार्यालय के कार्य दिवस में किसी भी दिन देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

# प्रदेश अध्यक्ष की चेतावनी आबादी में नहीं बनेगा टोल प्लाजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ **एडीएम व एसडीएम तथा सीओ ने पहुंचकर की वार्ता**

**पांच दिनों** से भारतीय किसान यूनियन टिकैत का ग्राम बाहिदपुर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा था। प्रशासन और एनएचएआई के लोग सोते रहे। प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि आबादी क्षेत्र में हम किसी भी हालत में टोल प्लाजा का निर्माण नहीं होने देंगे। चाहे इसका अंजाम कुछ भी हो। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री करुआ सिंह ने कहा कि हम यह पहला टोल प्लाजा देख रहे हैं जो आबादी क्षेत्र में बनाया जा रहा है और प्रशासन भी आंख मूंदकर बैठा हुआ है। हम यह टोल प्लाजा किसी भी सूरत में नहीं बनने देंगे। प्रदेश प्रमुख महासचिव बिजेंद्र सिंह यादव ने कहा की टोल प्लाजा नहीं बनाया जाएगा। यदि टोल प्लाजा प्रशासन की मदद से बनाया जाएगा तो अबकी बार राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत धरना प्रदर्शन में मौजूद होंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। कानपुर मंडल के उपाध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि हम यहां से दूर नहीं रहते हैं हमारे यहां से दूरी लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर है। अगर टोल प्लाजा यहां पर बना तो हमें आने में सिर्फ 2 घंटे लगेंगे और हम उसे टोल प्लाजा को उखाड़ फेकेंगे। कानपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि हम पिछले 5 दिनों से यहां पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। शासन-प्रशासन ने कोई सुद नहीं ली। एनएचएआई के पास यहां पर टोल प्लाजा बनाने के कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं है। जबरदस्ती हम होने नहीं देंगे और टोल प्लाजा किसी भी सूरत में यहां पर बनने नहीं देंगे। जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम किसानों के साथ दिन-रात खड़े हैं। इसी कड़ी में जिला विधिक सलाहकार और प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा यहां का प्रशासन राजनीतिक दबाव में आकर के टोल प्लाजा को 3 किलोमीटर आगे लेकर के आया है। जहां पर लगभग 60 दुकान और दो प्राइमरी स्कूल बने हुए हैं। उसके बावजूद भी यहां की आबादी को शून्य दरसाकर के जबरदस्ती टोल प्लाजा का निर्माण किया जा रहा था। जिसके कारण भारतीय किसान यूनियन को धरना प्रदर्शन करना पड़ा। एडीएम, एसडीएम सदर ने भरे मंच से कहा कि हम यह टोल प्लाजा बिना किसानों की मर्जी से नहीं बनाएंगे। उच्च स्तरीय जांच करने के पश्चात ही टोल प्लाजा का निर्माण होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, पुजारी कटियार, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, पवन मारवाड़ी, सुधीर कटियार, राजू सोमवंशी, अनीश सिंह, विजय कटियार, सुधीर कटियार आदि किसान मौजूद रहे।


महापंचायत को सम्बोधित करते प्रदेश अध्यक्ष

# टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक चार विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद

एजेंसी

**किंग्सटाउन।** अफगानिस्तान के स्पिनर और कप्तान राशिद खान ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। वह पुरुष टी-20 आई में सबसे अधिक बार चार विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए। राशिद ने यह उपलब्धि अर्नोस वेले ग्राउंड पर टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में बांग्लादेश के खिलाफ हासिल की।

वर्तमान में, 25 वर्षीय राशिद के नाम टी-20 आई में नौ बार चार विकेट दर्ज हैं। बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन आठ बार चार विकेट लेने के साथ चार्ट में दूसरे स्थान पर हैं। युगांडा के हेनरी सेन्योंडो सात बार चार विकेट लेने के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में, राशिद ने चार विकेट लिए और अपने चार ओवर के स्पेल में 5.80 की इकॉनमी रेट से 23 रन दिए। उन्होंने सौम्य सरकार, तौहीद हृदय, महमुदुल्लाह और रिशाद हुसैन के विकेट लिए। इस मुकाबले में टॉस जीतने के बाद राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



# इतिहास : अफगानिस्तान ने टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में किया प्रवेश

▶ अफगान टीम की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से बाहर

एजेंसी

**किंग्सटाउन।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए सुपर 8 मुकाबले में बांग्लादेश को 8 रन से हराकर आईसीसी टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अफगानिस्तान की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से बाहर हो गया है।

वर्षा से बाधित मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 115 रन बनाए। अफगानिस्तान की पारी खत्म होने के साथ ही बारिश शुरु हो गई। बारिश रुकने पर मैच शुरु हुआ और दूसरे ही ओवर में फजलहक फारुकी ने तंजीद हसन (00) को आउट कर बांग्लादेश की शुरुआत खराब कर दी। इसके बाद नवीन उल हक ने तीसरे ओवर में 23 के कुल स्कर पर दो लगातार गेंदों पर नजमुल हसन शांतो (05) और शाकिब अल हसन (00)को आउट कर बांग्लादेश को दोहरा झटका दिया। हालांकि इसके बाद फिर से बारिश शुरु हो गई। बारिश रुकने के बाद बांग्लादेश ने संभलकर खेलना शुरु किया और पावरप्ले में 3 विकेट पर 46 रन बना लिए। पावरप्ले के बाद अफगानी कप्तान राशिद खान ने पहले 48 के कुल स्कोर पर सौम्य सरकार (10) और फिर 65 के कुल स्कोर पर तौहीद हृदोय (64), उसके बाद महमुदुल्लह (06) और रिशाद हुसैन (00) को आउट कर अफगानिस्तान को मैच में वापसी दिला दी। 11 ओवर की समाप्ति पर बांग्लादेश ने 80 रन पर 7 विकेट खो दिये। इससे पहले इस रोमांचक मुकाबले में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, उनका फैसला उनके पक्ष में नहीं गया और वे स्कोरबोर्ड में रन जोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे। अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (55 गेंदों पर 43 रन, 3 चौके और 1 छक्का) और इब्राहिम जादरान (29 गेंदों पर 18 रन, 1 चौका) ने पहले विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा आखिरी में कप्तान राशिद खान ने 10 गेंदों पर तेज 19 रन जोड़कर अफगानिस्तान को 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 115 रनों के स्कोर तक पहुंचाया।



### बांग्लादेश को मिला 19 ओवर में 114 रनों का संशोधित लक्ष्य

इसके बाद फिर से बारिश शुरु हो गई और बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। मैच दोबारा शुरु होने पर गुलाबदीन नैब ने 92 के कुल स्कोर पर तंजीम हसन शाकिब को आउट कर बांग्लादेश को आठवां झटका दिया। हालांकि इस दौरान टिककर खेल रहे लिटन दास ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 105 के कुल स्कोर पर नवीन उल हक ने तस्कीन अहमद (02) को बोल्ड कर बांग्लादेश को नौवां झटका दिया। इसके बाद फिर से बारिश शुरु हो गई। बारिश रुकने पर नवीन ने मुस्तफिजुर रहमान को एलबीडब्ल्यू को अफगानिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाते हुए टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। लिटन दास 49 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की बदौलत 54 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान और नवीन उल हक ने 4–4 व फजलहक फारूकी और गुलाबदीन नैब ने 1–1 विकेट लिया। राशिद खान को उनकी शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर भारतीय राजनीति के इतिहास पर लगाया कलंक : जेपी नड्डा

▶ भाजपा ने काला दिवस के रूप में मनाया आपातकाल का दिन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मना रही है। आज भाजपा मुख्यालय में आयोजित लोकतंत्र के काले दिन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगा कर भारतीय राजनीति के इतिहास पर कलंक लगाया है।


कांग्रेस की सोच में उनकी कार्यशैली में प्रजातंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है। जिसने विरोध किया, उसे समाप्त करने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। नड्डा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज भी कांग्रेस जिस तरह से आचरण कर रही है, उससे उनके रौबदार रवैये का पता चलता है। वे लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव सशर्त कराना चाहते हैं। विडंबना यह है कि कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, जहां इंडी गठबंधन सत्तारूढ़ है, वहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद सत्तारूढ़ दल के सदस्यों के पास है। तेलंगाना में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों अपने बनाए हैं। कनार्टक में इनका ही स्पीकर और इनका ही डिप्टी सपीकर है। पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी का ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर है। ये ऐसे लोग हैं, जो दोहरे मापदंड में जीते हैं। यह कांग्रेस पार्टी का पाखंड है, जो बेनकाब हो रहा है।



आज का नौजवान कभी कल्पना भी नहीं कर सकता। उस समय, जिन लोगों ने प्रजातंत्र की रक्षा के लिए अपनी आहुति दी थी, उनके कारण आज प्रजातंत्र मजबूत होकर खड़ा है। आपातकाल के काले दिन के आज 50 साल पूरे हो गए हैं। एक ही रात में 9000 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, छोटे-बड़े किसी भी नेता को नहीं छोड़ा गया और 19 महीने से ज्यादा समय तक जेल में रखा गया था। देश का कोई प्रमुख नेता नहीं बचा था। मोरारजी देसाई, मोहन धारिया, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी ऐसी लंबी श्रृंखला है। इन नेताओं को एक दिन या दो दिन नहीं, बल्कि 19 महीनों से ज्यादा जेल में रहना पड़ा था।

इन नेताओं का कसूर सिर्फ इतना था कि इन्होंने प्रजातंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि 12 जून, 1975 को इलाहाबाद के हाई कोर्ट का फैसला आया और कोर्ट ने अनुचित तरीके से चुनाव लड़ने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर दिया था और उन पर 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। संविधान को बदलकर इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी को बचाने का प्रयास किया। जिसके बाद पूरा देश उद्वेलित हो गया और इस उद्वेलना को रोकने के लिए इंदिरा गांधी ने 25 जून, 1975 की रात को आपातकाल की घोषणा की और हजारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आपातकाल को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत



आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर मंगलवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा उनके साथ हुए प्रताड़ना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा आपातकाल ने देश के लोकतंत्र पर कलंक लगाया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि सभी छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तकों में एक पाठ होना चाहिए कि आपातकाल क्या था और इसे कैसे लगाया गया था? छात्रों को आपातकाल के बारे में जानना चाहिए। यह कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के नेतृत्व में हुआ। इसमें आपातकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा यातना के शिकार बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली आदि राज्यों के बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी वहां पहुंचे थे। आपातकाल को जयप्रकाश नारायण आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। आजादी के बाद इसे लोकतंत्र की दूसरी आजादी का भी नाम दिया गया है।

## नक्सली हमले में बलिदान हुए जवान को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

**कानपुर।** नक्सली हमले में बलिदान हुए कानपुर के सीआरपीएफ जवान शैलेन्द्र कुमार का पार्थिव शरीर मंगलवार को उनके पैतृक गांव नौगवा गौतम पहुंचा। शव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने बलिदानी को नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि दी और पुलिस ने सलामी दी। महराजपुर थाना क्षेत्र के नौगवा गौतम निवासी सीआरपीएफ जवान शैलेन्द्र कुमार रविवार को छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सली हमले में बलिदान हो गये थे। जवान के बलिदान होने की खबर से परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है और ग्रामीणों में भी शोक की लहर है मंगलवार को बलिदानी जवान का पार्थिव शरीर लेकर सीआरपीएफ उसके पैतृक गांव पहुंची और आवास पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने अंतिम दर्शन किये। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को ले जाया गया। इस दौरान सीआरपीएफ की गाड़ी के पीछे सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोग तिरंगे झंडे लेकर चले। थोड़ी ही देर में पूरे राजकीय सम्मान के साथ बलिदानी का अंतिम-संस्कार किया गया और लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ पर कंगना रनौत ने जारी किया इमरजेंसी का पोस्टर




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री सह नेत्री एवं मंडी से सांसद कंगना रनौत ने मंगलवार को आगामी छह सितम्बर को रिलीज होने वाली फिल्म इमरजेंसी के पोस्टर जारी किया। कंगना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया।

उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन भी लिखा , स्वतंत्र भारत के सबसे काले अध्याय के 50वें वर्ष की शुरुआत, 06 सितंबर-2024 को सिनेमाघरों में कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' की घोषणा। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे विवादास्पद प्रकरण की विस्फोटक गाथा, 06 सितम्बर को 'इमरजेंसी' दुनिया भर के सिनेमाघरों में। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि नवनिर्वाचित भाजपा सांसद ने अपनी फिल्म के रिलीज की घोषणा ऐसे समय की है, जब 1975 में आपातकाल लागू होने की 49वीं वर्षगांठ के मौके को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी इंडिया समूह के खिलाफ हथियार के रूप में पेश किया है।

फिल्म की रिलीज की तारीख पहले भी कई मौकों पर टाली जा चुकी है। मई में कंगना ने लोकसभा चुनाव अभियान के कारण अपनी फिल्म की रिलीज को टाला था। इमरजेंसी में कंगना ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है, जिन्हें और उनकी कांग्रेस पार्टी को देश भर में स्वतंत्रता और अधिकारों का दमन करने वाले आपातकाल को लागू करने के लिए दोषी ठहराया गया है।

# गोलीकांड के अपराधी को सरकार दे रही संरक्षण : जयराम ठाकुर

एजेंसी

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सतारूढ़ कांग्रेस सरकार की घेराबंदी की है। उनका कहना है कि प्रदेश में कानून की सरेआम धज्जियां उड़ रही हैं और अपराधियों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने मंगलवार को यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस के शासन में प्रदेश के हालात बिगड़ गए हैं। बीते 17 महीने में 300 से ज्यादा बलात्कार और 150 से अधिक हत्या के मामले सामने आए हैं। अब तो उत्तर प्रदेश और बिहार जैसी सुनी सुनाई घटनाएं हिमाचल प्रदेश में होने लग गई हैं। बिलासपुर में जुडशियल कॉम्प्लेक्स में सामने आई गोलीकांड की घटना से यह साफ हो गया है। इस गोलीकांड में बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक के बेटे की संलिप्तता सामने आई है और वह अभी फरार है। उसे कांग्रेस सरकार का पूर्ण संरक्षण मिला है और इसका प्रमाण इससे दिखता है कि उसकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि बिलासपुर में बच्चा-बच्चा बोल रहा है कि चिट्टे का धंधा कांग्रेस सरकार के संरक्षण में चल रहा है। इस चिट्टे के दौर में इसको रोकने के लिए प्राथमिकता बिल्कुल नहीं दी जा रही है, वह इसलिए क्योंकि इसी सरकार के लोग इस धंधे को चला रहे हैं। मुख्यमंत्री को इसकी पूरी जानकारी है फिर भी कुछ नहीं कर रहे हैं, भाजपा ने तय किया है कि कानून व्यवस्था के गंभीर मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

जयराम ने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा विधायकों की विधानसभा सदस्यता रद्द करने का विधानसभा अध्यक्ष के पास कोई भी अधिकार नहीं है, जब केवल इन सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए थे। वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष ने सभी नियमों और व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ा दी है। विधानसभा अध्यक्ष केवल मुख्यमंत्री की कठपुतली बनके रह गया है, न जाने मुख्यमंत्री ने उनको किस पदों का प्रलोभन दिया है।

## भारतीय गोल्फर अदिति दीक्षा डागर ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ द्वारा जारी योग्य महिलाओं की अंतिम सूची के अनुसार, भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। पिछले हफ्ते केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप के बाद अंतिम रूप से तैयार की गई आईजीएफ की ओलंपिक योग्यता सूची में 60 महिलाएं शामिल हैं। ओडब्ल्यूजीआर में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए पात्र हैं, जिसमें एक देश से अधिकतम चार गोल्फर शामिल हो सकते हैं। अदिति दुनिया की 60वें नंबर की खिलाड़ी हैं और दीक्षा दुनिया की 167वें नंबर की खिलाड़ी हैं, लेकिन उन्होंने क्रमशः 24वें और 40वें नंबर की ओलंपिक रैंक के साथ कट बनाया है। दोनों महिलाएँ शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) के साथ मिलकर चार सदस्यीय भारतीय टीम बनाती हैं पेरिस खेलों के लिए पुरुषों (1-4 अगस्त) और महिलाओं (7-10 अगस्त) की गोल्फ स्पर्धाएँ सेंट-क्वेंटिन-एन-यवेलिन्स में ले गोल्फ नेशनल में आयोजित की जाएँगी।

# अमरनाथ यात्रा से पहले सतर्क रहें सुरक्षा बल

▶ पुलिस महानिरीक्षक ने अफसरों को दिए निर्देश

एजेंसी

**श्रीनगर।** कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क और सक्रिय रहने तथा शनिवार से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के दौरान किसी भी संभावित खतरे का जवाब देने का निर्देश दिया है। कुल 52 दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। जम्मू संभाग में इस महीने की शुरुआत में कई आतंकी हमले की घटनाओं के बाद प्रशासन दोगुना सतर्क है।

श्री बिरदी ने पुलिस नियंत्रण कक्ष कश्मीर के सम्मेलन कक्ष में एक बैठक में एसएएनजेवाई-2024 के शांतिपूर्ण संचालन की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा ग्रिड को और मजबूत करने तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों एवं आतंकवादी सहयोगियों पर क्रियाशील बुद्धि का इस्तेमाल कर जांच करने पर जोर दिया। आईजीपी ने किसी भी संभावित खतरे के लिए समन्वय और समय पर प्रतिक्रिया के महत्व पर जोर देते हुए सभी अधिकारियों से अपने कर्तव्यों में सतर्क तथा सक्रिय रहने का आग्रह किया। बैठक में मध्य कश्मीर रेंज के डीआइजी, उत्तरी कश्मीर रेंज के डीआइजी, दक्षिण कश्मीर रेंज के डीआइजी, कश्मीर जोन के सभी जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसएसपी ट्रैफिक सिटी, एसएसपी ट्रैफिक ग्रामीण, एसएसपी सुरक्षा, एसएसपी एपीसीआर, एसपी टेलीकम्युनिकेशन ने भी भाग लिया। अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आईजीपी को अपने संबंधित जिलों की विशिष्ट आवश्यकताओं और अमरनाथ यात्रा-2024 के सुचारू संचालन के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था सहित सुरक्षा योजना की जानकारी दी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए श्री बिरदी ने सुरक्षा प्रयासों के समन्वय और परिचालन, प्राकृतिक तथा मानव निर्मित आपदाओं से उत्पन्न होने वाली मांगों के प्रबंधन में एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई एसओपी की बारीकी से जांच की। तीर्थयात्रियों की सुरक्षित आवाजाही को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए श्री बिरदी ने रोड ओपनिंग पार्टियों की तैनाती और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की, राजमार्गों पर सतर्क गश्त तथा निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को रात के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मजबूत रात्रि नियंत्रण सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। आईजीपी ने वाहनों के साथ-साथ पैदल यात्रा के लिए कार्यक्रम और कटऑफ समय की भी समीक्षा की।



## खबरें एक नजर में

### संघ प्रमुख भागवत 30 जून को काशी के प्रवास पर

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 30 जून को वाराणसी पहुंचेंगे और सिगरा स्थित प्रांत कार्यालय में प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रांत कार्यालय में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन संघ प्रमुख गाजीपुर के लिए सड़क मार्ग से कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना होंगे। गाजीपुर में डॉ. भागवत एक सार्वजनिक कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद पर अधारित पुस्तक का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद हथिया राम मठ में दर्शन पूजन के लिए रवाना होंगे। मठ से संघ प्रमुख विंध्याचल महुआरी कला स्थित देवरहा बाबा हंस आश्रम जाएंगे। यहां आश्रम के पीठाधीश्वर से मिलने के बाद परिसर स्थित ब्रह्मऋर्षि देवरहा बाबा गीता मानस मंदिर में दर्शन पूजन के बाद रवाना होंगे। संघ प्रमुख के आने का संकेत मिलते ही क्षेत्र एवं प्रांत प्रचारक समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं।

### कोलकाता में महिला स्पेशल बसों का परिचालन शुरु

**कोलकाता।** महिलाओं की सुविधा हेतु पश्चिम बंगाल सरकार ने महिला स्पेशल बसों की शुरुआत की है। मंगलवार को हावड़ा बस स्टैंड से परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने प्रायोगिक तौर पर लेडीज स्पेशल बस का शुभारंभ किया। इस बस के शुरु होने से महिलाओं में खुशी देखी गई। प्रदेश में पहली बार महिला स्पेशल बस शुरू की गई है। इस बस में केवल महिला यात्री ही सवार हो सकती हैं। यह विशेष बस हर सुबह 9 :30 बजे हावड़ा बस डीपो से रवाना होगी। उद्घाटन के मौके पर परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि यह बस प्रतिदिन हावड़ा बस स्टैंड से कोलकाता के बालीगंज तक जायेगी। यह बस पार्क स्ट्रीट, एल्गिन रोड, रासबिहारी होते हुए बालीगंज पहुंचेगी। इस बस का ड्राइवर पुरुष होगा, लेकिन कंडक्टर महिला होगी। फिलहाल हावड़ा से प्रायोगिक तौर पर एक बस का परिचालन शुरु किया गया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि भविष्य में यात्रियों की संख्या के हिसाब से बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यह विशेष बस प्रतिदिन शाम 5 :30 बजे बालीगंज से हावड़ा के लिए रवाना होगी।

### संविधान की प्रतियां लेकर विरोध जताने की आलोचना

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक में हावेरी से सांसद एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने मंगलवार को कांग्रेस के संविधान की प्रतियां लेकर संसद में विरोध जताने की तीखी आलोचना की। श्री बोम्मई ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि 50 साल पहले इसी कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को सीमित किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाना भारतीय लोकतंत्र में एक काला अध्याय था।

### भारती एयरटेल फाउंडेशन ने लॉन्च किया डिजाइन-ए-थॉन चैलेंज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारती एंटरप्राइजेज की सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन, शिक्षा को बेहतर बनाने और युवाओं को सशक्त बनाने के प्रति लंबे समय से प्रतिबद्ध है। सत्य भारती स्कूल और क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से, फाउंडेशन ने विशेष रूप से ग्रामीण भारत में 30 लाख से अधिक बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। डिज़ाइन–ए–थॉन चैलेंज जैसी पहल के माध्यम से, फाउंडेशन नए शैक्षिक उपायों को बढ़ावा देता है जो युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करता है और उन्हें आगे बढ़ने में मदद करता है। भारत एयरटेल फाउंडेशन ने हाल ही में एरिना एनिमेशन के साथ मिलकर डिजाइन–ए–थॉन चैलेंज लॉन्च किया है। यह उभरते हुए डिजाइनरों के लिए देश के विकास में योगदान करने का एक बेहतरीन मंच है। वे द टीचर एप के जरिए इसमें हिस्सा ले सकते हैं और शिक्षकों के लिए विभिन्न सेल्फ स्टडी मॉड्यूल के लिए अपने डिजाइन का योगदान दे सकते हैं। लॉन्च के दौरान, भारती एयरटेल फाउंडेशन की सीईओ, ममता सैकिया ने कहा, द टीचर एप के माध्यम से, हम डिज़ाइन–ए–थॉन चैलेंज का नया विचार पेश कर रहे हैं जो शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह चैलेंज अगली पीढ़ी के डिजाइनरों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा, साथ ही एप के लिए नए और अनूठे डिज़ाइन तैयार करके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देगा। यह हमारे शिक्षा प्रणाली में नए प्रयोगों को प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ पूरी तरह मेल खाता है और हम प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले रचनात्मक समाधानों की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### पांच करोड़ की ठगी करने वाले दो साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पटना पुलिस ने पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी की पहचान पश्चिमी चंपारण जौकटिया निवासी नेस्ताक आलम और पूर्वी चंपारण नौरंगिया निवासी ईशा कुमारी के रूप में हुई है। ईशा बीकॉम में पढ़ती है, जबकि नेस्ताक छठी क्लास फेल है । दोनों आरोपी को पटना जिले के कदम कुआं थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी देते साइबर थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने मंगलवार को बताया है कि साइबर ठगी से जुड़ा एक केस बीते 3 नवंबर 2023 को दर्ज किया गया था।

# रक्षा मंत्रालय, स्पेसपिक्सेल ने लघु उपग्रह विकसित करने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** रक्षा मंत्रालय की एक प्रमुख पहल पर रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवाचार योजना (आईडीईएक्स) के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में स्पेसपिक्सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। आईडीईएक्स ने यह अनुबंध 150 किलोग्राम वजन के इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड, सिंथेटिक एपर्चर रडार और हाइपरस्पेक्ट्रल पेलोड ले जाने में सक्षम छोटे उपग्रह के डिजाइन और विकास के लिए किया गया है।

रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने और मंत्रालय के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में अतिरिक्त सचिव (रक्षा उत्पादन) एवं डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन (डीआईओ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग बाजपेयी तथा स्पेसपिक्सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं सीईओ अवैस अहमद नदीम अल्दुरी के बीच अनुबंध का आदान-प्रदान किया गया।




रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि रक्षा सचिव ने अपने संबोधन में प्रौद्योगिकी की सीमाओं को आगे बढ़ाने और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए नए रक्षा नवप्रवर्तकों की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। नवाचार के साथ स्वदेशीकरण के संयोजन के महत्व पर जोर देते हुए श्री अरमाने ने कहा है कि घरेलू क्षमताएं प्रयोग और विकास के लिए एक मंच प्रदान करके नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक आधार प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि नवाचार घरेलू स्तर पर उत्पादित की जा सकने वाली नई प्रौद्योगिकियों और समाधानों के निर्माण को बढ़ावा देकर स्वदेशीकरण को बढ़ावा देता है। उन्होंने हर कदम पर नवप्रवर्तकों को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। स्पेसपिक्सल विस्तृत पृथ्वी अवलोकन डेटा प्रदान करने के लिए उच्च-रिज़ॉल्यूशन हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग उपग्रहों के निर्माण और लॉन्च करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। यह आईडीईएक्स का 350वां अनुबंध है। यह अनुबंध अंतरिक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स में नवाचार को सक्षम बनाता है जिसमें पहले समर्पित बड़े उपग्रहों पर तैनात कई पेलोड को अब छोटा किया जा रहा है।

## फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान भाइचुंग भोटिया ने चुनावी राजनीति से लिया संन्यास

**गंगटोक।** सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) पार्टी के नेता भाइचुंग भोटिया ने मंगलवार को आखिरकार चुनावी राजनीति से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सभी तरह की चुनावी राजनीति छोड़ने का ऐलान करते हुए कहा है कि चुनावी राजनीति उनके लिए नहीं है। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान भोटिया ने आज एक प्रेस बयान जारी कर चुनावी राजनीति छोड़ने की घोषणा की है। उन्होंने 2024 विधानसभा चुनाव जीतने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि सिक्किम के लोगों ने एसकेएम को शानदार जनमत दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एसकेएम सरकार अपने वादों को पूरा करेगी और सिक्किम को सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। भोटिया ने कहा, 2024 के चुनाव नतीजों के बाद मुझे एहसास हुआ है कि चुनावी राजनीति मेरे लिए नहीं है। इसलिए, मैं तत्काल प्रभाव से सभी प्रकार की चुनावी राजनीति छोड़ रहा हूं।

# चेन्नईयिन एफसी ने गोलकीपर नवाज के साथ किया दो साल का करार

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने आगामी 2024-25 सत्र से पहले युवा मणिपुरी गोलकीपर मोहम्मद नवाज के साथ दो साल का करार किया है। एआईएफएफ एलीट अकादमी से निकले नवाज पहले मुंबई सिटी एफसी और एफसी गोवा का हिस्सा थे। उन्होंने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारतीय फुटबॉल में सबसे प्रतिभाशाली गोलकीपरों में से एक के रूप में ख्याति अर्जित की है।

नवाज का आना चेन्नईयिन टीम में अन्य गोलकीपर समिक मित्रा और प्रतीक कुमार सिंह के साथ एक रोमांचक जुड़ाव है। 24 वर्षीय नवाज युवा ऊर्जा और असाधारण क्षमता लेकर आए हैं और उनसे आगामी सीज़न में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की उम्मीद है। नवाज ने अपने पेशेवर करियर में अब तक 83 मैच खेले हैं, जिसमें 23 क्लीन शीट हासिल की हैं। 65 आईएसएल मैचों में, उन्होंने 15 क्लीन शीट और 150 सेव दर्ज किए हैं। उन्होंने आईएसएल में तीन पेनल्टी भी बचाई हैं।

नवाज ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 18 साल की उम्र में आई-लीग सेकंड डिवीजन में एफसी गोवा की रिजर्व टीम के साथ की थी, जहाँ उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें मुख्य टीम में जगह दिलाई। वह 2019 और 2020 में एफसी गोवा के सुपर कप और आईएसएल लीग शील्ड जीतने वाले अभियानों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी थे। इसके बाद, वह 2021 में मुंबई सिटी एफसी में चले गए, जिसके साथ उन्होंने 2023 में लीग शील्ड के साथ-साथ इस साल की शुरुआत में आईएसएल खिताब जीता। उन्होंने अंडर-17 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है।